लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 15, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 25.0° अधिकतम तापमान, 15.0° न्यूनतम तापमान — आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा — सूर्योदय 06:30, सूर्यास्त 18:11

हल्द्वानी, रविवार, 3 मार्च 2024

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर : आकांशा रंजन.....13

एक नजर

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कार्यकाल बढ़ाया

देहरादून, अमृत विचार : उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कार्यकाल आगामी 30 सितंबर तक छह माह के लिए बढ़ा दिया गया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी प्रदेश की पहली महिला मुख्य सचिव हैं। हाल ही में उन्होंने मुख्य सचिव पद की कमान संभाली थी। राधा रतूड़ी अपर मुख्य सचिव पद पर थीं। वह मुख्यमंत्री धामी के भरोसेमंद अफसरों में मानी जाती हैं। रतूड़ी के पति अनिल कुमार रतूड़ी पुलिस महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हैं। वह प्रदेश के पहले नौकरशाह दंपत्ति हैं, जिन्हें पुलिस और प्रशासन के सबसे बड़े ओहदे की कमान संभालने का मौका मिला है।

सत्येन्द्र जैन के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने धन शोधन मामले के आरोपी सुकेश चन्द्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जैन पर चन्द्रशेखर से 'संरक्षण देने के बदले में शुल्क' के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे। केजरीवाल सरकार में पूर्व गृह मंत्री जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2022 में धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था।

धनशोधन जांच के तहत चेन्नई में ईडी का छापा

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हड़पने और नौकरशाही नियुक्तियों में रिश्वत लेने के मामले में धनशोधन जांच के तहत शनिवार को चेन्नई में राजनीतिक रूप से जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ छापे मारे। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने कहा कि छापेमारी देर शाम शुरू की गई और चेन्नई में लगभग आठ से नौ परिसरों को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत कवर किया जा रहा है।

जयंत सिन्हा, गौतम गंभीर नहीं लड़ेंगे लोस चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्टी अध्यक्ष नड्डा के नाम पोस्ट में अपनी इच्छा जताई

हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है। इसी के साथ वे आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वालों में शामिल हो गए हैं। पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने भी पार्टी अध्यक्ष से राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है।

जयंत सिन्हा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखेंगे। कहा जा रहा है कि भाजपा कई नए नेताओं को टिकट देने पर विचार कर रही है और कुछ अन्य मौजूदा सांसदों ने भी पार्टी से कहा है कि वे अन्य संगठनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहेंगे। सिन्हा ने कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केंद्रित करना चाहते हैं। सांसद गौतम गंभीर का कहना है कि वह क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

देश में होंगे प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव : निर्वाचन आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा जल्द घोषित होंगे चुनाव कार्यक्रम

प्रेसवार्ता में सीईसी राजीव कुमार और ईसी अरुण गोयल।

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि देश में प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित डीएम व एसपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने व राजनीतिक दलों की ओर से दर्ज की गई शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। सोशल मीडिया पर लोगों को अपने बात रखने की पूरी स्वतंत्रता होगी, लेकिन फर्जी खबर पर आईटी एक्ट व आईपीसी की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी व सहभागितापूर्ण चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी इसके प्रति सजग व तत्पर रहें। प्रेस कान्फ्रेंस में चुनाव आयुक्त (ईसी) अरुण गोयल, मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा भी मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय-अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतें

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनबल व अन्य प्रलोभनों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट व चार्टर प्लेन की सघन तलाशी की जाएगी। बैंकों में शाम के वक्त नकदी के जमा होने पर भी सतर्क नजर रखी जाएगी।

डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे प्रत्याशी: मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि प्रत्याशी डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे।

भाजपा ने जारी की 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची, यूपी से 51 नामों की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी, राजनाथ लखनऊ और अमित शाह गांधी नगर से ही लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 28 महिला प्रत्याशी, 34 केंद्रीय मंत्रियों को भी मिला टिकट

उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा के दौरान भाजपा नेता बैजयंत जय पांडा, विनोद तावड़े और अनिल बलूनी।

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इनमें 51 नाम यूपी से हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से, गृहमंत्री अमित शाह गांधीनगर से तो लखनऊ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फिर किस्मत आजमाएंगे। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर निर्णय हुआ। 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री इस सूची में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का भी नाम है। दो पूर्व मुख्यमंत्री का भी नाम शामिल है। इस सूची में 28 महिलाएं हैं। अनुसूचित जाति के 27 और अनुसूचित जनजाति 18 और पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार हैं।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी। हेमामालिनी को एक बार फिर मथुरा से उम्मीदवार बनाया गया है।

भाजपा ने जिन अन्य केंद्रीय मंत्रियों की उम्मीदवारी की घोषणा की है, उनमें पुरुषोत्तम रुपाला (राजकोट), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), देवुसिंह चौहान (खेड़ा), अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर), गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर) कैलाश चौधरी (बाड़मेर), जितेंद्र सिंह (उधमपुर), अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा), अर्जुन मुंडा (खूंटी), वी मुरलीधरन (अट्टिंगल), वीरेंद्र खटीक (टीकमगढ़), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), जी किशन रेड्डी (सिकंदराबाद), सत्यपाल सिंह बघेल (आगरा), अजय मिश्रा 'टेनी' (खीरी), कौशल किशोर (मोहनलालगंज), भानु प्रताप वर्मा (जालौन), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पंकज चौधरी (महाराजगंज), निसिथ प्रामाणिक (कूचबिहार), शांतनु ठाकुर (बनगांव) और सुभाष सरकार (बांकुड़ा) के नाम शामिल हैं। इस सूची में दो पूर्व मंत्रियों के भी नाम हैं।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे, जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की जगह पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने नई दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे।

उत्तराखंड से इन तीन प्रत्याशियों के नाम

अजय भट्ट — माला राज्यलक्ष्मी — अजय टम्टा

भाजपा ने पहली सूची में टिहरी गढ़वाल, नैनीताल और अल्मोड़ा लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किए हैं। टिहरी गढ़वाल सीट से माला राज्यलक्ष्मी शाह, नैनीताल सीट से अजय भट्ट और अल्मोड़ा सीट से अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया गया है।

नरेंद्र मोदी — राजनाथ सिंह — अमित शाह — स्मृति ईरानी — हेमा मालिनी

राम शंकर — सुब्रत पाठक — साक्षी महाराज — आरके पटेल — मुकेश राजपूत

मैराथन बैठक में नामों पर हुआ था मंथन

पिछले दिनों भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर मैराथन मंथन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी भी इस बैठक में शरीक हुए थे। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, शाह, संगठन महासचिव बीएल संतोष ने विभिन्न राज्यों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर उम्मीदवारों के नामों पर विमर्श किया था। अभी तक लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पार्टी ने इससे पहले ही उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पिछले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा ने यही रणनीति अपनाई थी और बहुत हद तक यह कारगर भी रही थी।

बागजाला: वनभूमि पर अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

बागजाला में वन भूमि पर बने मकान को ध्वस्त करता बुलडोजर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : वन विभाग की जेसीबी ने बागजाला में वन भूमि पर बन रहे आठ निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। वन विभाग ने करीब पौन हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमणमुक्त करा अपने कब्जे में ले लिया है। इन आठों अतिक्रणमकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज के अंतर्गत बागजाला में वन भूमि पर अतिक्रमण हैं। इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए वन विभाग, प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। शनिवार को गौला एसडीओ अनिल जोशी, एसडीएम परितोष वर्मा, एएसपी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व वन, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम बागजाला पहुंची। टीम ने सबसे पहले कुंवरपुर बीट के अंतर्गत जोश्याड़ी बूबू मंदिर पहुंची। यहां अवैध ढंग से प्लॉटिंग कर वन भूमि की चौहद्दी कर दी गई थी।

> तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज के अंतर्गत बागजाला में वन भूमि से आठ निर्माणों को ध्वस्त कर पौन हेक्टेयर भूमि कब्जे में ली है। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।
> **-अनिल जोशी,** उप प्रभागीय वनाधिकारी, गौला, तराई पूर्वी वन डिवीजन

जेसीबी ने सबसे पहले चौहद्दी ध्वस्त की और प्लॉट की खुदाई कर दी। इसके बाद एक के बाद एक ताबड़तोड़ सात निर्माणाधीन भवनों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। इस तरह पौन हेक्टेयर से अधिक भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। वन विभाग ने इस भूमि पर अपना कब्जा ले लिया है।

वन विभाग आठों अतिक्रमणकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने जा रहा है। इस दौरान तराई केंद्रीय, तराई पूर्वी वन डिवीजन और कालाढूंगी, काठगोदाम, गूलरभोज, भवाली, लालकुआं थाने की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

प्रेमी के साथ रहने के लिए रची थी गुलदार वाली कहानी

जिस युवती को जंगल में खोज रही थी पुलिस, होटल में मिली

नैनीताल कार्यालय

- युवक के दूसरे समुदाय का होने के कारण लोगों ने किया हंगामा
- लगाया युवती को बहलाने-फुसलाने का आरोप

अमृत विचारः शुक्रवार देर शाम से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता पंगोट के बगड़तल्ला तोक तोला निवासी 22 वर्षीय युवती के मामले में शनिवार को नया मोड़ आ गया। गुलदार द्वारा उठाए ले जाने की आशंका पर जहां उसे जंगल में ढूंढ़ा जा रहा था, वहीं वह एक विशेष समुदाय के युवक के साथ नैनीताल के होटल में मिली। सर्विलांस की मदद से बरामद युवक-युवती को कोतवाली में काउंसलिंग के बाद एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम को घर से गायब हुई युवती ने खुद ही अपने को गुलदार द्वारा ले जाने की कहानी रची थी। सबको लगे कि उसे गुलदार ले गया है और वह आराम से युवक के साथ रह सके। इसके लिए उसने अपने कपड़ों को जंगल में फेंक दिया और मोबाइल का कवर भी रास्ते में फेंक दिया। जंगल में उसने थोड़े से खून के धब्बे भी छोड़ दिए थे। इसके बाद वह युवक के साथ नैनीताल होटल में रहने के लिए आ गई। युवती ने बताया कि वह पांच साल से लड़के को जानती है। उधर, घटना की सूचना के बाद बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंचकर हिंदुवादी संगठनों ने लव जिहाद के मामले को लेकर हंगामा भी किया।

कोटाबाग के ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल ने कहा कि विशेष समुदाय के युवक द्वारा युवती को बहलाया-फुसलाया गया है। इसमें कई लोग शामिल हो सकते हैं। इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए। ये लोग धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्रों में भी घुसने लगे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का शांति प्रिय वातावरण खराब हो रहा है। वहीं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी ने कहा कि पहाड़ में भी लव जिहाद का मामले आने लगे हैं, जो काफी चिंताजनक है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

आईआईटी रुड़की के दो छात्रों की सड़क दुर्घटना में मौत

ब्यूरो, हरिद्वार

अमृत विचारः आईआईटी रुड़की के दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह साढ़े 4 बजे के करीब थाना कलियर क्षेत्र में कांवड़ पटरी धनोरी में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों पीएचडी के छात्र थे। मृतकों की पहचान शशि गौरव (33) पुत्र शशि भूषण सिन्हा निवासी बिहार व कमलेश मीणा (34) पुत्र बाबू लाल मीणा राजस्थान के रूप में हुई।

झारखंड में स्पेन की महिला से गैंगरेप, 3 गिरफ्तार

दुमका, एजेंसी

- दुमका जिले में एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम के दौरान दिया वारदात को अंजाम

झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी की तलाश की जा रही है। घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है।

यह घटना राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई, जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था। यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हंसडीहा पुलिस गश्ती दल को सड़क किनारे दो लोग मिले। गश्ती दल ने यह भांप लिया कि उनके साथ कुछ हुआ है। चूंकि वे स्पेनिश भाषा बोल रहे थे तो पुलिस समझ नहीं पाई कि वे क्या कह रहे हैं। पुलिसकर्मी उन्हें यह मानकर एक स्थानीय अस्पताल लेकर गए कि उन्हें कुछ इलाज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्पेनिश युगल ने डॉक्टरों को यौन शोषण की घटना के बारे में बताया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने पीड़िता से बात की। इसके बार हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। हमने एक दल गठित किया है और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। दुमका के सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि करीब 28 साल की महिला और उसके 64 वर्षीय पति का इलाज दुमका के अस्पताल में किया जा रहा था।

सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो पोस्ट करने पर खरगे-जयराम को कानूनी नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- नोटिस में गडकरी का आरोप, दोनों नेताओं ने की मानहानि

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव जयराम रमेश को कानूनी नोटिस भेजा है। गडकरी का कहना है कि दोनों ने उनके बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुमराह करने और मानहानि करने वाली खबरें साझा की हैं।

दरअसल, कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा था कि मोदी सरकार के मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि आज किसान को फसल का दाम नहीं मिल रहा है। गडकरी के वकील बालेंदु शेखर ने कहा कि उनके मुवक्किल एक्स पर अपने बारे में कांग्रेस की ओर से शेयर किए गए कंटेंट देख-सुन कर हैरान हैं। उनके वकील ने कहा कि खरगे और रमेश ने एक वेब पोर्टल पर प्रसारित गडकरी के इंटरव्यू के एक टुकड़े को जान-बूझकर पोस्ट किया। कोविड-19 से जुड़े इस वीडियो क्लिप को बगैर संदर्भ और शब्दों के मायने के शेयर किया गया।

कानूनी नोटिस भेजे जाने पर कांग्रेस ने कहा कि उसने कुछ गलत नहीं किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उस कानूनी नोटिस को मैंने भी पढ़ा है, उसका हम सही जवाब देंगे। हमने कोई गलती नहीं की है। उन्हीं के बयान, उन्हीं का वक्तव्य, उन्हीं के शब्दों का इस्तेमाल किया है। क्यों परेशान हैं, मैं समझ नहीं सकता।

दिल्ली में 14 मार्च को महापंचायत, 400 किसान संघ लेंगे भाग

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शनिवार को कहा कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 14 मार्च को दिल्ली में 'किसान महापंचायत' में 400 से अधिक किसान संघ भाग लेंगे। एसकेएम ने संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा को एक प्रस्ताव भेजा है। वहीं, किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी रखेंगे। एसकेएम में शामिल 37 किसान संघों ने शनिवार को एक बैठक की।

अल्ट्रा वायलेट किरणें मारेंगी गंदे पानी का बैक्टीरिया

गोपाल सिंह, लखनऊ

- यूपी का पहला एसटीपी: कनाडा-फ्रांस की मशीनें बदबू तक बाहर नहीं निकलने देंगी

अमृत विचारः भले ही यह शुरुआत हो लेकिन गंदे पानी को निर्मल और बैक्टीरियामुक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार की यह पहल आगामी दिनों में मील का पत्थर साबित होने वाली है। इसमें नई तकनीक का सहारा लेकर गंदे पानी के बैक्टीरिया को खत्म किया जाएगा।

कनाडा से आने वाली मशीन से उत्पन्न होने वाली 'अल्ट्रा वायलेट किरणें' लखनऊ की जीवनदायनी गोमती नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी को स्वच्छता प्रदान करेगी। इसके लिए 297 करोड़ रुपये की लागत से जियामऊ में हैदर कैनाल एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तैयार किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन 120 करोड़ लीटर नाले के गंदे पानी को बैक्टीरियामुक्त किया जाएगा। एसटीपी का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। इसी महीने के अंत तक मशीन आ जाएगी। एसटीपी अगले दो माह में शुरू हो जाएगी। इससे गोमती का पानी साफ होगा। गाद न होने से नदी का जलस्तर भी बढ़ेगा।

सार-संक्षेप

कैंची धाम पहुंचे बॉलीवुड गायक जुबिन नौटियाल

प्रदीप शाह के साथ जुबिन नौटियाल।

नैनीताल : बॉलीवुड के जाने-माने गायक जुबिन नौटियाल इन दिनों बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। जुबिन ने इस दौरान करीब एक घंटे से अधिक मंदिर परिसर में समय गुजारा। उन्होंने मंदिर परिसर में अवध में राम आए हैं भजन गाया। जिसे मंदिर समिति के लोगों के साथ-साथ वहां पहुंचे भक्तों ने खूब पसंद किया। अचानक मंदिर परिसर में जुबिन को देखकर उनके प्रशंसकों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ फोटो खिंचाई। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रदीप साह ने बताया कि जुबिन नौटियाल ने पहली बार बाबा के दर्शन किए। वो करीब एक घंटा मंदिर परिसर में रहे। इस दौरान उन्होंने बाबा से प्रार्थना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही बाबा की शिला के पास बैठकर ध्यान भी लगाया।

सैनिक अस्पताल के विशेषज्ञ 10 को करेंगे स्वास्थ्य परीक्षण में

भीमताल : सैनिक अस्पताल रानीखेत के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम 10 मार्च को लीलावती पंत इंटर कॉलेज में मौजूद रहेगी और स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। मामले की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक लीग भीमताल के सदस्य घनश्याम सिंह खड़का ने भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सैनिक आश्रितों से सुबह 10 बजे सुविधा का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

जौंस स्टेट में तेंदुए की धमक से जनता भयभीत

भीमताल : वार्ड संख्या छह के अन्तर्गत जौंस स्टेट में एक बार फिर तेंदुए ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। स्थानीय निवासी प्रेम सिंह ने बताया कि तेंदुआ पूरी रात क्षेत्र में मौजूद था। बताया कि तेंदुआ रात ढाई बजे आबादी क्षेत्र में देखा गया। वहीं जौंस स्टेट से नीचे लगे क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों ने बताया कि तेंदुए की आवाज पूरी रात सुनाई दी। स्थानीय जनता ने वन विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है।

नौ को जिले भर में होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

नैनीताल : 9 मार्च को जिलेभर के न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार ने बताया 9 मार्च को नैनीताल जिला न्यायालय, हल्द्वानी और रामनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल मामलें, बैंक लोन रिकवरी के मामले, बीमा संबंधित, मोटर दुर्घटना संबंधित, पारिवारिक वैवाहिक विवाद, चैक वाउन्स के मामलें, श्रम संबंधित विवाद, राजस्व संबंधित विवाद, बिजली पानी संबंधित विवाद, मोटर वाहन चालान और शमनीय प्रकृति के अपराधिक मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। बताया कि अब तक कुल 4200 मामलों को लोक अदालत के लिए नियत किया जा चुका है। साथ ही यह अदालत प्रत्येक तीन माह में आयोजित की जाती है।

पालिका ने पहली बार जारी किया अपना लोगो



नैनीताल : अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद के प्रयासों से पालिका ने पहली बार अपना नया लोगो शनिवार को जारी कर दिया है। लोगो में नैनी झील के साथ पालिका भवन को भी दर्शाया गया है। नगरपालिका की एक अलग पहचान के लिए नगरपालिका नैनीताल की ओर से पहली बार यह लोगो जारी किया गया है। जो पालिका से संबंधित सभी जगहों पर लगाया जाएगा। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि लोगो से पालिका को अलग पहचान मिलेगी।

कार का शीशा तोड़कर नगदी व मोबाइल चुराया

हल्द्वानी : खानचंद मार्केट स्थित एक होटल के पास खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोर ने नगदी और मोबाइल पार कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शंकरपुर रोड सहसपुर देहरादून निवासी अतिन कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी कार खान चंद्र मार्केट में ओम होटल के पास खड़ी की थी। किसी चोर कार में रखी दो हजार रुपये की नगदी और उसके चालक अनिल तिवारी का मोबाइल चुरा लिया। पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दीहै।

बारिश से लुढ़का पारा, तेज हवाओं से ठंड का एहसास

मैदान से लेकर पहाड़ तक झमाझम बारिश, हल्द्वानी में 3 मिमी बारिश रिकॉर्ड, आज भी बारिश और बर्फबारी होने की संभावना

मौसम का मिजाज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से उत्तराखंड में मौसम परिवर्तन हो गया। शनिवार को नैनीताल जिले में कई हिस्सों में रिमझिम बारिश हुई जिस वजह से तापमान में गिरावट आ गई। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश होने के आसार हैं। हल्द्वानी में शुक्रवार की रात से ही मौसम में परिवर्तन शुरू हो गया था। मध्य रात्रि में तेज हवाएं चल रही थीं. शनिवार तड़के से रिमझिम बारिश शुरू हो गई। देर सुबह तक बारिश होती रही। कुछ देर के लिए बारिश रुकी उसके बाद अपराह्न में फिर से बारिश शुरू हो गई।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के जारी बुलेटिन के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ रविवार को भी सक्रिय रहेगा। बारिश होने के आसार हैं। साथ ही पहाड़ों में बर्फबारी भी हो सकती है। सोमवार से मौसम साफ़ हो जाएगा। शनिवार को हल्द्वानी का पारा 20.2 डिग्री दर्ज किया जो सामान्य से 6 डिग्री कम है. हल्द्वानी में करीब 3 मिमी बारिश हुयी।

2500 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की सम्भावना: मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथोरागढ़ जनपदों में अधिकांश स्थानों पर तथा टिहरी, देहरादून, पौड़ी एवं हरिद्वार जनपदों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है, तथा शेष जिले में कुछ स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा गर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। राज्य के 2500 मीटर व उससे अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है। राज्य के टिहरी, पौड़ी, देहरादून, अल्मोड़ा, चम्पावत, हरिद्वार, नैनीताल एवं उधम सिंह नगर जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है।

हल्द्वानी में बारिश से ठंडा हुआ मौसम। ● अमृत विचार

नैनीताल में बारिश के बीच चहलकदमी करते पर्यटक। ● अमृत विचार

बारिश के चलते घंटों गुल रही बिजली आपूर्ति

हल्द्वानी : शहर में हुई शनिवार को बारिश के चलते शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। आपूर्ति बाधित होने के चलते बिजली उपभोक्ताओं के सामने समस्या गहरा गई। इसमें मुखानी, कटघरिया, गौलापार, रामपुर रोड, समता आश्रम गली समेत अन्य इलाकों में करीब 3 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति ठप रही है। हवा और बारिश के चलते ऊर्जा निगम ने एतिहातन शटडाउन कर दिया था जिसके चलते कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली कटौती के चलते आम उपभोक्ताओं के सामने संकट छाया रहा कटौती के चलते लोगों के रोजमर्रा के कार्य बाधित हुए जबकि कई क्षेत्रों में सुबह हुई घंटे बिजली कटौती के चलते पानी की मोटर भी नहीं संचालित हो पाई जिसके चलते पानी का संकट भी छाया रहा। इधर ईई डीडी पांगती ने बताया कि बारिश के चलते कुछ हिस्सों में समस्या बनी रही जिसे ठीक करने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू कर दी गई।

नैनीताल में दिनभर हुई झमाझम बारिश

नैनीताल : नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्र में शनिवार सुबह से तेज बारिश हुई। इससे तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई हालांकि दोपहर बाद मौसम सामान्य हुआ और दिन में धूप खिलने से मौसम सुहावना हो गया। इसका स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों ने लुत्फ उठाया। वहीं शाम होते-होते मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और नैनीताल में तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों ने ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों की जमकर खरीदारी की तो वहीं अधिकांश पर्यटक शाम तक चाय के ठेलों में चुस्की लेते नजर आए।

किसानों में खुशी व मायूसी

कालाढूंगी : क्षेत्र में बीते रात से रुक रुककर हो रही झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। कालाढूंगी, कोटाबाग, चकलुवा व बैलपड़ाव क्षेत्र में गेहूं, प्याज, लहुसन व धनिये की अच्छी पैदावार होती है। किसानों की मानें तो फसल के लिए बारिश वरदान साबित होती है, पर बारिश के साथ हवा चलने से किसानों की गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। लगातार बारिश जारी है जिससे किसानों के चेहरे में बारिश को लेकर खुशी व मायूसी भी है। बारिश से ठंड भी बढ़ गई है।

अल्मोड़ा में बारिश से कड़ाके की ठंड, तापमान भी गिरा

अल्मोड़ा : जनपद में बारिश से एकाएक मौसम का मिजाज बदल गया है। शुक्रवार की रात से शुरू हुई बारिश शनिवार को भी दिनभर रूक-रूक होती रही। बारिश और तेज हवाओं से जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। ठंड से बचने के लिए जगह-जगह अलाव, गर्म कपड़ों और इलेक्ट्रानिक उपकरणों का सहारा लिया जा रहा है। बारिश के कारण बाजार में भी सुनसानी छाई रही। जिससे व्यापारियों के चेहरे पर निराशा दिखाई दी। जिले के ऊंचाई वाले इलाकों बिनसर, दूनागिरि, मानिला, कसारदेवी, वृद्ध जागेश्वर, शौकियाथल में तापमान काफी गिर गया है। शनिवार को अल्मोड़ा का अधिकतम तापमान 14 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

ज्योति को रौंदने वाला कार चालक गिरफ्तार

हल्द्वानी : ज्योति नाम की महिला को कार से रौंदने के बाद फरार चालक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बता दें कि बीती 25 फरवरी की रात ज्योति (28 वर्ष) घर से बच्चे के लिए दूध लेने निकली थी। शीशमहल के पास तेज रफ्तार कार ने ज्योति को कुचल दिया।

मामले में बीते शनिवार को काठगोदाम पुलिस ने भनौली दन्या अल्मोड़ा निवासी उमेश बिष्ट को गिरफ्तार कर उसकी कार भी कब्जे में ली। ज्योति के पिता साहब सिंह ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से कार का नंबर ट्रेस कर तलाश शुरू की। पता चला कि हादसे के बाद से ही आरोपी हल्द्वानी में ही अपने एक परिचित के घर छिपा हुआ था। आरोपी ने बताया कि 25 फरवरी को वह दन्या से हल्द्वानी पहुंचा था। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

बार एसोसिएशन चुनाव : 26 प्रत्याशियों ने ठोकी दावेदारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी बार एसोसिएशन के चुनाव में पहले दिन 14 पदों पर 26 अधिवक्ताओं ने अपनी दावेदारी पेश की। तीन मार्च को भी नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे और सात मार्च को मतदान व मतगणना की जाएगी।

बार एसोसिएशन के सचिव विनीत परिहार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 32 नामांकन पत्रों का वितरण किया गया। इसी बीच बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता गोविंद सिंह बिष्ट ने एक बार फिर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की है। वहीं उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए भी एक-एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ। इसके अलावा उपाध्यक्ष, उप सचिव, उप सचिव प्रेस, लेखाधिकारी, पुस्तकालय अध्यक्ष, महिला सदस्य और अन्य सदस्यों के पदों पर भी नामांकन दाखिल किए गए। बता दें कि बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पद के लिए धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील सिंह पुंडीर, जितेंद्र सिंह बोरा ने दावेदारी दिखाई। सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट , संतोष कुमार नेगी , ललित मेर, जितेंद्र सिंह बिष्ट ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद पर भगवती पलड़िया, सुलक्षणा श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र खरीदा। संयुक्त सचिव पद पर योगेश कुमार लोहानी, विपिन कुमार एवं प्रदीप लोहनी ने नामांकन पत्र क्रय कर जमा कराए।

संयुक्त सचिव प्रेस के लिए योगेश कुमार पाठक , रविंद्र पाल सिंह तोमर, सुधांशु तिवारी ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। कोषाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार ने पर्चा खरीदा। इसके अलावा लेखाधिकारी पद पर राजेंद्र प्रसाद पांडे, गौरव सिंह बिष्ट, ने नामांकन किया। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर वशीरत जहां, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी ने नामांकन किया। सदस्य पद के लिए पंकज कंबडवाल, मोहित पांडे, लोकेश राज चौधरी, हरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सागर, विनोद कुमार श्रीमाली ने नामांकन किया। महिला सदस्य पद पर नीलू शर्मा, हिना बोरा चुनाव लड़ेंगी।

चुनाव अधिकारी दीवान सिंह अधिकारी ने बताया कि रविवार को भी नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन पत्र जमा होंगे। बताया कि चुनाव प्रकिया संपन्न करने में भुवन गुणवंत, महेश सोराड़ी, महेंद्र सिंह, निर्मल थापा, गोकुल पनेरू, दलीप सिंह रावल किशोर जोशी, ललित मोहन जोशी, हरप्रीत सिंह बृजेश बिष्ट, सौरभ बिष्ट, भगवती आदि मौजूद रहे।

बार भवन में नामांकन पत्र दाखिल व खरीदते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

भिक्षुकों से तंग आकर रोडवेज प्रशासन ने मांगी पुलिस सुरक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: परिवहन निगम का बस अड्डा भिक्षुकों और विक्षिप्तों का भी अड्डा बन गया है। धीरे-धीरे इनकी संख्या इतनी बढ़ गई कि परिवहन निगम के कर्मचारी और यात्रियों को परेशानी होने लगी। इनसे आजिज आकर रोडवेज प्रशासन ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए इन पर कार्रवाई की मांग की है।

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार, शहर के बीचोबीच बने बस अड्डे में अराजक तत्वों, नशेड़ियों, भिक्षुकों व विक्षिप्तों का जमावड़ा बढ़ता ही जा रहा है। भिक्षुक, विक्षिप्त वगैरह दिन भर बाजार, मंदिर में भिक्षा मांगते हैं। शाम को अंधेरा होते ही बस अड्डे पहुंच जाते हैं। यहां यात्रियों की सुविधाओं की लिए बनाई गईं बेंचों, प्लेटफॉर्म को आशियाना बना कर रात्रि विश्राम करते हैं। यदि कोई कर्मी या यात्री इनको हटाने की कोशिश करता है तो ये गालीगलौज, मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। बीते शुक्रवार को भी बस अड्डे पर दो विक्षिप्त महिलाएं आपस में भिड़ गईं थी, जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई थी। वहां मौजूद यात्री खासकर महिला और बच्चे डर गए थे। हल्द्वानी बस अड्डा इंचार्ज एमएस मिश्रा ने बताया कि एमबीपीजी कॉलेज के पूर्व लैब असिस्टेंट सतीश अग्रवाल अपनी बेटी के साथ पिछले दो सप्ताह से रोडवेज की यात्री बेंच पर अपना अड्डा जमाए हुए हैं। बाप-बेटी भीख मांगते हैं, रात को अपना सामान स्टेशन के अंदर फैला देते हैं जिससे यात्रियों को परेशानी होती है।

सिंचाई विभाग ने चिन्हित किए 245 अतिक्रमण

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : जिला प्रशासन द्वारा जनपद में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला हुआ है। पर भीमताल नगर एक ऐसा नगर है जहां एक सरकारी विभाग का कुछ क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे दो किमी क्षेत्र में अतिक्रमण है। मामला सिंचाई विभाग के बाईपास मार्ग से संबंधित है। इस बाईपास मार्ग के किनारे दो किमी तक सिंचाई विभाग की नहर के ऊपर की तरफ 16 फुट जगह है। हालत यह है कि इस भूमि पर न केवल लोगों ने पक्के भवन बना लिए हैं बल्कि उन पर विभिन्न संस्थाओं से लोन तक ले लिए हैं।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि झील विभाग प्राधिकरण द्वारा बिना साइट का निरीक्षण किए बगैर ही कई भवनों के मानकों के विपरीत नक्शे स्वीकृत कर दिए हैं। इतना ही नहीं कई भवनों में अपने जाने के लिए रास्ते भी नहीं है। इस प्रकरण पर सिंचाई विभाग के अधिकारी बताते हैं कि उनके द्वारा समय-समय पर नोटिस आदि दिए जाते हैं। अभी हाल में इस मार्ग पर लगभग 245 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं।

> बाईपास मार्ग और ब्लाक रोड पर अतिक्रमण के विषय में मेरे द्वारा विभिन्न संबधित विभागों में सूचना का अधिकार भी लगाया गया है। पूरे बाईपास मार्ग पर सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण है।
> –**मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा

> लगभग 245 लोगों को अतिक्रमण के संबंध में नोटिस दिए हैं। भीमताल के जिलेदार सेवानिवृत हो गए हैं। ऐसे में कुछ कार्रवाई नहीं हो सकी थी। अतिक्रमण हटाया जाएगा।
> –**दिनेश रावत**, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग

निविदा में प्रतिभाग करते अधिकारी। ● अमृत विचार

पार्किंग की फाइनेंशियल निविदा कल खोलेंगे

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: पालिका में शनिवार को प्रशासक केएन गोस्वामी, ईओ राहुल आनंद, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा आदि के नेतृत्व में बीडी पांडे पार्किंग सहित नाला नम्बर 23, घोड़ा स्टैंड व बारापत्थर मोड़ समेत कुल चार पार्किंगों की निविदा खोली गई।

इसके लिए बिमल बिष्ट व रचना साह के दो आवेदन आए थे। इसमे रचना साह के आवेदन को सही पाया गया। लेकिन तकनीकी कारणों के चलते फाइनेंसियल बिट नहीं खुल पाई। इसके बाद अब सोमवार को फाइनेंसियल बिट खोली जाएगी। जबकि डीएसए पार्किंग के लिए दूसरी बार भी कोई आवेदन नहीं आने से अब एक बार से इसके लिए टेंडर जारी किया गया है।

नहीं आया आवेदन तो पालिका खुद कर सकेगी संचालन

23 फरवरी को आवेदन नहीं आने के चलते डीएसए पार्किंग में की गई 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी को कम करते हुए पार्किंग का बेस प्राइज एक करोड़ 27 लाख किया गया है। वहीं अन्य चार पार्किंगों के बेस प्राइस में भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी को कम करते हुए 55 लाख से 47 लाख कर दिया गया था। शुक्रवार को बीडी पांडे पार्किंग के लिए तो दो आवेदन आ गए, लेकिन डीएसए पार्किंग के लिए दूसरी बार भी आवेदन नहीं आया। एसडीएम केएन गोस्वामी ने बताया कि अगर तीसरी बार भी कोई आवेदन नहीं आता है तो पार्किंग का खुद भी संचालन कर सकती है।

खेती बचाने को समिति निभाएगी जिम्मेदारी

गरमपानी : गांवों में आय का एकमात्र जरिया खेतीबाड़ी चौपट होने से अब धरतीपुत्रों ने खेतीबाड़ी बचाने को खुद ही कदम बढ़ाने का मन बना लिया है।

रामगढ़ ब्लॉक के सिरसा गांव में बंदरों के आंतक को रोकने, जंगली जानवरों से खेती बचाने तथा गोवंशीय पशुओं को आवारा छोड़ने समेत कई अहम बिंदुओं पर फसल सुरक्षा समिति का गठन करने की तैयारी कर ली गई। तीन मार्च को बैठक कर आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समिति का मुख्य उद्देश्य बंदरो के बढ़ते आंतक को रोकना, जंगली जानवरों से खेती बचाना तथा गोवंशीय पशुओं को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई समेत कई अन्य बिंदुओं पर कार्य करना है।

समस्या लोगों ने गड्ढों को समतल किया तो विभाग के कर्मचारियों ने फिर से गड्ढे खोदने शुरू कर दिए

गौलापार में पेयजल के लिए गड्ढे खोदे, फिर भरना भूले

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: समूचे गौलापार में पिछले कई महीने से जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्य हो रहे हैं लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से जनता को खासी दिक्कतें हो रही हैं। लोगों ने बताया कि यहां सड़क किनारे जगह-जगह गड्ढे खोदे गए लेकिन कर्मचारियों ने उन्हें पूरी तरह नहीं भरा, लोगों ने उन्हें समतल किया तो विभाग फिर से गड्ढे खोदने लगा है।

यशवंत सिंह ने बताया कि गौलापार के सुंदरपुर, लछमपुर, तारा नवाड़, हिम्मतपुर, सुंदरपुर बेलवाल, बांसखेड़ा, बागजाला आदि क्षेत्रों में जल संस्थान ने जल जीवन मिशन योजना के तहत जगह-जगह सड़कें खोद रखी हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि गड्ढों के पास फैली मिट्टी बारिश से सड़कों पर बहने लगी है, कीचड़ की वजह से लोगों का सड़कों पर चलना तक दूभर हो गया है। इसके अलावा, गड्ढों से अंधेरे में हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती है।

दीवान सम्मल ने बताया कि विभाग की ओर से पेयजल लाइन बिछाने के लिए जगह-जगह गड्ढे खोदे लेकिन कर्मचारियों ने उन्हें पूरी तरह नहीं भरा, लोगों ने उन्हें समतल किया लेकिन अब फिर से कनेक्शन देने के नाम पर गड्ढे खोदे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पेयजल योजना भी जनता के लिए है लेकिन लोग विभाग की ओर से किए जा रहे में कोताही बरतने से लोग नाराज हैं।

गौलापार में पेयजल के लिए खोदे गड्ढों को इस तरह छोड़ दिया गया है। ● अमृत विचार

बोले स्थानीय लोग

> गड्ढों की मिट्टी से सड़क पर कीचड़ हो गई है, जिस पर फिसलने से लोगों को चोट लगने की आशंका रहती है।
> – **चंद्रप्रताप आर्या**, स्थानीय निवासी

> सड़क की दोनों ओर गड्ढे खुदे हुए हैं, जिससे बड़ी गाड़ियां चलने पर छोटे वाहनों को घंटों जाम से जूझना पड़ रहा है।
> – **हेमन्त बगड्वाल**, स्थानीय निवासी

> हाइवे तक पर जगह-जगह गड्ढे खोदे गए हैं। गड्ढों की वजह से कुंवरपुर से खेड़ा की ओर जाने में काफी समय लग रहा है।
> – **विक्रम रेकुनी**, स्थानीय निवासी

बागजाला में पक्के निर्माण तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

खिड़की की चौखटें लेकर जाते वन कर्मी। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा के बाद बागजाला का 'अब्दुल मलिक' कौन?

वन विभाग की जांच में जमीन बेचने वाले मास्टर माइंड की ओर ध्यान नहीं, 1976 में 100 हेक्टेयर से अधिक भूमि लीज पर दी गई थी

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

08 अर्द्धनिर्मित भवन ध्वस्त कर पौन हेक्टेयर वनभूमि अतिक्रमण मुक्त करा अपनी पीठ थपथपा रहा प्रशासन

50 से 100 रुपये के स्टांप पेपर पर जमीनों का सौदा करने वाला कौन

अमृत विचार : जंगलात, बागजाला में 8 अर्द्धनिर्मित भवन ध्वस्त कर पौन हेक्टेयर वनभूमि अतिक्रमण मुक्त करा अपनी पीठ तो थपथपा रहा है, लेकिन यह अवैध बसासत कब, कैसे और किसकी शह पर बसी, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। हैरानी तो यह है कि वन विभाग ने जांच में भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। बनभूलपुरा में कंपनी बाग को मलिक का बगीचा बनाने के आरोप में अब्दुल मलिक तो सलाखों के पीछे है लेकिन बागजाला का 'अब्दुल मलिक' कौन है, यह बड़ा सवाल बरकरार है।

तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज के अंतर्गत वर्ष 1976 में 100 हेक्टेयर से अधिक भूमि खेतीबाड़ी के लिए लीज पर दी गई थी। वर्ष 2007-08 में यह लीज समाप्त हो गई। लीजधारकों ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया और कब्जा भी नहीं छोड़ा। धीरे-धीरे 50-100 रुपये के स्टांप पेपर वन भूमि पर प्लॉटिंग होती गई और एक दशक से अधिक समय में 700 से अधिक परिवार अवैध ढंग से बस गए। कहें तो कई अवैध कॉलोनियां बना दी गईं।

डेढ़ दशक में वन विभाग का इस ओर ध्यान नहीं गया। साथ ही यह भी जांच नहीं की गई कि लाखों की वन भूमि का 50-100 रुपये के स्टांप पेपर पर सौदा करने वाला कौन है।

वन विभाग ने अर्द्ध निर्मित भवन तो ध्वस्त कर दिए हैं लेकिन सैकड़ों घरों को बनाने वाला अभी भी वन, पुलिस की गिरफ्त से दूर है। हैरानी की बात तो यह है कि वन विभाग का अभी भी मास्टर माइंड को ढूंढने व पकड़ने के लिए कोई ध्यान नहीं है।

अतिक्रमण हटाने के दौरान तैनात पुलिस फोर्स व अधिकारी। ● अमृत विचार

15 साल इंतजार, 250 से अधिक फोर्स और तोड़े आठ निर्माण

हल्द्वानी : बागजाला में ध्वस्तीकरण के लिए 15 साल इंतजार के बाद, 250 से अधिक पुलिस, तराई पूर्वी व तराई केंद्रीय वन डिवीजन की 12 रेंजों की फोर्स, दो मजिस्ट्रेट होने के बाद ही महज 8 निर्माण ध्वस्त किए गए। इनमें एक-दो चौहद्दी और बाकी अर्द्धनिर्मित भवन थे। ऐसे में अतिक्रमण अभियान को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। वन विभाग पर बिना योजना व तैयारी के ध्वस्तीकरण करने का आरोप लग रहा है।

संज्ञान में आया था कि 50-100 रुपये के स्टांप पेपर पर वन भूमि बेची गई है, तब वन विभाग की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई थी। आगे भी इसकी जांच की जा रही है। वन भूमि बेचने वाला जो भी आरोपी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- हिमांशु बागरी, डीएफओ तराई पूर्वी वन डिवीजन हल्द्वानी

अतिक्रमण हटाओ अभियान को अपने घरों से देखते लोग। ● अमृत विचार

डीएफओ की अदालत लेगी 700 घरों का फैसला

हल्द्वानी : तराई पूर्वी वन डिवीजन के गौला एसडीओ अनिल जोशी ने बताया कि शुरुआत में आठ भवन ध्वस्तीकरण के लिए चिन्हित किए थे इन्हें ध्वस्त कर दिया गया है। इसके अलावा बागजाला में सर्वे अभी भी जारी है, जिसमें 700 से ज्यादा मकान अतिक्रमण के तौर पर चिन्हित किए गए हैं। अभी ड्रोन सर्वे भी हो रहा है। अतिक्रमित भूमि पर बने मकानों का जीपीएस लोकेशन मैपिंग की जा रही है। भवनों, भवनों में रहने वालों की संख्या, अर्द्ध और निर्मित इमारतों की संख्या पूरा ब्योरा जुटाया जा रहा है। फिर इन्हें अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस दिए जाएंगे और डीएफओ कोर्ट में सुनवाई होगी। अदालती प्रक्रिया पूरी होने के बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी।

अपने घरों की खिड़कियों से कार्रवाई देखते लोग।

कहीं दिखा नहीं, कहीं जानबूझकर हुई अनदेखी

हल्द्वानी : बागजाला में वन भूमि से अतिक्रमण ध्वस्तीकरण में वन विभाग की कार्रवाई भी सवालों के घेरे में रही। जंगलात की जेसीबी जमीन में बनी एक फिट की चौहद्दी पर तो गरजी लेकिन कई दो मंजिला भवन, दुकानें बना दी गई थी, इनकी ओर किसी का ध्यान नहीं गया। सूत्रों की मानें तो कई भवन ऐसे थे जिनमें शुक्रवार की रात तक प्लास्टर किए जाने व शटरिंग का काम होता रहा हालांकि शनिवाद को सब काम बंद था। आशंका जताई जा रही है कि रविवार को इन अवैध भवनों का निर्माण धड़ल्ले से होगा। इस पर डीएफओ हिमांशु बागरी ने कहा कि जो नए निर्माण थे उन्हें चिन्हित कर ध्वस्त किया गया है। अन्य निर्माणों को भी प्रक्रिया के तहत ध्वस्त किया जाएगा।

बनभूलपुरा से लिया सबक बागजाला चौतरफा सील

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा बनभूलपुरा में अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान पुलिस को भारी विरोध झेलना पड़ा था। आगजनी हुई थी और थाना तक फूंक डाला गया था। अब जब बागजाला मे अतिक्रमण की कार्रवाई की गई तो पुलिस पूरी तैयारी के साथ पहुंची। इससे राहगीरों को जरूर थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन कार्रवाई बिना किसी विरोध के शांतिपूर्वक हुई।

बनभूलपुरा में अतिक्रण की कार्रवाई बीती 8 फरवरी को की गई थी। शनिवार को बागजाला में अतिक्रमण ढहाया गया तो पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए। सबसे पहले बागजाला की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया। पूरे क्षेत्र को जीरो जोन में तब्दील कर दिया गया। गौलापुल, खेड़ा तिराहा और कुंवरपुर तिराहे पर बेरीकेड लगाकर पुलिस तैनात कर दी गई।

बारिश में भी चलती रही जेसीबी

हल्द्वानी : सुबह आठ बजे प्रशासन, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम जैसे ही बागजाला पहुंची। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आसमान में काले बादल छाए ही हुए थे। अचानक बूंदाबांदी और फिर बारिश शुरू हो गई। करीब एक-डेढ़ घंटे तक बारिश के बीच ध्वस्तीकरण अभियान चलता रहा।

सुबह 7 बजे से ही इन रास्तों पर आम यातायात रोक दिया गया और बागजाला को छावनी में तब्दील कर दिया गया। इस दौरान कुंवरपुर और खेड़ा तिराहा से शहर जाने वालों को काठगोदाम होकर आना-जाना पड़ा। हालांकि बनभूलपुरा से गौला बाईपास होते हुए बरेली रोड की ओर आने-जाने पर मनाही नहीं थी।

गौला पुल के पास बैरियर लगा कर रोका गया ट्रैफिक और फोर्स रही तैनात।

13 चौराहों के चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू किया जाए

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर के 13 चौराहों के चौड़ीकरण मामले की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन चौराहों के चौड़ीकरण के लिए सर्वे कार्य नही हुआ है, आगामी 4 मार्च तक संयुक्त रूप से सर्वे कर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि चौड़ीकरण के दौरान जहां पेड़ आ रहे हैं, वन विभाग से वार्ता कर जो पेड़ ट्रांसप्लांट हो सकते हैं, उन्हें ट्रांसप्लांट कर दिया जाए और जो नहीं हो सकते, उक्त पेड़ों का समय से निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

▸▸ डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश, कहा- अधिकारी संवेदनशीलता से कार्य करें

उन्होंने कहा कि जिन चौराहों के चौड़ीकरण में कोई विधिक तथा किसी नोटिस पर सुनवाई लंबित नही है, उनका चौड़ीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने होली ग्राउंड के पुनर्निर्माण के लिए अधिशासी अभियंता, लोनिवि को निर्देश दिए कि धनराशि स्वीकृत कर दी है, होली महोत्सव से पूर्व कार्य समाप्त करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि बेस व महिला चिकित्सालय में आईसीयू व अन्य मशीनें शिफ्ट होनी हैं, इसके लिए तकनीकी कंपनियों से वार्ता कर शीघ्र शिफ्टिंग का कार्य किया जाए, इसके लिए चिकित्सालय ने वैकल्पिक भवन का चयन कर लिया है। उन्होंने कहा यह चौड़ीकरण शहर के लिए महत्वपूर्ण है, अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्युत पोल, पेयजल लाइन शिफ्टिंग तथा जिन सरकारी संपत्तियों की दीवारें ध्वस्तीकरण से प्रभावित हुई हैं, उन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। निजी संपत्तियों के अतिक्रमण के लिए जो नोटिस निर्गत किए गए हैं, उनमें से अवशेष नोटिसों पर समिति द्वारा शीघ्र सुनवाई कर निस्तारण किया जाना है।

जेल पहुंचा मलिक, अब रिमांड पर आएगा मोईद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की रिमांड खत्म हो गई। शनिवार को पुलिस ने उसे कोर्ट के समक्ष पेश किया, जहां से उसे नैनीताल जेल भेज दिया गया। अब पुलिस अब्दुल मोईद के रिमांड की मांग करेगी।

बनभूलपुरा में 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से ही अब्दुल मलिक और उसका बेटा अब्दुल मोईद फरार था। पुलिस ने 23 फरवरी को मलिक और 29 फरवरी को मोईद को दिल्ली से गिरफ्तार किया। नैनीताल जेल में बंद मलिक पुलिस रिमांड पर था। मलिक छह दिन तक पुलिस की रिमांड पर रहा और इस दौरान पुलिस ने हिंसा, फंडिंग, अवैध संपत्ति, फर्जी दस्तावेज समेत कई सवाल किए। बताया जा रहा है कि पुलिस के हाथ कुछ अहम सुबूत भी लगे हैं। अब पुलिस मोईद को रिमांड पर लेने के बाद सबसे पहले जवाबों को क्रास चेक करेगी और फिर मोईद पर नए सवाल दागे जाएंगे। बता दें कि अब्दुल मोईद भी नैनीताल जेल में बंद है।

कार्रवाई

▸▸ न्यायालय में पेशी के बाद नैनीताल जेल भेजा गया मलिक

▸▸ छह दिन की रिमांड में पुलिस को मिले कई अहम सबूत

अब्दुल मलिक पूछताछ पूरी कर ली गई है। शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे नैनीताल जेल भेज दिया गया। अब न्यायालय से मोईद की रिमांड की मांग की जाएगी।
- प्रह्लाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल

निगम ने तैयार की रिपोर्ट साफिया पर कसा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा का आरोप अब्दुल मलिक के सिर पहले ही मढ़ चुका है। अब उसकी पत्नी साफिया की भी मुश्किलें बढ़ रही हैं। क्योंकि नगर निगम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मोटी रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसे जल्द ही पुलिस के सुपुर्द कर दिया जाएगा। जिसके बाद पुलिस सवाल-जवाब के लिए साफिया को तलब करेगी।

बीती 22 फरवरी को उप नगर आयुक्त ने अब्दुल मलिक और साफिया मलिक समेत कुल 6 लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। कहा था, उक्त सभी लोगों ने मिलकर मलिक का बगीचा (कंपनी बाग) को मृत व्यक्ति के दस्तावेज लगाकर कब्जा लिया। न सिर्फ कब्जाया बल्कि स्टांप पर जमीन भी बेच डाली। मामले में बीती 26 फरवरी को पुलिस ने नगर निगम को पत्र लिखा और पूछा कि जमीन की लीज किन दस्तावेज के आधार पर दी गई। किस अधिकारी ने लीज पत्र जारी किया, लीज में किन-किन लोगों के दस्तावेज लगाए गए थे। नगर निगम ने पुलिस के सवालों के जवाब और दस्तावेज तैयार कर लिए हैं और सोमवार तक पुलिस को जवाब सौंप दिए जाएंगे।

सख्ती एंटी रैगिंग कमेटी ने बैठक कर लिया फैसला, एक पर 30, अन्य पर 25-25 हजार का जुर्माना

रैगिंग करने वालों पर जुर्माना, हॉस्टल से निकाला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज में हुई रैगिंग को लेकर एंटी रैगिंग कमेटी ने बैठक की। रैगिंग में शामिल चारों मेडिकल और एक नर्सिंग छात्र पर आर्थिक दंड लगाया है। सभी मेडिकल छात्रों को हॉस्टल से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज में एंटी रैगिंग कमेटी बैठक हुई। कमेटी ने रैगिंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले 2019 बैच के मेडिकल छात्र (इटर्न) पर 30 हजार का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही उसको हास्टिल से निष्कासित करने के साथ ही 15 दिन इंटर्नशिप को बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा रैगिंग में साथ रहे इंटर्न छात्र, 2020 बैच के छात्र व पीजी के छात्र को 25-25 हजार का आर्थिक दंड लगाने के साथ ही हॉस्टल से बाहर कर दिया गया है। रैगिंग में शामिल रहे एक नर्सिंग के छात्र (डे स्कॉलर) को 25 हजार का जुर्माना लगाया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरुण जोशी ने बताया कि सभी छात्रों को आर्थिक दंड 8 मार्च तक जमा करना है। इसके अलावा पांचों छात्रों के परिजनों से शपथ पत्र लिया जाएगा। बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस व सीनियर फैकल्टी आदि मौजूद रहे।

बता दें कि बीते गुरुवार देर शाम 2020 बैच के मेडिकल छात्रों ने 2019 बैच के अपने सीनियर छात्रों के लिए रामपुर रोड के एक होटल में फेयरवेल पार्टी रखी थी। इस दौरान एक छात्र ने अपने सीनियर छात्र की महिला मित्र पर टिप्पणी कर दी। इस बात को लेकर होटल में ही हंगामा खड़ा हो गया। रात करीब 1 बजे उक्त सीनियर छात्र ने अपने साथियों के साथ जूनियर के हॉस्टल में पहुंचकर उसकी धुनाई कर दी। पीड़ित जूनियर छात्र ने शुक्रवार सुबह कॉलेज प्रबंधन से मिलकर मामले की शिकायत दर्ज कराई थी।

आज पिलाई जाएगी बच्चों को पोलियो ड्रॉप

हल्द्वानी, अमृत विचार: प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान के तहत जिले के सभी 8 ब्लॉकों पर आज पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले के 0-5 वर्ष तक के 123820 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य है, जिसकी पूर्ण तैयारी कर ली गई है। इसके लिए जिले में 924 बूथ बनाए गए हैं, जहां स्वास्थ्यकर्मी बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाएंगे व आगामी दिवसों पर 952 टीमें घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाएंगी।

वन भूमि खाली कराने को मुनादी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : वन विभाग द्वारा वन भूमि पर बसे लोगों को अतिक्रमणकारी मानते हुए उन्हें भूमि खाली करने का अल्टीमेटम दिए जाने से लोगों में हड़कंप है। इसी के तहत छात्र संगठन आइसा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने विरोध करते हुए उपजिलाधिकारी रामनगर को ज्ञापन दिया।

आइसा रामनगर अध्यक्ष सुमित ने कहा कि वन विभाग ने रामनगर के गांवों व वन गांवों को खाली करने की घोषणा से हजारों की आबादी के सामने बेघर होने का संकट खड़ा कर दिया है। इसके चलते यहां की जनता काफ़ी परेशान और असहाय महसूस कर रही है। कहा कि धामी सरकार दशकों से रह रहे गरीबों के घरों पर जिसमें अधिकांशतः गरीब, दलित, अल्पसंख्यक लोग हैं, बुलडोजर चलाना शर्मनाक है। इस दौरान शबनम, प्रभात ध्यानी, आसिफ, रुखसाना अंसारी, चिंताराम, अनीता देवी, गुंजन देवी, पूनम देवी, आरती, रिंकी देवी, डोली देवी, किशनपाल, शकीना, फरजाना, आशा, चद्रपाल, मतलूब हुसैन, निजामुद्दीन, वीरपाल, सावित्री देवी, प्रेमलता देवी आदि मौजूद रहे।

अतिक्रमण को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

साहब ! दो साल पहले किया था आवेदन अब तक नहीं मिल पाई विधवा पेंशन

मंडलायुक्त की जन सुनवाई में महिला ने सुनाई व्यथा, कई अन्य शिकायतें भी हुईं दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। इस दौरान भूमि-पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, पेंशन आदि से जुड़ी समस्याएं दर्ज हुईं।

जनसुनवाई में मंजू देवी निवासी गली नंबर-3 नवाबी रोड ने बताया कि उन्होंने दो साल पूर्व विधवा पेंशन के लिए आवेदन किया था लेकिन अभी तक उनकी पेंशन नहीं लगी है। इस पर जिला प्रोवेशन अधिकारी वर्षा आर्या ने मंडलायुक्त को बताया कि मंजू देवी के विधवा पेंशन संबंधी कागजी कार्यवाही पूरी कर ली गई है, अप्रैल से उनको पेंशन मिलना शुरू हो जाएगी।

सुरजीत कौर ने बताया कि उनकी दुकान ट्रांसपोर्ट नगर मानपुर उत्तर भूखंड में है। इस पर जमशेद अंसारी ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस पर मंडलायुक्त ने टीपी नगर चौकी पुलिस को तुरंत कार्रवाई कर दुकान खाली कराने के निर्देश दिए। चंद्रा राणा निवासी ग्राम भरतपुर पट्टी पांडे गांव ने शिकायत कर बताया कि उन्होंने अतुलेश खन्ना से 12 मुट्ठी भूमि खरीदी थी।

इस पर लोहे के एंगल लगा कर बाउंड्री कर दी थी। अब जब भूमि पर निर्माण करने गई तो दीपक पांडे विरोध कर रहा है। इस पर मंडलायुक्त ने संबंधित पटवारी को मौका मुआयना कर कब्जा दिलाने व संबंधित के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1996 में मल्ला निगलाट में दो अलग-अलग हिस्सों में 10 नाली 14 मुट्ठी, और 1 नाली 11 मुट्ठी भूमि खरीदी थी।

इस भूमि की स्वामी गार्डनर थीं जबकि डुंगर सिंह का कब्जा था। भूमि क्रय के बाद कब्जा उन्हें सौंप दिया गया था। अब इस भूमि पर अन्य ने अवैध कब्जा कर लिया है। भूमि का कब्जा दिलाने की मांग की। इस पर मंडलायुक्त ने कब्जाधारक को एक माह में रजिस्ट्री पेश करने के निर्देश दिए। देवकी देवी निवासी बजूनिया हल्दू ने शिकायत की कि उन्होंने योगेश चंद्र को आधा बीघा भूमि 11 लाख में बेची थी। सौदा होने पर योगेश ने 1.5 लाख नगद दिए और बकाया एक सप्ताह में चैक से देने का आश्वासन दिया था। अब तक बकाया राशि नहीं दी गई है। इस पर मंडलायुक्त ने क्रेता को बकाया धनराशि देने के निर्देश दिए।

जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

रंगों के कारोबार से मजबूत हो रही महिलाओं की आर्थिकी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: होली के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। कई महिलाएं भी रंगों का कारोबार करके अपनी आर्थिकी को रंगीन कर रही हैं। हरीपुर पूर्णानंद, गौरापड़ाव की हेमा डंगवाल कई सालों से प्राकृतिक रंगों का कारोबार कर रही हैं। उन्होंने बताया कि होली के लिए अब तक करीब 21 किलो रंग तैयार कर लिया है, लगातार डिमांड आ रही है, समूह की महिलाएं तेजी से काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रयास समूह के तहत लोन लेकर यह कार्य किया जा रहा है।

हेमा डंगवाल।

उन्होंने बताया कि पिछले साल समूह ने करीब 30 किलों रंग बेचा था लेकिन इस बार इससे ज्यादा का लक्ष्य रखा गया है। समूह प्लास्टिक के डिब्बों व थैली में या किलो के हिसाब से रंग बेचता है। उन्होंने कहा कि ईज कल महिला समूहों को प्रशिक्षण, कर्ज आदि हर तरह का सहयोग मिल रहा है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को कारोबार करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बड़ौदा आरसेटी हल्द्वानी से रंग निर्माण आदि की ट्रेनिंग लेने के बाद अब वह राज्यभर में अन्य महिलाओं को भी इसका प्रशिक्षण देती हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उनका समूह धूप आदि का भी निर्माण करता है।

किरन मिश्रा।

निशा बिष्ट।

हल्दूचौड़ की निशा बिष्ट अपने शिव आजीविका स्वयं सहायता समूह के तहत रंगों का कारोबार करती हैं। उन्होंने बताया कि अभी उन्होंने 25-30 किलो प्राकृतिक रंग तैयार कर लिया और इस बार उनका समूह आलू के चिप्स व पापड़ भी बना रहा है। उन्होंने बताया कि पिछली होली में उन्होंने एक कुंतल रंग बेचे थे।

हाथी खाल, गोरापड़ाव की किरन मिश्रा भी अपने संकल्प व लक्ष्मी समूह व संगठन के माध्यम से रंगों का कारोबार करती हैं। उन्होंने बताया कि बाजार से रंगों की मांग आने लगी है। उन्होंने बताया कि समूह की महिलाएं पालक, चुकंदर, कच्ची हल्दी आदि से रंग बनाती हैं।

सार-संक्षेप

धरने पर बैठे ग्रामीण सांसद व विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

ग्रामीणों ने सांसद व विधायक लापता के नारे लगाए

कालाढूंगी : एथेनाल फैक्ट्री के विरोध में गांव बचाओ संघर्ष समिति बैनर तले बैठे ग्रामीणों का शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ने लगा है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक व सांसद द्वारा सुध न लेने पर दोनों के लापता होने के नारे लगाए। शनिवार को बारिश में भी एथेनाल फैक्ट्री के विरोध में पं दीनदयाल पार्क में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। क्षेत्रीय विधायक व सांसद द्वारा सुध न लेने पर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों ने हाथों में सांसद व विधायक लापता की तख्ती लेकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे द्वारा चुने गए प्रतिनिधि को ही हमारी कोई चिंता नहीं है। इस दौरान अली हुसैन, त्रिभुवन कन्याल, जनार्दन जोशी, कमलेश सिंह, विक्रम सिंह, दिवान जलाल, रविन्द्र सिंह, जगतार सिंह, हरेन्द्र बिष्ट, गंगा सामंत, दीपक डोगरा, आनंद जोशी, विक्रम कार्की, राजेन्द्र जलाल, कमल जंतवाल आदि उपस्थित रहे।

चुनाव को लेकर निरीक्षण करते मुख्य नगर आयुक्त।

प्रत्येक कक्ष में की जाए बिजली, सोफा-कुर्सियों की व्यवस्था

हल्द्वानी : जिला प्रशासन ने आगामी आम चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को मुख्य नगर आयुक्त/ सहायक अधिकारी एमसीएमसी विशाल मिश्रा ने एमबीपीजी कॉलेज में बनाए जा रहे एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम एवं वगैरह का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कक्ष के बाहर एक फ्लेक्सी डिस्प्ले लगाई जाए। इस डिस्प्ले में कक्ष नंबर, नोडल कार्यालय का नाम आदि सूचनाएं अंकित की जाए ताकि आने वाले लोगों को सुगमता से सूचनाएं मिल सकें। उन्होंने सभी कक्षों में कंप्यूटर, फर्नीचर, बिजली, पेयजल की व्यवस्था भी सुचारू करने के निर्देश दिए। लोनिवि को एमसीसी कक्ष में सोफा, कुर्सियां आदि की व्यवस्था करने को कहा। इस दौरान गीतेश त्रिपाठी, एमसी जोशी आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं व अन्य श्रद्धालु।

भव्य कलशयात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

हल्द्वानी : चारधाम मंदिर में भव्य कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू हो गई है। कलश यात्रा शनिवार सुबह तारकेश्वर मंदिर से चारधाम मंदिर तक निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में मातृ शक्ति व भक्त उपस्थित रहे। बारिश होने के बावजूद क्षेत्र के लोगों में भागवत कथा के प्रति गजब का उत्साह दिखाई दिया। भागवत कथा के कथाव्यास कपिल देव महाराज हैं। 9 मार्च को पूर्णाहूति के बाद विशाल भंडारे के साथ भागवत कथा का पारायण होगा। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जमन सिंह निगल्टिया, ग्राम प्रधान कमल पड़लिया, नीरज तिवारी, गोपाल पड़लिया, कमलकांत पड़लिया, चंद्रशेखर जोशी उपस्थित रहे।

छात्रों को उघमिता विकास की जानकारी दी

कालाढूंगी : राजकीय महाविघालय कोटाबाग में देवभूमि उघमिता विकास केन्द्र की ओर 12 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया है। नोडल अधिकारी बिन्दिया राही ने बताया कि भारतीय उघमिता विकास संस्थान अहमदाबाद व भारतीय उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शनिवार को छठे दिवस पर मुख्य वक्ता डॉ. परितोष उप्रेती ने छात्रों को उत्पादन, मार्केटिंग की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. नवीन भगत ने अपने अनुभवों को सांझा करते हुए छात्रों को उद्यमिता का अर्थ समझाया। इस दौरान डॉ. सत्यानंद भगत, डॉ. आलोक पांडे, डॉ. विनोद उनियाल आदि मौजूद रहे।

सरकार पर बरसीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड में अपनी मांगों को लेकर पूरे प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सरकार की उपेक्षा के खिलाफ लंबे समय से आंदोलन पर हैं।

रामनगर में भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने खत्री सभा भवन में धरना देने के साथ संपन्न बैठक में कहा कि अपनी मांगों को लेकर समय-समय पर आंदोलन कर सरकार को जगाने का काम किया गया है लेकिन सरकार पूरी तरह उनकी मांगों को लेकर मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने जहां एक ओर सरकार से अपना मानदेय बढ़ाने की मांग की है तो वहीं सेवानिवृत होने पर पेंशन न देने की स्थिति में पांच लाख रुपये की एक मुश्त रकम देने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर लगातार दावे कर रही है लेकिन अगर देखा जाए तो जिस प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की उपेक्षा लगातार हो रही है उसे सरकार के महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने वाले दावों की भी पोल खुल रही है। इस दौरान पूनम गोला, दीपा थापा, ममता भंडारी, शीला थापा, प्रीति विद्यार्थी, मंजू त्रिपाठी, गीता भारती, मुन्नी जोशी, मोहना देवी, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

रामनगर में खत्री सभा भवन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

हल्द्वानी में भी विभिन्न मांगों को लेकर कार्यकत्रियों का धरना रहा जारी

हल्द्वानी : बुद्धपार्क में बीते कई दिनों से जारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री सेविका मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड के बैनर तले महिला कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन छठवें दिन भी जारी रहा। इसमें विभिन्न मांगों में शामिल न्यूनतम मजदूरी 4600 के हिसाब से 4800 मानदेय, सेवानिवृत के दौरान 20 हजार धनराशि समेत अन्य मांगे शामिल है। जिलाध्यक्ष हेमा लोहनी के मुतबाबिक सरकार ने शनिवार को विभिन्न मांगों को लेकर संगठन से वार्ता करने का आश्वासन दिया था लेकिन बात नहीं बन पाई है। आने वाले दिनों में सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर बीना जोशी, ललिता दुर्गापाल, गीता अधिकारी, जानकी शर्मा समेत कई लोग मौजूद रही।

स्टे के बावजूद निर्माण जारी रखने का आरोप

रामनगर: हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण कार्य जारी रखने का आरोप लगाने के साथ लोगों ने उस पर रोक लगाने की मांग उपजिलाधिकारी से की है। लोगों का आरोप है कि खालसा ढाबा पीपलसाना रामनगर के समीप अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है जबकि इस विषय में हाईकोर्ट से प्रसंगत संपत्ति के संबंध में यथास्थिति रखे जाने का आदेश पारित किया गया है। इस पर रोक नहीं लगाई जाती है तो एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे।

रोटरी क्लब ने दी ब्लड कलेक्शन वैन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: रोटरी क्लब हल्द्वानी ने शनिवार को स्व. बाल किशन देवकी जोशी निस्वार्थ रक्त केंद्र को एक ब्लड कलेक्शन वैन उपलब्ध कराई है।

प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर श्रीष पाठक ने बताया कि रोटरी फाउंडेशन की ग्लोबल ग्रांट (जीजी 2344206) के तहत 25 लाख की धनराशि से इस वैन व ब्लड डोनेशन के लिए जरूरी व्यवस्थाओं को तैयार किया गया है। रक्त केंद्र का संचालन कर रहे प्रतिनिधियों व रोटरी क्लब हल्द्वानी के बीच इस संबंध में एक एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए वैन की चाबी समिति को सौंपी गई। क्लब के अध्यक्ष सुनील जोशी ने शनिवार के कार्यक्रम को रोटरी हल्द्वानी के इतिहास में अभूतपूर्व उपलब्धि बताया। इस दौरान स्व. बाल किशन देवकी जोशी निश्वार्थ जनसेवा समिति के प्रशासनिक प्रमुख प्रकाश मेहता, आशीष दुम्का, पवन अग्रवाल मौजूद रहे।

बाल किशन देवकी जोशी निस्वार्थ रक्त केंद्र को वैन सौंपते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

आयोजन | अटल भारत सम्मान फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया वीरांगना सम्मान समारोह आयोजित

25 महिलाओं को दिया अटल भारत सम्मान

अटल भारत सम्मान फाउंडेशन की ओर से सम्मानित महिलाएं।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: अटल भारत सम्मान फाउंडेशन ट्रस्ट ने शनिवार को आठवें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वीरांगना सम्मान समारोह आयोजित किया। नैनीताल रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय और प्रदेश की टीम से चयनित 25 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने महिला सशक्तिकरण पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी।

ट्रस्ट की प्रदेश अध्यक्ष सीमा देवल, ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम राणावत, सौम्या अग्रवाल, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र सिंह रौतेला, श्री 1008 महामंडलेश्वर भावना गोस्वामी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। मंच का संचालन शालिनी गुप्ता और स्वागत अंजलि व प्राची अग्रवाल ने किया। इस मौके पर डॉ. पीएस प्रजापति, आदित्य स्वरूप भारद्वाज, सोनिया राणावत, कुसुम लता केसरवानी, नेहा देववंशी, खुशबू देवल, बीनू जायसवाल, पूनम अग्रवाल, डॉ. रिद्धिमा, दीपिका आदि उपस्थित रहीं।

अटल भारत सम्मान से सम्मानित वीरांगनाएं

1-शालिनी गुप्ता
2-कुसुम लता केसरवानी
3- डॉ. रिद्धिमा वात्सल्य
4-डॉ. प्रगति जैन
5-तनुजा जोशी
6-मीमांसा आर्य
7-विजयलक्ष्मी चौहान
8-अलका जीना
9-लता बोरा
10-विद्या महतोलिया
11-रीता अग्रवाल
12-डॉ. सुषमा वशिष्ठ
13- डॉ. मंजू शर्मा
14- सुनीता खन्ना
15- नेहा पंडित
16- शिखा जैन
17- इंदु सोलंके 18- हेमा सिंह
19- रजनी माहेश्वरी
20-सीमा अहीर
21-पूनम अग्रवाल
22-बीनू जायसवाल
23-नीतू रौतेला
24-नीरज बोरा
25-अनिता शाह

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation @ svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
hemorrhoid
fistula
fissure
External
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

सार संक्षेप

पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित के साथ। ● अमृत विचार

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रियंका रहीं प्रथम

हल्द्वानी : रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एड्स शीर्षक पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के विजेताओं को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम स्थान, तृप्ति बिष्ट द्वितीय और रितिका बिष्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ. विभा पांडे, सदस्य डॉ. नेहा सिंह तथा डॉ. बीना जोशी, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. अंजू पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी ने 5 विकेट से मारी बाजी

हल्द्वानी : जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित कुमाऊं कप अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी ने रूद्रा लायंस रुद्रपुर को 5 विकेट से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रूद्रा लायंस ने निर्धारित ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए अभिमन्यु कांडपाल ने 13 चौके की मदद से 75 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने अंतिम ओवर में 5 विकेट खोकर 178 रन से मैच अपने नाम किया। टीम के लिए निशाग्र शर्मा ने 9 चौके व 1 छक्के के चलते 72 रन बनाए। इस दौरान निशाग्र को मैन ऑफ द मैच व अभिमन्यु कांडपाल को फाइटर ऑफ द मैच दिया गया।

जेसी लोहनी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

धर्म संस्कृति के जिला सहसंयोजक बने जेसी लोहनी

रामनगर : भाजपा धर्म संस्कृति के जिला सहसंयोजक बनाए जाने पर लोगों ने उनका अभिनंदन किया। लोहनी ने कहा कि वे सबकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। अभिनंदन समारोह में बूथ अध्यक्ष गोपाल दत्त रिखाड़ी, चन्द्रशेखर भट्ट, एसडी छिमवाल, विशन दत्त पंत, गंगा सिंह बोरा, हरीश चंद्र पपने, जगत सिंह नेगी, एएस बिष्ट, बचे सिंह डंगवाल, किशनानंद तिवाड़ी, राधा लोहनी, तुलसी पांडेय, रजनी पपनै, पूर्व सभासद देवकी असनोड़ा मौजूद रहे।

पंचायत प्रतिनिधियों को प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों से जोड़ें

हल्द्वानी : नैनीताल रोड स्थित नैनीताल डिस्ट्रिक्ट बैंक लिमिटेड के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने टीबी फोरम की बैठक में टीबी जागरूकता कार्यक्रम पर जोर देते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी रेखीय विभागों से कार्ययोजना के अनुसार प्रयास करने को कहा। बैठक में टीबी से मुक्त हो चुके व्यक्तियों को टीबी चैंपियन के रूप में काम करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीडीओ ने शिवानी, सीमा, नेहा, अंबर, रमेश को सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. श्वेता भंडारी, डॉ. एससी तिवारी, डॉ. रवि, मदन मेहरा, प्रमोद भट्ट, कमलेश बचखेती, पारस साह आदि उपस्थित रहे।

सरमाउंट स्कूल बसानी में खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा।

सरमाउंट पब्लिक स्कूल में बच्चों ने जीते 38 पदक

हल्द्वानी : दूरस्थ क्षेत्र बसानी स्थित सरमाउंट पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 2024 में बच्चों ने विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 पदक प्राप्त किए। मीट में 100 व 200 मीटर दौड़, फ्राग रेस, ऊंची व लंबी कूद आदि प्रतियोगिताओं में 38 बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुग्ध व सेवायोजन निदेशक संजय खेतवाल ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा बहुत जरूरी है, यही हमारा भविष्य बदल सकती है। विशिष्ट अतिथि मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्राथमिक स्तर से ही शिक्षा को मजबूत बनना होना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र सिंह क्वीरा ने सभी अतिथियों का स्वगत किया।

इंटर की परीक्षाओं में 1050 परीक्षार्थी अनुपस्थित

रामनगर : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में कुल 1050 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जानकारी के मुताबिक इंटर जीव विज्ञान की परीक्षा में कुल 23964 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 23402 उपस्थित व 562 अनुपस्थित पाए गए। इंटर इतिहास की परीक्षा में 15265 परीक्षार्थियों में से 14907 उपस्थित रहे जबकि 358 अनुपस्थित रहे। इंटर व्यावसायिक अध्ययन की परीक्षा में 3956 परीक्षार्थी में से 3857 मौजूद रहे। 99 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इंटर कृषि विज्ञान भाग 1 में 453 में से 425 परीक्षार्थी मौजूद रहे जबकि 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इंटर कृषि विज्ञान भाग 2 में 444 में से 441 ने परीक्षा दी तो 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

आयुक्त ने राजस्व व कर संग्रहण बढ़ाने के दिए निर्देश

हल्द्वानी : नगर निगम आयुक्त ने शनिवार को कर अनुभाग की समीक्षा बैठक की, जिसमें आयुक्त ने राजस्व व कर संग्रहण के बढ़ावा दिए जाने के संबंध में कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कर संग्रहण के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर जमा नहीं करने वालों को नोटिस जारी करने साथ ही, आवश्यक होने पर आरसी काटकर कर संग्रहण करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि व्यवसायिक भवनों को चरणबद्ध तरीके से कर से आच्छादित किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर कर अधीक्षक महेश पाठक, हरेंद्र सिंह बिष्ट, अमित कुमार जोशी आदि उपस्थित रहे।

एमबीपीजी कॉलेज में छात्रा को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

एमबीपीजी में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

हल्द्वानी : एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 22 अक्टूबर को स्वामी रामतीर्थ जी के 150वीं जयंती पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिसमे प्रथम पुरस्कार योगेश्वरी कुडाई, हिमानी बेलवाल, नमिता सलाल, द्वितीय पुरस्कार अंकित कुमार व तृतीय पुरस्कार तन्मय सिंह को दिया गया। इसके अलावा 22 अन्य छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। साथ ही, बीएड सत्र- 2021-23 में विश्व विद्यालय टॉपर रहे मीनाक्षी बिनवाल व धीरेंद्र बिनवाल को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश पीसी पंत रहे।

शीशमहल गौशाला में विगत दिनों गोवंशीय पशुओं की हुई थी मौत, कुछ अन्य गोवंशीय पशुओं की हालत गंभीर

गौशाला में बदइंतजामी के बीच दम तोड़ रहे जानवर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सड़क पर घूम रहे लावारिस गोवंशीय पशुओं की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने हल्द्वानी में दो जगहों पर अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया है। इनमें शीशमहल में बनी गौशाला में बदइंतजामी की वजह से गोवंशीय पशु दम तोड़ रहे हैं। हालांकि नजाकत के बगीचे में बनी गोशाला में तब भी हालात सही हैं।

शीशमहल गोशाला में इस समय गिनती के करीब 90 गोवंशीय पशु रखे गए हैं। सांडों को बांधने की अलग व्यवस्था की गई है तो वहीं गाय और बछिया के लिए अलग व्यवस्था की गई है। जहां गाय बांधी गईं हैं वहां उनके खाने के लिए छोटे प्लॉस्टिक के ड्रम में चारा और पानी डाला जा रहा है। करीब 80 गायों के लिए 14 ड्रम की व्यवस्था की गई है। इनमें से कुछ ड्रम में पानी डाला जाता है तो कुछ ड्रम में चारा डाला जाता है। गौशाला में करीब 10 सांड़ बांधे गए हैं। इनको रस्सी से बांधा गया है। इनके पास ही पानी का ड्रम रख दिया गया है। फिलहाल अस्थाई गौशाला में सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था नदारद ही दिखी। मौके पर एक बछिया की काफी बीमार हालत में थी। वह सांस भी नहीं ले पा रही थी। उसे देखकर लग रहा था कि वह कभी भी दम तोड़ सकती है।

बछिया की इतनी तबियत खराब होने के बाद भी उसे किसी पशु अस्पताल मे रखने के बजाए गौशाला में एक तरह से मरने के लिए छोड़ दिया गया है। इससे पहले भी गौशाला में कुछ गौवंशीय पशुओं की मौत हो चुकी थी। सड़क पर लावारिस गौवंशिय पशुओं को एक तरह से यहां लाकर छोड़ दिया गया है जिससे खानापूर्ति पूरी हो सके।

गौशाला में मौजूद गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

मौके पर मौजूद नहीं कोई कर्मचारी

हल्द्वानी। नगर निगम ने विगत दिन गौ रक्षक तक बनाए थे लेकिन गुरुवार की दोपहर में शीशमहल गोशाला में मौके पर कोई भी कर्मचारी नहीं था। अगर किसी जानवर के साथ कोई अनहोनी हो जाए तो बताने वाला कोई नहीं है। साथ ही दो बड़े कट्टे भूसे के रखे गए थे। उतने भूसे में इतने गोवंशीय पशुओं की खुराक कैसे पूरी होगी यह समझ से परे है।

नजाकत खां के बगीचे में स्थिति तब भी सही

हल्द्वानी : राजपुरा स्थित नजाकत खां के बगीचे में नगर निगम ने नजूल भूमि पर अपना स्वामित्व लेकर यहां अस्थायी गौशाला बनाई है। इस गौशाला में तब भी स्थिति बेहतर है। अपरान्ह के समय यहां बड़ी से नाद में भूसा और हरा चारा डाला जा रहा था। साथ ही पानी के लिए भी दो खुले टैंक बना दिए गए हैं। एक टैंक में पानी भर दिया गया है दूसरे टैंक में पानी भरा जाना है। अभी दूसरे टैंक के निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही पेड़ों में पानी के लिए जो गड्ढे किए गए हैं, उनमें भी पानी भर दिया गया है। जिससे पेड़ों को भी पानी मिल रहा है और साथ ही गायों के पानी के लिए भी इंतजाम हो रहा है। यहां हरियाली भी ठीक ठाक है।

> नजाकत खां के बगीचे में बनी गौशाला का मैंने निरीक्षण किया था। वहां जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। शीशमहल गौशाला का भी जल्द निरीक्षण किया जाएगा। अगर कोई कमी है तो उसे तुरंत ही दूर करने का प्रयास किया जाएगा। **-विशाल मिश्रा**, नगर आयुक्त, हल्द्वानी

गंगापुर कबड़वाल में बन रही स्थायी गौशाला

नगर निगम फिलहाल अस्थायी गौशाला माध्यम से जानवरों को रखने का काम कर रहा है। हल्दूचौड़ के गंगापुर कबड़वाल में 67 एकड़ में गौशाला तैयार किया जा रहा है। जिसमें करीब 4000 से अधिक गौवंशियों की रखने की क्षमता है।

बिंदुखत्ता राजस्व ग्राम बनाने की घोषणा शिगूफा

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने राज्य सरकार के बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाने की घोषणा को महज चुनावी शिगूफा करार दिया है।

बल्यूटिया ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार इतनी ईमानदार है तो जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा जिसको 15 दिसंबर 2016 को राजस्व गांव घोषित किया गया। फिर 20 दिसंबर 2016 को अधिसूचना जारी कर सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रियाएं संपादित करने का आदेश दिया गया था। इस पर भाजपा की प्रदेश सरकार ने 13 दिसंबर 2020 को रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ भाजपा सरकार सैन्य धाम की बात करती है वहीं दूसरी तरफ शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि 10 लाख रुपये नहीं दिए जाने लिए सुप्रीम कोर्ट चली जाती है।

एसटीएच में फीस का घोटाला कर्मी के घर में मिली रसीद बुक

मेडिकल जांच की फीस काटी, अस्पताल के खाते में नहीं पहुंची रकम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में लाखों की फीस गबन का मामला सामने आया है। यहां तमाम जांचों के नाम पर पैसे लिए गए, रसीद भी काटी गई, लेकिन फीस की रकम अस्पताल के खाते में नहीं जमा की गई। मामले में एक महिला कर्मी रडार पर आई है, जिसके घर से रसीदें बरामद हुई हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुशीला तिवारी अस्पताल में होने वाली जांच की फीस अभी भी रसीदों में काटी जा रही है। फीस काउंटर में काम करने वाले कुछ कर्मचारियों ने रसीद तो काटी, लेकिन पैसा अस्पताल के खाते में जमा नहीं किया। जबकि अस्पताल में जितनी भी जांच होती है, उसकी फीस बिल काउंटर में जमा होती है। चिकित्सा अधीक्षक जीएस तितियाल ने बताया कि दो दिन पूर्व अकाउंट की जांच में सामने आया कि रसीद बुक गायब है। इन रसीद बुकों का पैसा अभी तक जमा नहीं किया गया है। कहा कि यह लाखों रुपये में हैं। मामला सामने आने के बाद इसकी जांच की गई तो पता चला कि एक महिला कर्मचारी रसीद बुकों को अपने घर ले गई। जिसके घर से दो दर्जन से अधिक रसीद बुक बरामद की गई। महिला कर्मी ने कुछ पैसा जमा करा दिया है।

बोले प्राचार्य

> मामला सामने आया है। इस मामले में जांच बैठा दी है। बिल बुक क्यों घर ले जाई गई। इसकी भी जांच की जाएगी। जांच के बाद जितनी राशि गबन की गई होगी। उसकी वसूली कराई जाएगी। इसके अलावा कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।
> **-डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य राजकीयमेडिकलकॉलेज

आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने की मांग उठाई

हल्द्वानी, अमृत विचार: उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ ने शनिवार को एक बैठक आयोजित की। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य कर व कृषि विभाग में 15-20 सालों से काम कर रहे 168 उपनल कर्मचारियों को बिना किसी कारण व बिना कोई नोटिस दिए नौकरी से हटा दिया गया है।

कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधानसभा सत्र में 6 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कर रहे हैं वहीं, दूसरी तरफ राज्य कर व कृषि विभाग ने 168 उपनल कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। संघ ने कहा कि जब पुष्कर सिंह धामी विधायक थे तब वह उपनल कर्मचारियों को नियमित करने की मांग करते थे लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके कार्यकाल में सालों से काम कर रहे सैकड़ों उपनल कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। राज्य सरकार के एडवोकेट जनरल बाबुलकर ने भी उच्च न्यायालय के सुझाव पर राज्य सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि लंबे समय से कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को वन टाइम सेटलमेंट स्कीम बनाकर नियमित किया जा सकता है। बैठक में रमेश शर्मा, गणेश गोस्वामी, मनोज जोशी, पूरन भट्ट, तेजा बिष्ट, विनोद बिष्ट मौजूद रहे।

कांवड़ियों के लिए कंडी मार्ग खोला गया

ढेला क्षेत्र में कंडी मार्ग पर कांवड़ियों के साथ वन कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: रामनगर से हरिद्वार और कोटद्वार के लिए सबसे नजदीक मार्ग को सीटीआर प्रशासन ने शिवभक्तों के लिए हरिद्वार जल लाने के लिए खोल दिया है। इस मार्ग के खुल जाने से शिवभक्तों को हरिद्वार से जल लाने के लिए 65 किलोमीटर का कम फासला तय करना पड़ेगा।

असल में कंडी मार्ग के जरिये, रामनगर से कोटद्वार तक 90 किमी की दूरी है। जबकि यही दूरी यूपी के रास्ते से 155 किमी होती है। ऐसे में हरिद्वार से जल भरकर कुमाऊं की ओर आने वाले कांवड़िये पैदल यात्रा के लिए कोटद्वार-कालागढ़-रामनगर का रास्ता ज्यादा पसंद करते हैं।

गौरतलब है कि कांवड़ियों की सुविधा को देखते हुए महाशिवरात्रि तक सीटीआर भी कंडी मार्ग को आवागमन के लिए हर साल खोल देता है। कोटद्वार से लेकर ढेला तक विभिन्न वन चौकियों के करीब 200 वनकर्मी भी सीटीआर क्षेत्र में उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। कई वन चौकियों के पास तो ग्रामीण कावड़ियों के स्वागत की व्यवस्था में भी जुट गए हैं।

> कांवड़ियों की सुविधा के लिए महाशिवरात्रि तक कोटद्वार से रामनगर तक कंडी मार्ग को पैदल आवागमन के लिए खोला गया है। शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए ढेला से कालागढ़ क्षेत्र की वन चौकियों पर लगभग दो सौ से अधिक वन कर्मचारी भी तैनात किए गए है।
> **- अजय ध्यानी**, वन क्षेत्राधिकारी ढेला रेंज सीटीआर

नैनीताल कोतवाली में पहुंचे हिंदूवादी संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

कोतवाली में देर रात तक लगा रहा जमावड़ा

नैनीताल, अमृत विचार : होटल में युवक-युवती के पकड़े जाने के बाद शनिवार देर रात तक कोतवाली में हिंदू संगठनों का जमावड़ा लगा रहा। हिंदू संगठनों का आरोप है कि लड़का विशेष समुदाय का है और लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था। वहीं पटवारी क्षेत्र होने के चलते देर रात कानूनगो मल्लीताल कोतवाली में पहुंचे। उन्होंने कहा कि लड़की नैनीताल के एक होटल में पाई गई है। इसके बाद उसके बयान दर्ज किया जा रहे हैं और लड़के के बारे में उन्होंने कहा कि इस पर जांच चल रही है कि लड़का कौन है और कहां का है। वही शाम से ही देर रात तक लड़की की काउंसलिंग भी की जा रही थी।

खतरे वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगें

गरमपानी, अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर खैरना बाजार क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने दुर्घटना के लिहाज से खतरनाक खैरना चौराहे तथा पैट्रोल पंप के समीप स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की मांग उठाई है। संगठन अध्यक्ष गजेंद्र नेगी के अनुसार स्पीड ब्रेकर लगाए जाने से वाहनों की रफ्तार में कमी आएगी जिससे दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी।

हाइवे पर स्थित खैरना क्षेत्र से सुबह से शाम तक छोटे बड़े वाहनों आवाजाही करते हैं। आसपास के गांवों से लोग बाजार क्षेत्र में खरीददारी करने पहुंचने हैं।

चुनाव में नई भाजपा ने पुराने चेहरों पर ही जताया विश्वास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा हाईकमान ने प्रदेश की तीन संसदीय सीटों से उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद की गारंटी वाली नई भाजपा ने पुराने चेहरों पर विश्वास जताया है। नैनीताल-अल्मोड़ा में उम्मीदवारों को दूसरी बार तो टिहरी सीट की उम्मीदवार को चौथी बार टिकट दिया गया है।

भाजपा हाईकमान ने शनिवार की देर सायं पहले चरण में 195 उम्मीदवारों की घोषणा की। इसमें नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट से अजय भट्ट, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट से अजय टम्टा व टिहरी से माला राज्य लक्ष्मी शाह को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे अजय भट्ट अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत को हराकर सांसद बने थे। लोस टिकट को लेकर नैनीताल सीट निशाने पर थी। यहां से पूर्व सांसद बलराज पासी, गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विधायक बंशीधर भगत, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, डॉ. अनिल कपूर डब्बू, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, पूर्व प्रदेश महामंत्री गजराज बिष्ट समेत कई दावेदार थे। राजनैतिक गलियारों में चर्चा थी कि कई सर्वे में हुए थे जिसके बाद दावे किए गए थे नैनीताल से नया चेहरा उतारा जा सकता है लेकिन भट्ट ने इस दावों को खोखला साबित कर दिया। हाईकमान ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। वहीं, अजय टम्टा को लेकर भी इसी तरह के कयास लगाए जा रहे थे। सूत्रों का दावा है कि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने अल्मोड़ा से तैयारियां शुरू कर दी थीं लेकिन यहां भी हाईकमान ने पुराने चेहरे अजय टम्टा को उम्मीवार बनाया है। शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाली माला राज्य लक्ष्मी शाह पहली बार वर्ष 2012 में सांसद बनी थी। उन्होंने उपचुनाव में कांग्रेस के साकेत बहुगुणा को हरा कर जीत दर्ज की थी। फिर वह 2014, 2019 में फिर से भाजपा के टिकट पर सांसद बनीं।

सार-संक्षेप

वेंडिंग जोन स्थल का निरीक्षण करते भाजपा प्रदेश मंत्री व अन्य।

वेंडिंग जोन का भाजपा मंत्री और एमएनए ने किया निरीक्षण

रुद्रपुर । व्यापारियों को जल्द वेंडिंग जोन मुहैया कराने के उद्देश्य से भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा और नगर निगम के एमएनए नरेश दुर्गापाल ने वेंडिंग जोन स्थल का मौका मुआयना किया और अधीनस्थों को आदेश किया। शनिवार को निरीक्षण के दौरान विकास शर्मा ने बताया कि वेंडिंग जोन को लेकर प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की गई थी। वार्ता के बाद सीएम ने निगम को भूखंड स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कराए जाने का आदेश दिया था। इससे जहां ठेला कारोबारियों को स्थान मुहैया होगा। वहीं शहर की व्यवस्था भी बेहतर होगी। इस मौके पर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, बिट्टू शर्मा, इंद्रजीत सिंह, सुरेंद्र गंगवार, राजीव जोशी, नवीन सिंह, इंद्रजीत सिंह रिंकू, अमरजीत सिंह, प्रिंस बंसल, सुशील बठला, हर्ष रावल, सोनू खुग्गर, बलजीत सिंह, जगजीत सिंह, इसरार मियां, इकराम मियां, हरजीत सिंह, विजय कुमार आदि रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक ठुकराल व अन्य। ● अमृत विचार

सत्संग में पहुंचकर पूर्व विधायक ठुकराल ने लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर । आदर्श कालोनी स्थित अनंत प्रेम आश्रम में आयोजित 29वां सालाना सत्संग सम्मेलन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व जिला महामंत्री भारत भूषण चुघ एवं भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने पहुंच कर महाराज स्वामी अनंत प्रकाशानंद का आशीर्वाद लिया। इस दौरान महाराज ने सभी अतिथियों को सराफा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि अनंत प्रेम आश्रम की इकाइयां गुरु महाराज की कृपा से देश के कई राज्यों में स्थापित हैं, जहां लाखों अनुयायी अध्यात्म एवं दर्शन के लिए आते हैं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस मौके पर बॉबी टुटेजा, संजय ठुकराल, ललित बिष्ट, बंटी कोली, विशाल मेहर समेत कई भक्तजन उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

ग्रामीणों को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

रुद्रपुर/पंतनगर। जीबी पंत विश्वविद्यालय के तहत फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत सूर्यजाला गांव में मशरूम के द्वारा आजीविका में वृद्धि विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मशरूम उत्पादन की कई जानकारियां दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को मशरूम की प्रमुख प्रजातियां, मशरूम गृह प्रकार एवं आकार, उत्पादन की स्थिति, ढींगरी एवं बटन मशरूम की खेती, माध्यम की तैयारी एवं रखरखाव के संदर्भ में बताया गया। परियोजना के तहत कराए गए प्रशिक्षण का उद्देश्य मशरूम उत्पादन द्वारा गांव के किसानों की आय बढ़ाना है। सह परियोजना अधिकारी डॉ.अर्पिता शर्मा ने बताया कि यह परियोजना विगत कई वर्षों से डॉ.एसके कश्यप के नेतृत्व में चल रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया और मशरूम उत्पादन से संबंधित कई सवाल पूछे और उनका समाधान किया गया। इस अवसर पर गांव की ग्राम प्रधान सुमन सूर्या, एसआरएफ डॉ.नेहा आर्या, प्रक्षेत्र सहायक श्वेता सिंह, पीएचडी छात्रा पूजा गोस्वामी उपस्थित थे।

जागरुकता से होगी एचआईवी की रोकथाम

रुद्रपुर । उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से एचआईवी व एड्स जागरूकता एवं रोकथाम के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले में स्थापित टीआई संस्थाओं, आईसीटीसी, डीएसआरसी और ओएसटी केंद्रों के 50 से गैर पैथोलॉजी व उनके संचालकों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने चिकित्सा इकाइयों की ओर से एचआईवी व एड्स के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मौके पर कलस्टर प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. श्वेता दीक्षित, डॉ. जीसी मंडल, डॉ. मयूरी, डॉ. जयंतनंद जोशी, मनोज आर्या समेत कई मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

काशीपुर । राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय कताई मिल में वार्षिक उत्सव का शुभारंभ नीरज शुक्ला, कुंवर सिंह पाल, धर्मवीर सिंह चौहान ने किया। अध्यक्षता नीरज कुमार ने की। छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ विभिन्न शैक्षिक नाटक, देशभक्ति गीत, कुमाऊंनी, राजस्थानी और हरियाणवी लोक नृत्य सहित अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। संचालन ज्योति एवं रहनुमा ने किया। वहां पर धीरेन्द्र कुमार, नारायण सिंह, ब्रह्मपाल, सबीना खातून, देवेन्द्र चौधरी, कंचन, बाला चौहान, शैलीना खातून, गजेन्द्र सिहं, संग्राम सिंह, शक्ति सिह राणा आदि मौजूद रहे।

वेंडिंग जोन में बसाए जाएंगे हाईवे से हटाये गए ठेला और रेहड़ी वाले

डीएम ने किया निरीक्षण, कैनाल कॉलोनी व यूपीसीएल के बीच नाला सड़क तक कवर होगा

संवाददाता, रुद्रपुर

200 मीटर वेंडिंग जोन की 10 से 18 मीटर तक है चौड़ाई, जिसके दोनों ओर दीवारें बनाकर मिट्टी भरान किया गया

15 मार्च तक पुराने सभी कूड़े को सैग्रीगेट कर दिया जाएगा

अमृत विचार : जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार व नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल के साथ कैनाल कॉलोनी के पास चिन्हित वेंडिंग जोन का स्थलीय निरीक्षण किया।

साथ ही कैनाल कॉलोनी और यूपीसीएल के बीच नाले को सड़क तक कवर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वेंडिंग जोन में हाईवे से हटाये गये गरीब ठेला और रेड़ी वालों को प्राथमिकता से जगह दी जाएगी, ताकि उनका रोजगार संचालित हो सके। शनिवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कैनाल कॉलोनी व यूपीसीएल के तरफ से पानी को इसी नाले पर डाला जाए। जिस पर नगर आयुक्त ने बताया कि दोनों तरफ के पानी को नाले में डालने के लिये 14 होल रखे गये हैं, ताकि कूड़ा फंसने पर सफाई भी की जा सके। उन्होंने वेंडिंग जोन के अंतिम छोर पर दोनों ओर महिला व पुरुष शौचालय भी बनाने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि 200 मीटर वेंडिंग जोन 10 से 18 मीटर तक की चौड़ाई है जिसके दोनों ओर दीवारें बनाकर मिट्टी भरान किया गया है। शीघ्र ही सुंदर टाइलिंग की जाएगी और 9.11 फिट की कियोस्क की लगभग 130 दुकानें बनायी जाएंगी और रेहड़ी, ठेली के लिए भी जगह दी जाएगी। साथ ही पार्किंग व बैठने के लिए कुर्सियां भी लगायी जाएंगी। उन्होंने बताया कि वेंडिंग जोन के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। यदि और अधिक धनराशि की आवश्यकता होगी तो नगर निगम अपने संसाधनों से लगाएगा।

वेंडिंग जोन का निरीक्षण करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

मार्च तक ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़े का सेग्रीगेशन करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने किच्छा रोड में ट्रंचिंग ग्राउंड की स्थलीय निरीक्षण के दौरान हौराइजन सोलुशन कंपनी प्रबंधन को मार्च से पूर्व सभी कूड़े को सेग्रीगेट करने के निर्देश दिए। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि 15 मार्च तक पुराने सभी कूड़े को सेग्रीगेट कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि वे सेग्रीगेशन से बने मिट्टी को उद्यान व कृषि विभाग के वार्ता कर मिट्टी की जांच कराये व मिट्टी का क्या उपयोग हो सकता है यह भी पता कर लें। साथ ही जब ट्रंचिंग ग्राउंड पुरी तरह खाली हो जायेगा तो यहां पर प्लांटेशन, सौंदर्यीकरण कर विकसित कर कॉमर्शियल यूज के लिये तैयार किया जाएगा। सॉलिड वेस्ट के लिए नई साइड चिन्हित कर वहां पर प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जाएगा।

फसलों के प्रमाणित बीजों की दर निर्धारित

संवाददाता, रुद्रपुर

बैठक

- अब धान बीज मोटा प्रजाति मिलेगा 4880 रुपये प्रति कुंतल
- सोयाबीन, काला भट, मूंग, गहत, रामदाना की दर भी निर्धारित

अमृत विचार : उत्तराखंड सीड्स एवं तराई विकास निगम द्वारा खरीफ-2024 में विक्रय के लिए उपलब्ध विभिन्न फसल प्रजातियों के प्रमाणित बीजों की राज्य में फुटकर बिक्री दर निर्धारण के लिए उप समिति की एक बैठक आयोजित हुई। इसमें फसल प्रजातियों के प्रमाणिक बीजों की दर निर्धारण के लिए विचार-विमर्श कर दरों का निर्धारण किया गया।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी व प्रबंध निदेशक उदयराज सिंह ने कहा कि अब खरीफ 2024 में टीडीसी द्वारा राज्य में धान, उर्द, सोयाबीन, काला भट्ट, मूंग, गहत, मडुआ, मादिरा, रामदाना बीज समिति द्वारा निर्धारित दरों पर विक्रय किया जाएगा। सरकार मिलेट को बढ़ावा दे रही है, इसलिए पर्वतीय फसलें मोटे अनाज को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही हैं।

मोटे अनाज को बढ़ावा देने से किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा। और मोटे अनाज से लोगों के स्वास्थ्य को भी अधिक लाभ मिलेगा। देखा गया है कि मोटे अनाज के प्रयोग से लोगों को अधिक स्वास्थ्य लाभ मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने प्रदेश में विक्रय के लिए धान बीज मोटा प्रजाति 4880 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। इसी तरह धान बीज मध्यम महिन प्रजातियां 4935 रुपये, धान बीज पीवी-1509 रुपये 6760, धान बीज पीवी-1637 रुपये 7680 रुपये, धान बीज पर्वतीय प्रजातियां रुपये 5455, उर्द बीज समस्त प्रजातियां रुपये 15185, सोयाबीन रुपये 9972, काला भट्ट बीएलएस-65 रुपये 10303, मूंग बीज रुपये 15342 प्रति कुंतल व गहत बीज समस्त प्रजातियां रुपये 29205, मादिरा बीज रुपये 8035, मडुआ बीज रुपये 7585 व रामदाना बीज समस्त प्रजातियां रुपये 20735 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक फर्म पंतनगर विश्वविद्यालय डॉ. जयंत सिंह, कृषि निदेशक किच्छा अंकुर पपनेजा, कृषि निदेशक बिलासपुर क्षेत्र हरभजन सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ.अजय कुमार वर्मा, विपणन अधिकारी दिगंबर प्रसाद, जीसी तिवारी, पीके सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

व्यय निगरानी तंत्र की टीमों को दिया दूसरी बार प्रशिक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर व्यय निगरानी तंत्र की टीमें एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी व लेखा टीमों को मास्टर ट्रेनर ने दो पालियों में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

शनिवार को विकास भवन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी कार्मिक मनीष कुमार ने बताया कि सभी टीम सदस्य प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। किसी भी प्रकार शंका हो तो उसका सामाधान प्रशिक्षण में अवश्य कर लें। नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय व मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल ने कहा कि सभी प्रत्याशियों को समान अवसर मिले इसलिए निर्धारित व्यय के अनुसार निर्वाचन संपन्न हो। किसी प्रकार प्रलोभन व अनुचित धन का प्रयोग न हो इसके लिये व्यय तंत्र की सभी टीमें सक्रियता से आयोग के निर्देशानुसार कार्यों का संपादन करेंगे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर जुबक मोहन सक्सेना, नोडल एमसीएमसी आरडी पालीवाल, सहायक नोडल अधिकारी व्यय अनिल चौहान सहित एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी व लेखा टीम सदस्य उपस्थित थे।

छाता लेकर धरने पर बैठीं कार्यकत्रियां

आंदोलन

- तीन मांगों पर जल्द कार्रवाई की उठाई मांग, कहा- प्रदेश नेतृत्व के अगले निर्णय तक जारी रहेगा आंदोलन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जीओ जारी होने के बाद तीन अन्य मांगों को लेकर कार्यकत्रियों का आंदोलन जारी है। बारिश के बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां छाता लेकर धरना स्थल पर डटी रही। कार्यकत्रियों ने कहा कि जब तक प्रदेश स्तरीय नेतृत्व कोई निर्णय नहीं लेता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

शनिवार को धरने के दौरान यूनियन की प्रदेश महामंत्री रंजीता अरोरा ने बताया कि पिछले लंबे समय से संगठन न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये प्रतिमाह करने, सेवानिवृत्ति होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दो लाख रुपये देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड देने और मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जल्द शासनादेश जारी करने की मांग कर रहे हैं। इसमें मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण की मांग पूरी हो गयी है। जबकि अन्य मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस अवसर पर सुमन चतुर्वेदी, संध्या सक्सेना, नीलम, राखी, रेखा, पार्वती, शकुंतला पाल, रचना देवी, शिवानी, उर्मिला मिश्रा, आरती कुंवर, शर्मिला, आशा सरकार, बबली, कंचन चौहान, मंजू मोदक, सीमा मोदक, अंजली मंडल, अनीमा मंडल, अनीता पाल, लिपिका विश्वास, सुमन, कुसुम, पुष्पा देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

गांधी पार्क में छाता लेकर धरना देतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

श्रमिक उत्पीड़न के विरोध में रैली निकाली

श्रमिक उत्पीड़न के खिलाफ बाइक रैली निकालते भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सिडकुल में श्रमिक उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय मजदूर संघ ने बाइक रैली निकालकर विरोध जताया। उनका आरोप था कि कंपनी प्रबंधन अपनी हठधर्मिता के कारण सिडकुल का माहौल खराब कर रहा है। जिस वजह से कई कंपनियों के श्रमिकों कई माह से आंदोलन की राह पर हैं। आगाह किया कि यदि जल्द ही आंदोलित श्रमिकों की मांगे पूरी नहीं हुई तो सिडकुल मुख्य चौराहा चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देकर समाधान निकालने की मांग की।

शनिवार को बाइक रैली निकालते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष उमेश जोशी ने बताया कि सिडकुल की स्थापना होने के बाद से ही श्रमिकों का उत्पीड़न शुरू हो गया। उद्यमियों ने सरकार से सब्सिडी का लाभ लेने के बाद 70 फीसदी स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने का वायदा भी दरकिनार कर दिया। अब जब श्रमिकों ने कई साल कंपनी को दे दिए तो बिना नोटिस जारी किए नौकरी से निकाल दिया गया। जिस कारण कई कंपनियों के श्रमिक आंदोलन कर रहे हैं। आरोप था कि श्रम विभाग और प्रशासन भी श्रमिकों की अनदेखी कर रहा हे। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही मांगे पूरी नहीं हुई तो सिडकुल में चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी जल्दी रणनीति बनेगी। मौके पर जिलाध्यक्ष गणेश मेहरा, पूरन चंद्र चौबे, पूर्व महामंत्री शेखरानंद पांडेय, पूर्व प्रदेश मंत्री दीपक अलमिया, जिला मंत्री दीपेंद्र भट्ट, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह चौहान, सह-संगठन मंत्री बसंत गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

तैयारी उपभोक्ताओं से 120 करोड़ रुपये वर्तमान बिल की वसूली होनी है, 30 करोड़ है पुराना बकाया

यूपीसीएल का 150 करोड़ की वसूली का लक्ष्य

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार : वित्तीय वर्ष 2023-24 में 28 दिन शेष बचे हैं। इसके साथ ही यूपीसीएल ने उपभोक्ताओं से बकाया बिल वसूली की कवायद शुरू कर दी है। यूपीसीएल ने मार्च के अंत तक करीब 150 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य रखा है। इसमें 120 करोड़ रुपया वर्तमान बिल का वसूला जाना है, जबकि उपभोक्ताओं से 30 करोड़ रुपया पिछला वसूला जाना है।

दरअसल, रुद्रपुर डिवीजन के अंदर तीन विद्युत वितरण खंड शामिल हैं। इसमें विद्युत वितरण खंड रुद्रपुर प्रथम, विद्युत वितरण खंड रुद्रपुर द्वितीय और विद्युत वितरण खंड किच्छा शामिल हैं। इन सभी खंडों में उपभोक्ताओं की संख्या एक लाख 80 हजार के करीब है। यूपीसीएल के अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में एक लाख 72 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जिनसे 120 करोड़ की धनराशि वसूली जानी है। इसके अलावा 8 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जिनसे 20 करोड़ रुपये की धनराशि वसूल की जानी है। ये ऐसे उपभोक्ता हैं जिन्होंने एक साल या छह माह से बिजली का बिल जमा नहीं किया है। यूपीसीएल के अधिकारियों के अनुसार लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी। इसके अलावा बकाया बिल जमा नहीं करने वालों के कनेक्शन तक काटे जा रहे हैं। इसके लिए सभी खंडों को दो-दो अतिरिक्त वाहन दिए गये हैं। इसके अलावा बकायेदारों की सूची लाइनमैनों को सौंपी गयी है। साथ ही शिविर के माध्यम से भी उपभोक्ताओं के बिल जमा किये जा रहे हैं।

निजी ट्यूबवेल वालों पर भी होगी कार्रवाई

यूपीसीएल के अधिकारियों के अनुसार निजी ट्यूबवेल वाले उपभोक्ताओं से भी बकाया वसूला जा रहा है। बिल जमा नहीं करने वालों के कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार हर हाल में बकाया बिल की शत-प्रतिशत वसूली की जाएगी।

> मार्च के अंत तक वर्तमान बौर पिछले बकायेदारों से करीब 150 करोड़ रुपये की वसूली करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए यूपीसीएल के तीनों विद्युत वितरण खंडों को दो-दो अतिरिक्त वाहन दिए गये हैं। इसके अलावा लाइनमैनों को बकायेदारों की सूची भी सौंपी गयी है। ताकि शत-प्रतिशत वसूली हो सके। **-शेखर चंद्र त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता, रुद्रपुर डिवीजन**

विश्व श्रवण दिवस पर दी कानों के रोगों की जानकारी

रुद्रपुर , अमृत विचार: विश्व हियरिंग डे (विश्व श्रवण दिवस) के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कानों के रोगों के प्रकार, जोखिम के कारक, लक्षणों एवं उपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जनपद में आबीएसके के तहत अधिक से अधिक बच्चों की कानों की स्क्रीनिंग एवं उच्च सेंटर को समय से संदर्भित किये जाने के निर्देश दिए। ईएनटी सर्जन डॉ.कीर्ति भट्ट ने बच्चों में होने वाली कानों की समस्या, पहचान एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बताया कि अनावश्यक बच्चों की कानों की सफाई न करने की सलाह दी। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ.हरेंद्र मलिक, डॉ. राजेश आर्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु मस्युनी, एनसीडी सलाहकार संजय पांडेय, रवि कुमार, उमेश पाल और आरबीएसके के चिकित्सक मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

कार की टक्कर से युवक घायल, रेफर

रुद्रपुर। छह फरवरी को कार की टक्कर से घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मूल रूप से ग्राम गजरौला बाजपुर निवासी सुरेंद्र कौर ने बताया कि वह अपने पति मलकीत सिंह के साथ ग्राम बिंदुखेड़ा में रहती है। छह फरवरी को दोपहर तीन बजे पति बिदुखेड़ा मोड स्थित हाईवे पर बना कट को पार कर रहे थे कि अचानक तेज गति से आई कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में निजी अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए ऋषिकेश रेफर कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना था कि कार सवार ने लापरवाही से वाहन चलाया।

ई-रिक्शा से दो बैटरी चोरी

काशीपुर। चोरों ने एक व्यक्ति की ई-रिक्शा से दो बैटरी चोरी कर लिए। पुलिस को दी तहरीर में मोहल्ला थाना साबिक निवासी साबिर पुत्र शब्बीर ने कहा है कि वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। 29 फरवरी की रात कोई घर के बाहर खड़ी उसकी ई-रिक्शा से दो बैटरे चोरी कर ले गया। सीसीटीवी फुटेज में उसी रात 2 बजकर 56 मिनट पर एक व्यक्ति उसकी ई-रिक्शा से बैटरी चोरी कर ले जाते नजर आ रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

रुद्रपुर। रंपुरा चौकी इलाके के रहने वाले व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। भदईपुरा वार्ड-चार निवासी विजय कुमार ने बताया कि 14 फरवरी को बाइक पर सवार होकर सिविल लाइन स्थित शॉपिंग मार्ट गया था। थोड़ी देर बाद जब लौटा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

शराब के साथ दो गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के धंधे में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों के कब्जे से 28 लीटर कच्ची शराब बरामद कर उनका आबकारी एक्ट में चालान किया है। कुंडा थाने के उपनिरीक्षक होशियार सिंह ने कांस्टेबल जोगेन्द्र सिंह के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान ग्राम गढ़ीनेगी में सरकारी अस्पताल के पास तालब किनारे कच्ची शराब बेच रही यहीं की निवासी सिमरन कौर पुलिस को देख मौके से फरार हो गयी। जबकि उसके पास बैठे व्यक्ति भगवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

जसपुर। एक व्यक्ति ने अपने मोहल्ले की महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। सत्यपाल जोशी पुत्र राम भरोसे लाल निवासी मो.पट्टी चौहान, जसपुर ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उनके घर के पास गली में उनकी गोशाला है। रुद्र लाइनमैन उन्हें बिना कारण के गाली देता रहता है। गाय नहीं निकालने देने की धमकी भी देता है। आरोप है कि आरोपी ने उनके नाबालिग पुत्र व नौकर को गली दी। गाली देने में अन्य लोग भी शामिल हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

चाकू सहित एक को पकड़ा

खटीमा। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए शांति व्यवस्था के तहत सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित बिष्ट, कांस्टेबल हरेंद्र सिंह के साथ गस्त पर थे। वह गश्त करते हुए पॉलीगंज के पास पहुंचे थे। न्यूरिया की ओर से एक युवक आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम टांडा विजेशी, थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत यूपी निवासी मंजीत सिंह बताया।

अब किसान चार मार्च तक गन्ने की सप्लाई कर सकेंगे, इसके बाद पेराई का कार्य पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा

किसानों की मांग पर गन्ने की पेराई दो दिन बढ़ी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: सहकारी चीनी मिल को सप्लाई किए गए गन्ने का भुगतान करने, मिल बंदी के तुरंत बाद मरम्मत कार्य शुरू करने समेत कई मांगों को लेकर किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह से मुलाकात की। इस दौरान किसानों की मांग पर मिल में गन्ना पेराई दो दिन और बढ़ा दी गई है। बताया गया कि अब किसान चार मार्च तक अपने गन्ने की सप्लाई कर सकते हैं। इसके पश्चात मिल में गन्ना पेराई का कार्य पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा।

शनिवार को सहकारी चीनी मिल पहुंचे किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने चेन यार्ड में मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह व अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस वर्ष गन्ना पेराई में स्थापित किए गए कीर्तिमान पर सराहना की। इसके पश्चात किसानों ने 16 जनवरी से लेकर अब तक बकाया गन्ने का भुगतान किसानों को अविलंब करने, मिल में गन्ना पेराई समाप्त होने के तुरंत बाद साफ-सफाई व मरम्मत का कार्य प्रारंभ करवाने की मांग रखी। साथ ही गन्ना आपूर्ति की स्थिति को देखते हुए कुछ दिन और मिल का संचालन सुचारु रखने की बात कही गई जिसके चलते तय किया गया कि किसानों को अपने गन्ने की आपूर्ति के लिए आखिरी मौका दिया जा रहा है जिसमें चार मार्च तक वह मिल को हर हाल में गन्ना सप्लाई कर सकते हैं, इसके बाद किसी भी दशा में गन्ना आपूर्ति पर विचार नहीं होगा। वहीं प्रधान प्रबंधक ने गन्ने का बकाया भुगतान अति शीघ्र करवाने व मरम्मत कार्य में देरी नहीं करने का भरोसा किसानों को दिलाया है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव बिजेंद्र सिंह डोबरा, जसवीर सिंह भुल्लर, नवोदित डोगरा, महल सिंह, मुख्य गन्ना अधिकारी डा.राजीव अरोड़ा, सीए वीरसेन राठी, चीफ केमिस्ट समरपाल सिंह, चीफ इंजीनियर नारायण सिंह, डिप्टी चीफ कैमिस्ट सुनील बिष्ट, गन्ना सुपरवाइजर सोमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक व अधिकारियों से मुलाकात करता किसानों का प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

पेराई सत्र के समापन की घोषणा से आक्रोश

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: सरकार द्वारा एक ओर किसानों से गन्ने की पैदावार बढ़ाने की बात कही जा रही है। वहीं आज भी इंडेंट न मिलने के कारण किसानों का लगभग 75 हजार कुंतल गन्ना तौल के लिए खेतों में खड़ा है।

इधर सितारगंज चीनी मिल प्रबंधन ने पांच मार्च को पेराई सत्र के समापन की घोषणा कर दी है जिससे किसानों में भरी आक्रोश है। किसान नेता प्रकाश तिवारी ने कहा कि मिल प्रबंधन से मांग की जा रही थी जिन गन्ना क्रय केंद्रों के क्षेत्र में गन्ना अधिक है उन्हें अधिक इंडेंट दिया जाए ताकि सप्लाई समय से कराई जा सके। जबकि इधर मिल प्रबंधन ने एकाएक घोषणा कर दी है कि पांच मार्च को पेराई सत्र समाप्त किया जा रहा है। किसान नेता तिवारी ने कहा कि आज भी नौसर क्रय केंद्र के अंतर्गत 7310, चारूबेटा में 500, दमगड़ा में 4300, विसौटा में 5800, खाली महुवट में 2800, सिसैया में 15700, सूनपहर में 3180, दाह ढाकी में 2900, बनगवां में 1150, सत्रहमिल में 4000 और नगरा तराई में 16600 कुंतल गन्ना तौल के बिना किसानों के खेतों में खड़ा है। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों का पूरा गन्ना नहीं तुल जाता मिल को बंद नहीं होने दिया जाएगा।

चेतावनी

- पांच मार्च को आखिरी दिन, 75 हजार कुंतल गन्ना खेतों में खड़ा
- पूरे गन्ने की तौल होने पर ही मिल को बंद करने पर अड़े किसान

पीसीबी से बिना अनुमति के चल रहे 73 होटल, नोटिस

अनुमति के लिए आवेदन नहीं करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

सख्ती

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: पीसीबी ने ऊधम सिंह नगर जिले के होटलों और अस्पताल संचालकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

पीसीबी ने जिले के 73 होटलों संचालकों को सहमति की अवधि समाप्त होने पर नोटिस जारी कर सहमति लेने को कहा है। जिले में करीब 179 होटल उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में (पीसीबी) में रजिस्टर्ड हैं। इनमें से करीब 73 होटल ऐसे हैं जिन्होंने सहमति की अवधि समाप्त होने के बाद भी पीसीबी में आवेदन नहीं किया है। वहीं पीसीबी ने अब होटलों को वर्ष 2022-23 से गैर औद्योगिक श्रेणी की कैटेगरी में रखा। इसके तहत अब होटलों को भी रेड, ऑरेंज और ग्रीन कैटेगरी में अलग-अलग किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक 20 कमरों से अधिक वाले होटलों को एसटीपी प्लांट लगाना जरूरी है। यदि निरीक्षण में 20 कमरों से अधिक वाले होटलों में एसटीपी प्लांट नहीं मिलता है तो पीसीबी ऐसे होटलों को बंद कराने की कार्रवाई कर सकता है। इधर विभाग ने जिन होटलों को नोटिस भेजे हैं उन्हें 15 मार्च 2024 तक विभाग से सहमति लेने को कहा है।

25 प्राइवेट अस्पतालों को भी भेजे नोटिस

बायोमेडिकल वेस्ट के नियमों के तहत पीसीबी ने जिले के 25 प्राइवेट अस्पतालों को भी नोटिस भेज सहमति लेने को कहा है। दरअसल बायो मेडिकल वेस्ट के नियमानुसार जिले के सभी छोटे-बड़े अस्पताल संचालकों को पीसीबी से सहमति लेना अनिवार्य है। ऐसे में सहमति अवधि समाप्त होने पर विभाग ने अस्पतालों को शीघ्र ही सहमति के लिए आवेदन करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि जिले में करीब 661 छोटे-बड़े अस्पताल और क्लीनिक है।

जिन होटलों और प्राइवेट अस्पतालों की सहमति अवधि समाप्त हो गई है। उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। सहमति के लिए आवेदन करने को 15 दिन का समय दिया गया है। यदि इसके बाद भी होटल और अस्पताल संचालक आवेदन नहीं करते हैं तो निरीक्षण कर इन्हें बंद कराने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

-नरेश गोस्वामी, क्षेत्रीय अधिकारी, पीसीबी, काशीपुर।

पुलिस ने होटल, ढाबों और रेस्टोरेंटों पर मारे छापे

दिनेशपुर। पुलिस ने अभियान चलाकर नगर के होटल, ढाबों व रेस्टोरेंटों में छापेमारी की। एक रेस्टोरेंट के संचालक के खिलाफ मामला पंजीकृत किया। शनिवार की शाम थानाध्यक्ष अनिल जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सरिता बाजार स्थित बंगाली रेस्टोरेंट में शराब पिलाते हुए संचालक अजय माझी निवासी रामबाग, दिनेशपुर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष जोशी ने सभी संचालकों को अपने प्रतिष्ठान में बैठाकर शराब पीने की अनुमति न देने की हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी होटल, ढाबे व रेस्टोरेंटों में शराब पीते हुए कोई पकड़ा गया तो संचालक व उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर टीम ने जाफरपुर पुलिया के निकट मुखबिर की सूचना पर मनजीत सिंह निवासी- बागवाला, थाना- रुद्रपुर को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर धारा-60 आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत किया। पुलिस टीम में एसआई संतोष उप्रेती, एसआई प्रदीप मिश्रा, का .गोविंद आर्या, श्याम सिंह, कमलेश नेगी आदि थे।

14 लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

जसपुर। एक व्यक्ति ने घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते एक महिला समेत 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रेम कुमार पुत्र रुद्र प्रसाद निवासी मो. पट्टी चौहान, जसपुर ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि 28 फरवरी को मोहल्ले के ही सत्यपाल जोशी, शीतल जोशी पुत्र राम भरोसे लाल, वन्दना जोशी, अभय जोशी एवं अभिनव पुत्र सतपाल जोशी ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट की।

आरोप है कि मोहल्ले के ही अंकित पुत्र कंचन दत्त, कचन दत्त पुत्र रवि दत्त, अभिषेक उर्फ केकड़ा, संस्कार पुत्र भुकेन्द्र, चुल्लु उर्फ कान्दु पुत्र चिल्लु, संजय पुत्र कान्ति प्रसाद, रोहित उर्फ चनका ऊआ,अभय, शुभम पुत्र धनटुरी लीली व अन्य इनके साथ झगड़े में शामिल थे। जिनकी फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद है। आरोप है कि उक्त लोग हाथों में तलवार, डन्डे, ईंट लेकर घर के दरवाजे तोड़ घर में घुस गए और मारपीट की। जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस सभी पक्षों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

शांतिपुरी में विवाहिता ने फंदे पर लटककर आत्महत्या की

हताशा

- पारिवारिक कलह के चलते जान देने की बात सामने आई
- कुछ दिनों से परिवार से अलग रहकर खाना बना रही थी

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी में विवाहिता के पारिवारिक कलह के चलते फंदे पर लटककर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। शांतिपुरी नंबर दो भरतपुर निवासी कविदत्त पाण्डे के मकान में गन्ना छिलाई हेतु अस्थाई रूप से रह रही 20 वर्षीय पूजा पत्नी अरुण कुमार ने गृह कलेश के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक के परिजनों का कहना है कि शनिवार दोपहर करीब 3.30 बजे पूजा की सास लीलावती, पति व देवर बसंत गन्ना छीलने खेत पर गये थे। वापसी में सबसे पहले देवर अगोला लेकर घर पहुंचा तो दरवाजा बंद था। खेलने पर उसने देखा कि उसकी भाभी पूजा छत के कुण्डे से फंदा लगाकर लटकी हुई है। उसने तुरंत वापस खेत में जाकर अपने भैया और मां को बताया। आनन फानन में दोनों ने घर आकर शव को उतारा और फिर बेहोश होने की बात कर उसे एक प्राइवेट वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किच्छा ले कर गये, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस की सूचित कर दिया, लेकिन जबतक पुलिस अस्पताल में पहुंची उससे पहले ही परिजन पूजा के शव को वापस घर शांतिपुरी लेकर आ गये। जहां पंतनगर पुलिस व सीओ तपेश चंद्र ने शव का पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया। पहले पुलिस की पूछताछ शुरू होते ही पति अरुण बेहोश हो गया और सास लीलावती आत्महत्या की बात को छुपा रही थी। 108 एम्बुलेंस बुला कर प्राथमिक उपचार के बाद पति होश में आ गया। जिसके बाद पति व देवर बसंत ने पुलिस के सामने सच उगल दिया कि पूजा के मामा का 25 फरवरी को जन्मदिन था। वह मायके जाने के लिए तभी से जिद कर रही थी लेकिन मायके भेजने को उसके पास पैसे नहीं थे। बताया कि पूजा तभी से अलग पकाकर खा रही थी। जिसे लेकर दोनों में झगड़ा होता रहता था। देर रात समाचार लिखे जाने तक पुलिस शव को कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ में जुटी थी।

श्रीपुर बिछुआ में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

खटीमा। श्रीपुर बिछुआ गोठ में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार देर शाम श्रीपुर बिछवा गोठ निवासी माया देवी 45 पत्नी छोटे सिंह को आसपास के लोगों ने घर में जमीन पर पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची ने देखा कि महिला की मौत हो चुकी है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। घटना से मृतका के पति छोटे सिंह को दी गई। छोटे अल्मोड़ा के आईटीआई में मजदूरी का काम करता है। उसके दो पुत्र हैं जो मेहनत मजदूरी करते हैं। मृतका माया देवी मूलरूप से नेपाल की रहने वाली है। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि महिला की मौत संदिग्ध प्रतीत हो है जिसको लेकर कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

किशोर को अगवा करने के आरोपी दोषमुक्त

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: तीस लाख रुपये की फिरौती के लिए राइस मिलर के पुत्र का अपहरण करने के चार आरोपियों को प्रथम एडीजे की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। चार नवंबर 2016 की शाम कुंडा के ग्राम हल्दुआ साहू निवासी राइस मिलर जगदीश कुमार का बेटा आर्यन अरोरा (14) बाइक से हल्दुआ चौराहा गया था। इस दौरान अज्ञात लोगों ने आर्यन का बाइक सहित अपहरण कर लिया। आरोपियों ने आर्यन के पास मौजूद फोन से पिता जगदीश से 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। फिरौती की रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। जगदीश की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु की। पुलिस की सक्रियता के चलते आर्यन लौट आया। पांच नवंबर की शाम करीब 8 बजे आर्यन ने बहन को फोन कर अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छूटने की बात बताई। पुलिस ने उसे हरियावाला चौक के पास से सकुशल बरामद किया था। सात नवंबर 2016 को कुंडा थाना पुलिस ने छात्र को अपहृत करने के आरोप में ग्राम रमनावाला, ठाकुरद्वारा निवासी हरपाल व जसपाल सिंह उर्फ जस्सा, खानपुर हरिद्वार निवासी गुरमुख सिंह, कुंडा निवासी गुरविंदर को गिरफ्तार किया था। चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट पेश की।

भालू का युवक पर जानलेवा हमला

शक्तिफार्म। सिडकुल फेस टू में मवेशियों को चराने गए युवक पर झाड़ियों से निकले भालू ने हमला कर दिया, जिसमें वहां गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार को आमखेड़ा, चोरगलिया निवासी मोहम्मद सुलेमान पुत्र गुलाम मुस्तफा करीब 11 बजे मवेशियों को चराने जंगल में गया था, जहां अचानक भालू ने उस पर हमला कर दिया। लोगों के शोर मचाने पर भालू से भाग निकला, जिसके बाद ग्रामीणों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। वन क्षेत्राधिकार घनानंद चनियाल ने सिड़कुल के क्षेत्रीय प्रबंधक को सुरक्षा के मद्देनजर औद्योगिक क्षेत्र की घनी झाड़ियों को साफ कराने की अपील की। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से शाम के समय अकेले ना गुजरने की भी अपील की।

नकली दवा बनाने का आरोपी धरा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: ड्रग इंस्पेक्टर के नेतृत्व में टीम ने कुंडेश्वरी स्थित एक मकान से बड़ी तादाद में अपमिश्रित दवा व पैकिंग का सामान बरामद किया। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मिलावटी दवा तैयार कर बेचने और धोखाधड़ी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है।

डीएम उदयराज सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को ड्रग्स इंस्पेक्टर डॉ. आलोक कुमार शुक्ला ने प्रशासनिक व पुलिस टीम के साथ कुंडेश्वरी स्थित एक मकान में छापा मारा था। टीम ने मौके से मधु नाशक दवा के सील बंद डिब्बे, प्रिंटेड रैपर, सील पैकिंग स्टीकर, दो प्रेस, प्लास्टिक की चम्मच, 4 मिक्सी व 8 मिक्सी के जार के अलावा एलोपैथिक दवाइयां बरामद की थीं। जानकारी करने पर पता लगा कि काफी समय से तीन लोग शुगर की आयुर्वेदिक दवाई तैयार कर बेच रहे थे। जिसका सेवन करने वाले व्यक्तियों को किडनी संबंधी समस्याएं आ रही थीं। छापे के दौरान कमरे के अंदर और बरामदे में अपमिश्रित दवा के अलावा रैपर बरामद पाए गए। इन डिब्बों पर बकायदा बैच नंबर व एक्सपायरी डेट लिखी गई थी। मौके पर मिले कुंडेश्वरी निवासी विक्रांत सिंह ने बताया कि यह मकान उसके रिश्तेदार प्रशांत सागर का है। वे दोनों मिलकर मोदी नगर, मेरठ निवासी सतेंद्र चौधरी के साथ मिलकर यह धंधा करते हैं। कुछ देसी दवाओं में पिल 500 एमजी की एलोपैथिक दवा मिलाकर मिश्रित दवाइयों को प्लास्टिक के डिब्बों में पैक किया जाता है। दवाइयों की सप्लाई का जिम्मा सतेंद्र चौधरी का है। तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों विक्रांत, प्रशांत व सतेंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी व मिलावटी दवाओं का कारोबार करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने एक आरोपी विक्रांत को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

दो की तलाश

- पुलिस ने घर में बिना लाइसेंस चल रही दवा फैक्ट्री पकड़ी थी
- काफी समय से शुगर की दवाई तैयार कर बेच रहे थे तीन लोग

पंप चोरी कर रहे युवक को दबोचा

बाजपुर। मजार से टिल्लू पंप चोरी कर रहे युवक को ग्रामीणों की मदद से दबोच लिया। मजार की देख-रेख करने वाले मियां ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नंदपुर नरकाटोपा निवासी लल्ला मियां पुत्र बली मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि वह गांव में रामराज स्थित अंगार अली शाह बाबा के मजार पर देखभाल करते हैं। शुक्रवार सायं सात बजे मजार से घर खाना खाने के लिए चले गए। आरोप है कि इसी बीच मौका देखकर गांव का ही एक युवक मजार पर आ धमका और अंदर हेंडपंप लगी टिल्लू पंप की मोटर एवं पाइप को तोड़ने लगा जिसे कुछ ग्रामीणों ने देख लिया और उसे चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया जिसके कब्जे से मोटर वापस ले ली गई है।

खुशी नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट से लड़ेंगे चुनाव, उत्साही कार्यकर्ताओं ने बड़े अंतर से जीत का दावा किया

अजय भट्ट को पुन : टिकट मिलने पर की आतिशबाजी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान करना शुरू दिया है। इसमें उत्तराखंड की नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट पर रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट को पुनः प्रत्याशी बनाए जाने पर देर सायं उत्साहित भाजपाइयों की ओर से आतिशबाजी की गई तथा मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई।

भाजपा की ओर से जारी पहली सूची में नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से अजय भट्ट चुनाव लड़ेंगे। भाजपा हाईकमान ने इसकी घोषणा कर दी है। इसकी जानकारी मिलते ही अजय भट्ट के समर्थक भाजपाई झूम उठे और देर सायं भगत सिंह चौक पर पहुंच गए, जहां जमकर नारेबाजी कर अबकी बार 400 पार, फिर आएगी मोदी सरकार..., हर बूथ पर कमल खिलेगा भाजपा को हर यूथ मिलेगा... आदि नारे लगाए गए। उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी ने कहा कि भाजपा हाइकमान द्वारा अजय भट्ट के कार्य, जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं में उनकी पकड़ को देखते हुए पुनः टिकट दिया है। दावा किया कि पिछले लोकसभा चुनाव से भी अधिक मतों से अजय भट्ट की जीत होगी। अन्य वक्ताओं ने कहा कि लोगसभा क्षेत्र के हर मुद्दे को अजय भट्ट द्वारा गंभीरता से लिया गया जिसके चलते वह हर वर्ग के चहेते बने और पार्टी ने उनका सम्मान करते हुए उन्हें पुनः मौका दिया है। कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ टिकट दिया है उतने ही बड़े अंतर से जीत होगी। इस मौके पर युवा भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह नामधारी, भाजपा जिला मंत्री विकास गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, मंडल महामंत्री नरेंद्र चौधरी, लाडी नामधारी, बबलू नामधारी, साकेत सिंघल, गुरमुख नामधारी, गुरसेवक सिंह, हरसा सिंह, हरप्रीत सिंह सेठी, बीडीसी रहीस अहमद, इमामी, रियाज चौधरी, अंगद सिंह चौधरी, आलम, विशाल चौहान आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में भगत सिंह चौक पर रक्षा राज्यमंत्री को पुन : लोकसभा का टिकट मिलने पर आतिशबाजी करते भाजपा कार्यकर्ता।

महिला ने भाभी के खिलाफ तहरीर दी

बाजपुर। मायके में रह रही तलाकशुदा महिला ने अपनी भाभी पर उसका सामान बाहर फेंकने, गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम धनसारा निवासी रिहाना ने पुलिस को बताया कि वह तलाकशुदा है और वर्तमान में अपने सगे भाई-भाभी के साथ रहती है। उसके पास कोई औलाद नहीं है तथा दोराहा में एक दुकान पर काम करके अपना गुजर-बसर कर रही है। आरोप है कि उसकी भाभी उसे घर से भगाना चाहती है जिसके चलते आए दिन गाली-गलौज व मारपीट कर रही है। इतना ही नहीं 29 फरवरी को भी देर रात करीब सात बजे वह काम से घर लौटी तो देखा कि भाभी उसका सामान घर से बाहर फेंक रही है।

टक्कर मारने के आरोपी ने नहीं भरा इलाज का बिल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : सड़क हादसे में मारे गए साइकिल सवार मजदूर की मौत के बाद आरोपी बाइक सवार पर वादाखिलाफी करने का मामला सामने आया है। वार्ड-22 रंपुरा निवासी रविता ने बताया कि उसका पति बबलू भूरारानी स्थित एक गोदाम में मजदूरी का काम करता था और 18 दिसंबर 2023 को जब पति साइकिल से घर लौट रहा था अचानक बाइक के चालक कृष्ण गावा ने साइकिल को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल होने के कारण पति को हायर सेंटर में भर्ती कराया गया। उस वक्त बाइक स्वामी के पिता पल्ली गाबा ने 90 हजार रुपये उपचार का खर्च देते हुए आश्वासन दिया था कि उपचार में जितना भी खर्चा आएगा इसका वहन किया जाएगा। कई दिनों तक चले उपचार के दौरान पति की मौत हो गई और उस पर तीन लाख रुपये का उपचार का खर्च हो गया। जब बाइक सवार के पिता से कर्जा निपटाने के लिए खर्चा मांगा तो अभद्रता की गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वादाखिलाफी

- 18 दिसंबर को साइकिल सवार हुआ था घायल, कई दिन तक चले उपचार के बाद हो गई मौत

एक नजर

115 लीटर शराब बरामद

किच्छा। कोतवाली पुलिस की टीम ने वाहन में शराब की तस्करी करते एक आरोपी को पकड़ लिया। उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिसकर्मी नरेंद्र कन्याल, नरेंद्र कुमार, पीआरडी छोटे सिंह एवं महिला पुलिसकर्मी सोनिया की टीम ने देर रात्रि हल्द्वानी मार्ग स्थित बंडिया चौक पर टाटा मैजिक वाहन को रोक लिया। पुलिस ने 115 लीटर कच्ची शराब बरामद कर ली। पुलिस ने वाहन चालक वार्ड नंबर 4, बंडिया, निकट बड़ी नहर, थाना किच्छा निवासी आरोपी जाहिद हुसैन को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी।

देवभूमि पर्वतीय महासभा की बैठक को बताया अमान्य

काशीपुर। उप निबंधक, फर्म सोसाइटीज एंड चिट्स ने देवभूमि पर्वतीय महासभा की चुनाव को लेकर बुलाई गई बैठक मान्य नहीं बताया है। कहा कि यदि समय सीमा के अंदर चुनाव नहीं कराया गया तो पदाधिकारी सधारण निकाय की बैठक बुला तो सकता है, लेकिन वह बैठक रजिस्ट्रार या उसके प्राधिकृत किसी अधिकारी की अध्यक्षता में ही की जाएगी। ग्राम भीमनगर, निवासी प्रदीप जोशी समेत कुछ अन्य लोगों ने उप निबंधक फर्म्स को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया था कि कथित निवर्तमान अध्यक्ष ने 25 फरवरी को संगठन के चुनाव के लिये अवैध बैठक बुलाई। जिसमें तीन लोगों को चुनाव अधिकारी बनाया गया।

पदाधिकारियों ने मिसाल कायम की

गदरपुर। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता कर कहा कि नगर व्यापार मंडल ने जो निर्णय लिया है वह एक मिसाल कायम करेगा। शनिवार को नवीन मंडी स्थित अपने प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता करते हुए व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने कहा नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बहेड ने 3 साल का कार्यकाल पूरा होने पर पद मुक्त होने की बात कही है एक बहुत अच्छा कदम है। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिए व्यापार मंडल के चुनाव अभी नहीं कराये जा सकते। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ,जिला संगठन मंत्री किशन लाल सुधा मौजूद थे।

बहरेपन के कारण बताए

खटीमा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बगुलिया में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व श्रवण दिवस मनाया गया और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ संदीप, डॉ शैलजा पांडेय ने बच्चों को कान में होने वाली बीमारियों की जानकारी देते हुए बहरेपन के कारणों को बताया गया। इस अवसर पर नर्सिंग ऑफीसर निर्मला, कविता बिष्ट सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

फसलों के लिए काफी लाभदायक है बारिश

तराई में हुई 9 मिलीमीटर बारिश, आज भी जारी रहने की संभावना, अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रहा

मौसम

- तराई में पिछले एक सप्ताह से चटक धूप खिली हुई थी
- बारिश के बाद तेज हवा से फसल को काफी नुकसान पहुंचा

84 फीसदी रही वातावरण में नमी की मात्रा, जबकि दक्षिण पूर्व से 8.4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली

16.1 डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान सुबह से बादल छाये रहे और फिर शुरू होने लगी बारिश

संवाददाता, रुद्रपुर /काशीपुर

अमृत विचार : तराई में एक बार मौसम ने करवट बदली है। सुबह से करीब 9 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। मौसम वैज्ञानिकों ने रविवार को भी बारिश होने की संभावना जताई है, हालांकि मौसम वैज्ञानिकों ने बारिश को फसलों के लिए लाभदायक बताया है। तराई में पिछले एक सप्ताह से चटक धूप खिली हुई थी।

शनिवार की सुबह से बादल छाये रहे और फिर बारिश शुरू हो गयी। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 19.5 और न्यूनतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी की मात्रा 84 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पूर्व से 8.4 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि रविवार को तराई में बारिश होने की उम्मीद है। बारिश फसलों के लिए काफी फायदेमंद होगी। इससे किसानों को भी काफी लाभ मिलेगा और आर्थिक नुकसान कम होगा।

दिनेशपुर में वर्षा के साथ चली हवा से जमीन पर बिछी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

वहीं काशीपुर में भी मौसम के एक बार फिर करवट लेने से ठंड बढ़ गई है। शुक्रवार देर रात तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश शनिवार सुबह तक चलती रही। हालांकि दोपहर में एक बार धूप जरूर खिली, लेकिन शाम होते-होते आसमान में फिर बादल छा गए।

हल्की वर्षा और तेज हवा से जमीन पर बिछी गेहूं की फसल

दिनेशपुर। शनिवार प्रात: से हल्की वर्षा के साथ तेज हवा चली। विद्युत कटौती से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, वहीं खेतों में तैयार हो रही अगेती गेहूं की फसल जमीन पर गिरकर खराब होने की कगार पर पहुंच गई। क्षेत्र का किसान गेहूं की फसल जमीन पर बिछने से खराब होने के डर से चिंतित एवं मायूस दिख रहा है। छोटी जोत के किसान बलवंत सिंह कोरंगा ने बताया कि पिछली बार की अपेक्षा इस बार गेहूं की फसल काफी अच्छी थी। जमीन में गिरने से फसल को काफी नुकसान पहुंचा है, जबकि एक माह पूर्व हुई वर्षा के साथ तेज हवा से तैयार लाही व मटर की फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। किसान चंचल सिंह देऊपा ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को कुछ वर्षों से लगातार धान व गेहूं की फसल देवी आपदा के चलते नुकसान हो गया है। इस वार नुकसान की भरपाई के लिए किसानों ने अगेती गेहूं की फसल की बुवाई की थी।

जल्द होगी पुलिया की मरम्मत

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण को लेकर लोनिवि और पालिका प्रशासन की टीम ने संयुक्त रूप से मौका मुआयना किया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के जेई ने कहा कि जल्द ही क्षतिग्रस्त साइडों का निर्माण किया जाएगा।

रविवार को लोनिवि के एई विनोद कुमार और नगर के अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा ने गूलरभोज मोड पर पहुंचे, जहां उन्होंने गुलरभोज मोड तिराहे पर मार्ग के दोनों तरफ क्षतिग्रस्त पुलिया को देखा। गूलरभोज रोड के व्यापारियों का कहना था कि बरसात के दिनों में पुलिया के नीचे से पानी की निकासी नहीं हो पाती है, जिससे ओवर फ्लो होकर बहने वाला गंदा पानी व्यापारियों की दुकानों में घुस जाता है जिससे लाखों रुपए का नुकसान होता है। सूचना पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना मौके पर पहुंचे उनका कहना था पुलिया की दोनों साइड में क्षतिग्रस्त होने से कई बाइक सवार उसमें गिर चुके हैं जिससे गंभीर रूप से वह घायल हो गए हैं उन्होंने जल्द निर्माण की बात कही। लोनिवि के एई विनोद कुमार ने कहा कि नीची पुलिया को ऊंचा करना संभव नहीं है। निर्माण कार्य को लेकर कार्य योजना बनाई जाएगी। अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि तलीझाड़ सफाई करके मुख्य मार्ग से जुड़ने वाले नाले के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मत कराई जाएगी। उन्होंने बताया की पुलिया के नीचे जल संस्थान का पाइप है जिस कारण कूड़ा कचरा अटकने से पानी का प्रवाह प्रभावित होता है। इस मौके पर विजेंद्र कुमार, ओमप्रकाश डूमडा, अमित मदान, प्रेम कोचर, अमित सेतिया आदि मौजूद थे।

गदरपुर गूलरभोज रोड पर क्षतिग्रस्त पुलिया को देखते ऐई विनोद कुमार एवं अन्य।

सदन में विवि संबंधी मुद्दे उठाने का स्वागत

संवाददाता, शातिंपुरी

बैठक

- कृषि मंत्री ने 15 दिनों में पेंशन, ग्रेच्युटी, 2003 से पूर्व दैनिक कर्मियों की नियुक्ति का वादा

अमृत विचार: शनिवार को परिसर की बड़ी मार्केट में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी एवं उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष आंनद सिंह असगोला की अध्यक्षता में बैठक हुई।

इसमें असगोला ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि किच्छा के विधायक ने सदन में विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को रखा और कृषि मंत्री ने 15 दिनों में पेंशन, ग्रेच्युटी, 2003 से पूर्व दैनिक कर्मियों की नियुक्ति और आउटसोर्स कर्मचारियों को 500 रुपये प्रतिदिन लागू किए जाने का वादा किया। वह विधायक और कृषि मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।

यदि 15 दिनों में उपरोक्त प्रकरणों में से कोई भी दो लागू कर दिए तो वह उनका फूल मालाओं से स्वागत करेंगे, क्योंकि वह युवाओं और विश्वविद्यालय के कार्मिकों की समस्याओं का स्थाई समाधान चाहते हैं। कहा कि वैसे तो अभी तक दोनों राष्ट्रीय दलों ने विवि को नुकसान ही पहुंचाया है।

विवि की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण न्यूनतम मजदूरी पाने वाले श्रमिकों को समय पर मजदूरी नहीं मिल पा रही है, जबकि मंत्री कहते हैं कि विश्वविद्यालय की वार्षिक आय लगभग 20 करोड़ है। उन्होंने कहा कि यह विधायक का चुनावी स्टंट भी हो सकता है। इस दौरान जिला मिडिया प्रभारी भानू मेहरा और पंतनगर नगर अध्यक्ष जेसी जोशी आदि लोग मौजूद थे।

अंगदान को जागरूकता पर जोर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: चिकित्सकों की बैठक में गुर्दे व हृदय प्रत्यारोपण के साथ इनकी चिकित्सा में सृजित हुए नये आयाम के बारे में अनुभव साझा किए गए।

शुक्रवार देर शाम बाजपुर रोड स्थित एक होटल में आईएमए काशीपुर के तत्वावधान में सत्यराज इंटरनेशनल किडनी केयर फाउंडेशन के सहयोग से सीएमई का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली के वरिष्ठ गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील प्रकाश एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राम मेहरोत्रा ने गुर्दे व हृदय प्रत्यारोपण के साथ इनकी चिकित्सा में सृजित हुए नये आयाम के बारे में अपना ज्ञान व अनुभव साझा किया। काशीपुर की डॉ. पारुल सिंगल ने गुर्दा रोगियों के लिये भोजन व्यवस्था पर के बारे में बताया। कार्यक्रम में अंग दान व इसके लिये समाज को जागरूक करने की आवश्यकता पर गंभीर चिंतन किया गया। गोष्ठी का संचालन डॉ. वरिष्ठ चिकित्सक आरके शर्मा एवं डॉ. एके बंसल ने किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. यशपाल रावत ने गोष्ठी में चिकित्सकों और गणमान्य लोगों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में डॉ. एके खन्ना, डॉ. वीके छाबड़ा, डॉ. नरेंद्र अग्रवाल, डॉ. वीना जोशी, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. रवि सिंघल, डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. एसके अग्रवाल, डॉ.अरविंद शर्मा, डॉ. एसके गुप्ता, राजीव घई, देवेंद्र जिंदल, योगेंद्र जिंदल आदि रहे।

काशीपुर में कार्यक्रम का शुभारंभ करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

मौसम में बदलाव से बिगड़ रही सेहत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: फरवरी बीत चुका है, दिन की गर्मी लोगों को परेशान किए है, जबकि रात और सुबह मौसम ठंडा बना हुआ है। मौसम का यह बदलाव लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। ठंडे-गर्म इस तापमान से लोगों को सर्दी, जुकाम व बुखार की शिकायत हो रही है। इस तरह के सरकारी अस्पताल में रोजाना लगभग 80 प्रतिशत मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वही बच्चों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी बनी हुई है।

सर्दी से गर्मी की ओर बढ़ रहे मौसम बदलाव के कारण गर्म होने से लोग हाफ टी शर्ट पहने नजर आ रहे हैं, तो वही रात में सर्दी बढ़ने से लोग स्वेटर व जैकेट पहने हुए हैं। ठंडा-गर्म होने से लोग वायरल की चपेट में आ जा रहे हैं, जिससे उन्हें सर्दी, जुकाम व बुखार की शिकायत हो रही है। शहर के एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में विभिन्न तरह की बीमारियों के साथ ही सर्दी जुकाम व बुखार से पीड़ित मरीज भी पहुंच रहे हैं। जिनकी संख्या में आम दिनों की अपेक्षा इजाफा देखा गया है। चिकित्सकों को मानना है कि इस समय मौसम में बदलाव से लोगों को सर्दी, जुकाम व बुखार की शिकायत आ रही है। जिससे इस बीमारी से ग्रसित करीब हर दूसरा मरीज इसकी शिकायत लेकर आ रहा है और करीब 80 प्रतिशत मरीज रोजाना अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं मौसम का यह बदलाव बच्चों की सेहत को भी बिगाड़ रहा है। सरकारी अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव पुनेठा ने बताया कि दिन में गर्म और रात में ठंडा होने से सर्दी, जुकाम व बुखार की शिकायत बच्चों को हो रही है। इस तरह के करीब 60-65 बच्चे रोज उनके पास आ रहे हैं।

उन्होंने बच्चों को इस मौसम से बचाने के लिए बच्चों को दिन में भी हल्के गर्म कपड़े पहनाएं रखने और ठंडा पानी के सेवन न करने की सलाह दी है। उधर डॉ. प्रियांक चौहान ने बताया कि इस समय मौसम में बदलाव के कारण सर्दी, जुकाम वायरल से पीड़ित मरीज ही इलाज के लिए आ रहे हैं।

बच्चे का इलाज करते बाल रोग विशेषज्ञ।

आयोजन वार्ड सुनहरी स्थित आश्रम में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित

जनता मोदी सरकार के काम से संतुष्ट : अजय भट्ट

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री एवं ऊधम सिंह नगर-नैनीताल लोकसभा के सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखकर देश हित में कार्य किया है। जनता मोदी सरकार के काम से संतुष्ट है, जिसके चलते जनता ने "अबकी बार- 400 पार" का नारा बुलंद कर दिया है।

नगर के वार्ड सुनहरी स्थित आश्रम में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित कर केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने यह बात कही। आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थी सम्मेलन अभियान के विधानसभा संयोजक दिनेश भाटिया, सहसंयोजक लवी सहगल एवं भाजपा नेता श्रीकांत राठौर के नेतृत्व में भाजपाइयों ने केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट का स्वागत किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना, श्रीमती लता सिंह, डॉ एके गुप्ता, लवी सहगल, अभिषेक सक्सेना, सुजाहत यार खान, गीता राठौर, प्रेमलता चौहान, डॉ संगीता शर्मा, राजकुमार गुप्ता, शोभित शर्मा, विशाल फुटेला, सुभाष तनेजा, मीरा तिवारी, आरती दुबे, हारुन मलिक, मुकेश राठौर आदि मौजूद रहे।

किच्छा में केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

काशीपुर में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान

काशीपुर। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित सामाजिक सम्मेलन में केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया गया। मानपुर रोड स्थित एक मैरिज पैलेस में आयोजित सम्मेलन में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज पाल, निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी, नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल, जिला महामंत्री मोहन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

घर-घर जाकर संपर्क करने में जुटे

शक्तिफार्म। लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत गांव-गांव, घर-घर पहुंच लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।

शनिवार को ग्रामसभा गुरुग्राम में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें शामिल हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने, लोगों के घर-घर जाकर उनको केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, कार्तिक राय, विष्णु प्रमाणिक, विधान दास, आकाश हालदार, मनिंदर मिस्त्री, असित मंडल, राजेश नंदी, प्राण बड़ाई, श्रीकांत विश्वास, विधान राय, मयंक अग्रवाल, मनोज सरकार, देबू मंडल, संजय बाछाड़, विजय बगला, शिखा हालदार आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

बैकुंठपुर में अखंड हरीनाम संकीर्तन के अवसर पर कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

कलश यात्रा के साथ अखंड महानाम संकीर्तन शुरू

शक्तिफार्म। बैकुंठपुर शक्तिफार्म नंबर एक में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय अखंड महानाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में कलश यात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राधाकुंड वृंदावन से आए पुरोहित ब्रह्मचारी तरुण कृष्ण दास जी महाराज एवं श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र महाराज ने मां गंगा को आह्वान कर अमृत गंगाजल कलश को मंदिर परिसर में स्थापित किया। इस अवसर पर आयोजक समिति के सतीश सरकार, रवींद्र सिंह, परेश मंडल, आनंद राय, सुमित सरकार, अनिमेष सरकार, राम गोपाल सरकार, हरिकृष्ण बैरागी, हरिचंद विश्वास, जीवन विश्वास, सुजीत व्यापारी, पंचानन मंडल, बलाई साना, सुभाष सरकार, राणा सरकार, सूरज मंडल, अर्जुन मंडल, सुजीत व्यापारी, विजय मंडल, राकेश बैरागी आदि मौजूद थे।

दिनेशपुर से हरिद्वार रवाना होता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

दिनेशपुर से हरिद्वार रवाना हुआ कावड़ियों का जत्था

दिनेशपुर। शिवरात्रि पर्व से पूर्व जलाभिषेक के लिए पवित्र गंगाजल लाने क्षेत्र के कांवड़ियों का जत्था प्राचीन शिव मंदिर रामबाग से पूजा-अर्चना कर हरिद्वार के लिए रवाना हुए। शनिवार को प्राचीन शिव मंदिर रामबाग के पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने शिव भक्तों को तिलक लगाकर रवाना किया। पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया ने बताया कि श्रद्धालु प्राचीन शिव मंदिर रामबाग के अलावा नगर के शिव मंदिर, खटोला, हरिपुरा, चरनपुर, चक्कीमोड़, कूल्हा, ललपुरी, दलीपनगर, तिलपुरी, धीमरीब्लॉक, दुर्गापुर, कालीनगर, आनंदखेड़ा, हरिदासपुर, शिवपुर व जाफरपुर आदि क्षेत्र के शिव मंदिरों में कांवड़िये पूजा-अर्चना के बाद विगत तीन दिनों से लगातार हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेने के लिए रवाना हुए हैं। इस मौके पर आलोक पाठक, सागर सिंह आदि हरिद्वार रवाना हुए।

जिंदगी जिंदाबाद टीम के संस्थापक के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

जिंदगी जिंदाबाद को सम्मानित किया

रुद्रपुर। कोविड काल हो या फिर निर्धन कन्याओं की शादी का कार्यक्रम हो। हमेशा जिंदगी जिंदाबाद की टीम ने आगे बढ़कर योगदान दिया। वर्तमान में गरीबों को बिना लाभ के कम दामों पर दवाइयां मुहैया कराने की मुहिम छेड़ी हुई है। जिसको ध्यान में रखते हुए सितारगंज गुरुतेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट ने टीम को 24 कैरेट सोना की उपाधि देते हुए सोने का सिक्का देकर प्रोत्साहित किया। जिंदगी जिंदाबाद टीम के संस्थापक करमजीत सिंह चाना ने बताया कि सितारगंज गुरुतेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में टीम को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट द्वारा सोना टीम की उपाधि पाकर टीम के सदस्यों में काफी उत्साह है। इस अवसर पर ट्रस्ट के दविंदर सिंह, महेश मित्तल, सुप्रीत भाटिया, सुखबीर बेदी आदि मौजूद रहे।

किच्छा में विजई प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

सूर्य नगर और नजीबाबाद की टीम विजयी

किच्छा। नेहरू युवा केंद्र ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का निकटवर्ती ग्राम सूर्यनगर में आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान वॉलीबॉल में सूर्य नगर की टीम एवं खो-खो प्रतियोगिता में नजीबाबाद की टीम विजयी रही। विजयी टीम को अतिथियों ने ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु के प्रतिभागियों ने लंबी कूद, दौड़ प्रतियोगिता, वॉलीबॉल आदि खेलों में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे युवा समाजसेवी दीपक देव, अजय साहनी एवं राकेश कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रेफरी की भूमिका में सौरव गुरुरानी एवं प्रदीप जोशी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा बाजपुर

बाजपुर। महाशिवरात्रि पर्व पर आने वाली पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा पर शिवभक्तों का हरिद्वार जाने का सिलसिला शनिवार भी जारी रहा जिसमें कांवड़िए पैदल कांवड़ यात्रा के लिए हरिद्वार रवाना हुए। इस दौरान हर-हर, बम-बम..., जयकारा वीर बजरंगी, हर-हर महादेव के उद्घोष से बाजपुर गूंज उठा। शनिवार दोपहर में ओम शिव कांवड़ दल का जत्था शनिदेव-ब्रह्मदेव मंदिर में एकत्रित हुआ, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद महंत राजेंद्र कुमार उर्फ बंटी ठक्कर की अगुवाई में शिवभक्त पैदल रथ यात्रा के लिए हरिद्वार रवाना हुए। बताया गया कि जत्था पतित पावनी मां गंगा नदी से 251 लीटर गंगाजल कलश में भरकर तीन मार्च को दोपहर बाद पैदल रथ यात्रा हरिद्वार से शुरू करेंगे और 180 किमी की पैदल यात्रा पूरी करके सात मार्च की सायं तक बाजपुर पहुंचेंगे। आठ मार्च की प्रात: महाशिवरात्रि पर्व वाले दिन प्राचीन शिवमंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्रा पर रवाना होने वालों में संदीप गुप्ता उर्फ विक्की, सन्नी चानन, बिट्टू बत्रा, सिद्धार्थ गर्ग उर्फ सिद्धू, प्रतीक ग्रोबर, वैभव ठक्कर, नवनीत गोयल, अनिल कौशिक, देबू, दीपक अग्रवाल, अनिल बाबा, अभिषेक, सुमित, मोनू अग्रवाल, विकास आदि शामिल थे।

घर और गोशाला में लगी आग, सामान जला

जसपुर। एक व्यक्ति के घर में भीषण आग लगने से घर का सारा सामान जल गया। शनिवार शाम 7 बजे राजपुर जसपुर में घर पर आग लग गयी। सूचना मिलने पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में फायर स्टेशन से तत्काल दो फायर यूनिट घटना स्थल पर पहुंची। तब तक भोपाल सिंह पुत्र गिरधारी सिंह के घर व गोशाला में लगी आग तेजी से फैल चुकी थी। फायर यूनिट द्वारा तुरंत मिनी हाई प्रेशर से होजरील फैलाकर आग पर लगातार पंपिंग की गई। पानी समाप्त होने पर पास के घर के समर्सिबल से पानी लेकर आग पर लगातार पंपिंग की गई तथा आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। आग से घरेलू सामान कपड़े अनाज, बर्तन, बिस्तर, बक्सा, नगदी आदि सामान जल गया था।

सूखी मिर्च के नाम पर गांजा तस्करी

सल्ट पुलिस ने एक तस्कर दबोचा, दो कट्टों से 15 किलो गांजा किया बरामद, कार सीज

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस का अभियान जारी है। शनिवार को सल्ट पुलिस ने गौलेखाल मार्ग पर सूखी मिर्च के नाम पर गांजा ले जा रहे एक तस्कर को दबोचा है। उसके पास से दो कट्टों में 15 किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर सल्ट थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद ने पुलिस टीम के साथ मौलेखाल, शशीखाल, हिनौला क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। तभी मरचूला के पास गौलीखाल की ओर से एक कार संख्या यूए 06 एफ-0333 आती दिखाई दी।

शक होने पर कार को रोककर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम रोहन कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम गोपीपुरा, चांदपुर हेमपुर काशीपुर बताया। कार सवार ने बताया कि वह सूखी मिर्चों का व्यापारी है और मिर्च खरीद कर लौट रहा है। टीम ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें से दो कट्टों में करीब पंद्रह किलो गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो अभियुक्त ने बताया कि गांजा रसिया महादेव के अलग-अलग गांवों से खरीद कर लाया है। जिसे वह प्रतापपुर स्थित अपनी दुकान में महंगे दामों में बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने तस्कर को गांजे समेत हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही वाहन को भी सीज कर दिया। पकड़े गए गांजे की कीमत करीब दो लाख पच्चीस हजार रुपये बताई जा रही है। टीम में हेड कांस्टेबल सुरेश चंद्र, मनोज रावत, विपिन पांथरी, रवि प्रताप मौजूद रहे।

सल्ट के गौलीखाल मार्ग पर पकड़े गए तस्कर के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

कार्रवाई

- रसिया महादेव के गांवों से खरीद कर लाया था तस्कर
- दो लाख पच्चीस हजार बताई जा रही गांजे की कीमत

कार ने शिक्षक की बाइक को मारी टक्कर, गंभीर

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जागेश्वर के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने एक सहायक शिक्षक की बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में शिक्षक रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन-फानन में धौलादेवी अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

हल्द्वानी लामाचौड़ निवासी कमल सिंह धौनी विकास खंड के राइंका नैनी में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। शुक्रवार की शाम वह विद्यालय के साथी शिक्षक राकेश चंद्र के साथ बाइक से स्कूल से कमरे की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह जागेश्वर के पास पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गई। हादसे में कमल गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि साथी शिक्षक राकेश चंद्र को हल्की चोटें आईं। आनन-फानन में कमल को अन्य शिक्षकों व स्थानीय लोगों की मदद से धौलादेवी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। घायल शिक्षक के भाई राकेश ने बताया कि कुंदन को मुखानी स्थित एक निजी चिकित्साल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने अज्ञात कार चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष विजय नेगी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

गौरव पांडे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बने

अल्मोड़ा : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जागेश्वर निवासी गौरव पांडे को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है। छात्र जीवन से राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले गौरव पांडे मूल रूप से जागेश्वर के बरतोली गांव के रहने वाले हैं। वह दिल्ली के सत्यवती कॉलेज में तीन बार संयुक्त सचिव, उपाध्यक्ष और अध्यक्ष चुने गए। जबकि दिल्ली विवि में सचिव भी रहे। छात्र राजनीति के बाद वह अखिल भारती विद्यार्थी परिषद और भाजयुमो से जुड़ गए। संगठन के प्रति उनके लगाव देखते हुए उन्हें जम्मू और उत्तराखंड राज्य का प्रभारी भी बनाया गया। भाजपा में पांडे को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। अब उनके दायित्वों को बढ़ाते हुए उन्हें प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। गौरव को यह जिम्मेदारी मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

संस्कृति व धर्मस्य विभाग के लिए स्वीकृति मिली

टनकपुर : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चंपावत जिले के लिए संस्कृति एवं धर्मस्य विभाग की घोषणा के क्रियान्वयन को शासन से वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र चंपावत के अंतर्गत मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत घटोत्कच मंदिर परिसर में चाहरदीवारी, दो कक्षों का निर्माण एवं मंदिर का सौंदरीकरण किया जाएगा। क्रियान्वयन व पूर्ति के लिए कार्यदाई संस्थान ग्रामीण निर्माण विभाग को एक करोड़ की धनराशि की प्राप्त हो गई है।

सिंचाई योजनाओं से वंचित गांवों को जोड़ने की मांग

अल्मोड़ा : राज्य आंदोलनकारियों ने जलागम योजना से वंचित गांवों को इस योजना से जोड़ने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि जिले के भैसियाछाना, धौलादेवी, लमगड़ा विकास खंड आज भी जलागम जैसी महत्वपूर्ण योजना से वंचित हैं। राज्य बनने के बाद जलागम ने प्रदेश में बंजर भूमि विकास, हरियाली जैसी अनेक योजनाएं चलाई, लेकिन योजनाओं के मानकों, सीमाओं के चलते अनेक गांव इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं। इसलिए इन गांवों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाना चाहिए।

आयुर्वेदिक संस्थान में अतिथि गृह व स्टाफ क्वार्टर का शिलान्यास करते अतिथि।

अतिथि गृह व स्टाफ क्वार्टर का वर्चुअल शिलान्यास

रानीखेत : क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान थापला में शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री आयुष डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई ने दिल्ली से वर्चुअल 7.87 करोड़ लागत से बनने वाले स्टाफ क्वार्टर एवं अतिथि गृह का शिलान्यास किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023 के अंतर्गत संस्थान के विद्यालय एवं महाविद्यालय में की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जीसी जोशी, डॉ. ललित मोहन तिवारी रहे। इस अवसर पर महानिदेशक प्रो. रवि नारायण आचार्य, संस्थान के उपनिदेशक डॉ. एन श्रीकांत, सहायक निदेशक डॉ. टी महेश्वरी, प्रभारी सहायक डॉ. आचित्य मित्रा समेत, डॉ गजेंद्र राव, डॉ. दीपशिखा आर्य, डॉ. तरुण कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों से आए 50 प्रवक्ता व वैज्ञानिक मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा को स्मृति चिन्ह देते समिति के पदाधिकारी।

न्यायमूर्ति वर्मा ने मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन किए

टनकपुर : नैनीताल हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा ने मां पूर्णागिरि देवी के दर्शन किए। उन्होंने पत्नी संग देवी धाम में पूजा-अर्चना की। पुजारी महेश चंद्र पांडे और प्रकाश पांडे ने पूजा-अर्चना कार्यक्रम कराया। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन चंद्र तिवारी ने न्यायमूर्ति को मां पूर्णागिरि धाम के इतिहास और महत्व के बारे में जानकारी दी। बताया कि टनकपुर से 23 किलोमीटर दूर मां पूर्णागिरि देवी धाम आस्था का पवित्र स्थल है। यहां हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने समिति की ओर से न्यायमूर्ति वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष भुवन पांडे, कोषाध्यक्ष नवीन तिवारी मौजूद रहे।

शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ

टनकपुर : स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद में जगह-जगह मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को डीएम नवनीत पांडे की अध्यक्षता में उत्तराखंड@25 आदर्श चम्पावत की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए विभिन्न संस्थाओं के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, सलाहकारों व लोगों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट शंकर पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार गणेश दत्त पांडेय मौजूद रहे।

अराजक तत्वों के खिलाफ थाने में दी तहरीर

लोहाघाट : रायनगर चौड़ी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पुराने भवन में तोड़फोड़ कर कापी-किताबों में आग लगाने वाले अराजक तत्वों के विरूद्ध प्रधानाचार्य ने थाने में तहरीर दी है। प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश चंद्र उप्रेती ने कहा है कि शुक्रवार को अज्ञात अराजकतत्वों ने विद्यालय के पुराने भवन के मुख्य दरवाजे को तोड़ने के साथ पुस्तकालय की किताबों में आग लगा दी। साथ ही फर्नीचर सहित बच्चों के खेलने व पढ़ाई के सामान को तोड़कर परिसर में जगह-जगह फेंक दिया था। उन्होंने पुलिस से आराजकतत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अमोड़ी महाविद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी व छात्र-छात्राएं।

छात्र-छात्राओं को दिए सफल उद्यमी बनने के टिप्स

टनकपुर : देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के तहत अमोड़ी महाविद्यालय में 12 दिवसीय ईडीपी प्रशिक्षण शनिवार को भी जारी रहा। प्राचार्य प्रो. अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता ने व्यक्ति विकास एवं व्यक्तित्व को आगे बढ़ाने, जॉब, उद्यम, व्यवसाय में व्यक्तित्व के माध्यम से सफल उद्यमी बनने के टिप्स दिए। साथ ही भारत के प्रमुख महिला व पुरूष उद्यमियों की कार्यशैली की जानकारी दी। अतुल कुमार मिश्र ने अनुशासन के बारे में समझाया। पंकज तिवारी, रमेश पंत ने देहरादून की उद्यमिता टीम का आभार जताया। इस दौरान डॉ. संजय कुमार, संजय गंगवार, दशरथ बोहरा, महेश लाल, दिनेश रावत, विजय मौर्य ने सहयोग किया।

सल्ट ब्लॉक में ब्लैक आउट

संवददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के सल्ट विकास खंड में शुक्रवार की शाम से बिजली आपूर्ति ठप है। जिस कारण सैकड़ों गांवों में ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। बिजली न होने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रूक-रूक कर हो रही बारिश से बिजली विभाग की पेट्रोलिंग टीम फॉल्ट नहीं ढूंढ़ पा रही है।

बारिश और तेज हवाओं के कारण शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे से सल्ट विकास खंड में बत्ती गुल हो गई। जिस कारण पूरी रात ब्लॉक के सैंकड़ों गांव अंधेरे में रहे। शनिवार को भी मौसम का मिजाज ठीक न होने के कारण दिनभर बिजली की आपूर्ति ठप रही। इससे जहां सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों में कामकाज प्रभावित रहा। वहीं घरों में लोगों और व्यापारियों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण अभी भी विकास खंड के डेढ़ सौ से अधिक गांव और कस्बे अंधेरे में डूबे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लाइनों में फॉल्ट आने के कारण सब स्टेशनों तक बिजली नहीं पहुंच पा रही है। लगातार बारिश के कारण पेट्रोलिंग टीम लाइनों की मरम्मत नहीं कर पा रही है। मौसम ठीक होने के बाद ही बिजली की आपूर्ति सुचारू की जा सकेगी।

इधर जिले के लमगड़ा, सोमेश्वर, भैंसियाछाना, धौलादेवी व स्याल्दे के अनेक गांवों में बिजली की आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो गए हैं। उन्होंने विभाग से जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है।

बिजली गुल

- सैकड़ों गांवों में शुक्रवार शाम से ठप है बिजली आपूर्ति, परेशानी
- बारिश के कारण फॉल्ट नहीं ढूंढ पा पाई पेट्रोलिंग टीम

पींचा ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा, अमृत विचार : एसएसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने शस्त्रागार में राजकीय संपत्ति सूची के अनुसार सभी आर्म्स एवं एम्युनेशन का मिलान करते हुए जवानों से शस्त्रों की हैंडलिंग का अभ्यास कराया।

एसएसपी ने विभिन्न शाखाओं गणना कार्यालय, परिवहन, स्टोर, स्मार्ट बैरक, व्यायाम शाला, भोजनालय, महिला कल्याण केंद्र व पुलिस लाइन परिसर का भी जायजा लिया। साथ ही सरकारी वाहनों की कार्यशीलता एवं मेंटनेंस से संबधित जानकारी भी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीओ विमल प्रसाद व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हड़ताल से मरीज व तीमारदार परेशान

अल्मोड़ा, अमृत विचार : अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों की हड़ताल से बेस अस्पताल में व्यवस्थाएं लड़खड़ाने लगी हैं। जिससे मरीजों व तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कर्मचारियों का कहना है जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

मेडिकल कॉलेज में लंबे समय से सेवा दे रहे उपनल और आउटसोर्स कर्मचारी पिछले दो माह से वेतन न मिलने और स्थाई पद सृजित न करने से नाराज हैं और कार्य बहिष्कार पर चल रहे हैं। शनिवार को कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण अस्पताल में मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन सरकार को न मरीजों की कोई चिंता और न ही अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों की। उन्होंने चेतावनी कि अगर जल्द मांगें पूरी नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कार्य बहिष्कार के दौरान सुशील, सूरज कुमार, सागर सिंह, विवेक लोहनी, पंकज टम्टा, रजत भारती, भरत, सुनीता, चंदन बोरा, लीला, रेखा कनवाल, भावना, नरेंद्र सिंह, महेंद्र कनवाल मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में 16 और 17 को होगा महिला होलिकोत्सव

अल्मोड़ा में होलिकोत्सव को लेकर बैठक करतीं संस्था की सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में इस बार भी महिला होलिकोत्सव का भव्य आयोजन होगा। इसके लिए महिला कल्याण संस्था ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शनिवार को संस्था की बैठक में तय हुआ कि 16 और 17 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने कहा कि 16 मार्च को नगर के स्कूलों की छात्राओं और मोहल्लों की टीमों के बीच प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमें 17 मार्च को अन्य जनपदों से आने वाली होल्यारों की टीमों के साथ प्रतिभाग करेंगी। प्रत्येक टीम को अपने प्रदर्शन के लिए 15 मिनट का समय दिया जाएगा। इसी दिन महिला होल्यारों की टीम नगर के सिद्धनौला बाबा मंदिर से नंदा देवी मंदिर परिसर तक भव्य सांस्कृतिक जुलूस का आयोजन भी करेंगी। महिला होल्यार विभिन्न जगहों पर संस्कृति को प्रदर्शित करती नेपाल, वृंदावन, मथुरा की होलियों के अलावा लठमार, रति, कामधेनु की खेली गई बसंत उत्सव की होलियों का प्रदर्शन करेंगी।

इस दौरान सचिव पुष्पा सती, मीता उपाध्याय, आशा कर्नाटक, शांति शाह, आशा पंत, सुनैना मेहरा, चंद्रा अग्रवाल, मंजू रावत, दीपा जोशी, रेखा चौहान मौजूद रही।

वर्ग पहेली-360

बाएं से दाएं

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी, पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

ऊपर से नीचे

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. दुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।



वर्ग पहेली - 359 का हल

1 उ		2 त		3 रा
हूँ	4 सा	र	को	मा
5 कु	ली	न		यु
		ता		ध
	6 अ	र	थी	
7 तृ	षा	वा	न	
	री		8 अ	भि

सुडोकू-77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		8				1		
	5		9	4			6	8
6					3	9		
3	2		7			6		4
		4		2			5	
1		9			6	8		3
	1		8		4			
	9	6				5		7
			5			4		

सुडोकू - 76 का हल

4	1	7	8	9	6	5	2	3
2	3	6	4	1	5	8	7	9
9	8	5	7	3	2	4	1	6
8	2	4	6	7	9	1	3	5
6	5	1	2	8	3	7	9	4
7	9	3	1	5	4	2	6	8
5	4	2	3	6	7	9	8	1
3	7	8	9	4	1	6	5	2
1	6	9	5	2	8	3	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 08.44 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 15.55 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज आप किसी अटके हुए कार्य के कारण काफी परेशान हो सकते हैं। तनाव के कारण आप अपने काम पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे लोगों से अपने मन की बातें शेयर न करें जो आपकी भावनाओं को उचित महत्व न देते हों।

वृष — आज यदि कहीं बाहर का भोजन ग्रहण कर रहे हैं तो सावधानी बरतें। स्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपको कुछ नया और रोमांचक करने का अवसर मिलेगा,जो भी काम शुरू करेंगे उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक भी पहुंचा लेंगे।

मिथुन — आज दूसरों के साथ तालमेल बैठाने में कई बार थोड़ी परेशानी महसूस होगी। स्वयं की गलतियों को पहचानें और उसे दूर करने का प्रयास करें। जॉब में उच्चाधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। व्यवसाय की गति काफी अच्छी रहेगी।

कर्क — आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा करेंगे। दोस्तों के साथ बाहर कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप थोड़ा संवेदनशील रहेंगे।

सिंह — आज बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। सरकारी कार्य थोड़े उलझते हुए प्रतीत हो रहे हैं। संपत्ति के माध्यम से आपको धन लाभ भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ अपेक्षा से कम होगा।

कन्या — आज आप अपनी उपलब्धियों के कारण आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। परिजनों के साथ आप घूमने की योजना बना सकते हैं। आपको एक साथ कई शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

तुला — आज शाम के समय पुराने दोस्तों से मिलकर के मन प्रसन्न होगा। आप किसी काम के अटकने के कारण थोड़े व्यथित हो सकते हैं। धैर्यवान बने रहें जल्द ही आपके सभी कार्य बनते नजर आएंगे। आय के नए स्रोत बनने की संभावना भी प्रबल है।

वृश्चिक — आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। प्रेमी जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधने को लेकर योजना बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा। नए कारोबारी संबंध विकसित हो सकते हैं। काम के साथ ही आप समाज को भी पर्याप्त महत्व देने वाले हैं।

धनु — आज दूसरों के काम की जिम्मेदारी बिल्कुल न लें। घर का माहौल शाम के समय अच्छा रहेगा। मैनेजमेन्ट से जुड़े हुए क्षेत्र में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप जैसा चल रहा है बस उसे वैसा ही चलने दें। गुस्से पर नियंत्रण रखें।

मकर — आज रिश्तेदारों के साथ किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों की सफलता पर आपको गर्व की अनुभूति होगी। ऐश्वर्य और विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। पुराने निवेश का लाभ आपको मिल सकता है।

कुंभ — आज आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ क्वालिटी समय बिताना चाहेंगे। स्वजनों से खूब प्रेम व सत्कार मिलेगा। छात्रों के करियर को लेकर दिन बड़ा भाग्यशाली है। सभी जरूरी काम आप समय पर कर लेंगे।

मीन — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। करियर को लेकर आप काफी उत्साहित और सकारात्मक रहेंगे। धार्मिक पूजा-पाठ में सम्मिलित हो सकते हैं। लोग आपको सुनना पसंद करेंगे। आपका व्यवहार सभी के प्रति बहुत उदार रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09.26
भाई जी सुपरहिट — रात : 08.28

SONY MAX
ता रा रम पम — सुबह : 09.45
12 वीं फेल — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 10.49
सर्चिंग — रात : 08.59

ZEE CINEMA
तलाश — सुबह : 10.30
कृष — रात : 10.00

colors CINEPLEX
दोस्ताना — सुबह : 09.35
कभी खुशी कभी गम — रात : 10.18

जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

आयुर्वेद: आयु का विज्ञान

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवन शैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योग गुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।

शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रूचि शरीर रचना संबंधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यो चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है।

यूरोप में एलोपैथी का विकास 17 वीं सदी के आसपास हुआ। एच.एस.मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई.पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डा. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थ व्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं।

इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एम.आर. आई. सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवन शैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूवात जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।" फिर रोगों का कारण बताते हैं" इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।" रोगों से बचने के लिए जीवन शैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहिन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।" कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, "रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए।"

आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड एफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आंकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकंलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यों भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतर्राष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना पराया नहीं होता। सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं। लेकिन सीमा भी है। डाईबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कम्पन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती है। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केन्द्र भी मस्तिष्क है। सिगमण्ड फ्रायड ने 'साइको एनालिसिस' लिखी थी। फ्रायड का 'लिविडो'-कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिविडो से जोड़ा था। लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियों को ही सुख दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है। सभी प्रणालियों को मिलाकर शोध की जरूरत है। सभी पद्धतियों के विशेषज्ञों में सतत् संवाद चलते रहना चाहिए। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में फलप्रद होता है। निंदा आलोचना का कोई औचित्य नहीं है।

शब्द अमृत भी और विष भी

धर्मकथाओं,किंवदंतियों और साहित्य में मणिधारी सर्पों का जिक्र किया जाता है। धारणा है कि इन सर्पों की मणि बहुत लाभप्रद होती है और यह मणि जिसे मिल जाती है,वह तत्काल अत्यंत धनी हो जाता है। इस तरह की बातों को लेकर अलग-अलग धारणा है। विज्ञान जगत फिलहाल इसे स्वीकार नहीं करता है।

मणिधारी सर्प की इस धारणा को गहराई से देखा जाए और सर्पों को यदि दरकिनार कर मणिधारी जीव में मनुष्य के जीवन पर दृष्टि डाली जाए तो यह बात मानव जगत के लिए सही बैठती है। सर्पों के लिए धारणा है कि वे कंठ में मणि रखते हैं और उसे जब बाहर निकालते हैं तो उस मणि से प्रकाश तथा चमक निकलती है। इसकी जगह मनुष्य अपने कंठ से मृदु शब्द जब बोलता है तो वह भी किसी मणि से कम नहीं होता। उसकी भी चमक होती है जबकि कटु वचन जहर की तरह ही होता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्राचीन ग्रंथों में बहुत सारी कथाएं मनुष्य जीवन को ही दृष्टि में रखकर प्रचलित हुई हैं। कोई साहसी व्यक्ति है और उन विपरीत परिस्थितियों से जूझ जाता है जिससे सामान्य लोग घबराते हैं तब उसकी बहादुरी की तुलना शेर से की जाती है। इसी के साथ हिंसक तथा निर्दयी व्यक्ति की भी तुलना हिंसक पशुओं से की जाती है। इसी के साथ सुंदरता की तुलना भी पशु-पक्षियों से होती है। आंख अच्छी है तो खंजन और मृग से,चलने की तुलना हंस की चाल से होती है। इसके अलावा भावनाओं के मामले में भी उदाहरण के तौर पर लगातार प्रयास करने के मामले में कौए से,ध्यान लगाने की तुलना बगुले से और नींद के मामले में कुत्ते से तुलना की गई है। इसके अलावा भी ढेरों उदाहरण पशु-पक्षियों से तुलना के संदर्भ में गिने जा सकते हैं।

दरअसल ब्रह्मांड में जो भी व्याप्त है,वह मनुष्य शरीर में विद्यमान है। सूरज, चांद, सितारे, पेड़-पौधे, नदी-झरने, पशु-पक्षी आदि की शक्ति मनुष्य में विद्यमान है। कुछ पशु ऐसे हैं,जो बच्चे को जन्म देते हैं तो अपना दुग्ध पान मानव बच्चे की तरह कराते हैं। जबकि चिड़िया, तोता, कौआ, कोयल आदि पक्षी बच्चे को सीधे जन्म नहीं देते,बल्कि अंडे के रूप में देते हैं और अपने पंखों के स्पर्श से उन अंडों में जान डालते हैं। मानव के बच्चे को भी मां, पिता और परिवार जनों की मानसिक ऊर्जा मिलती है। इस तरह यह बिल्कुल सही है कि जो ब्रह्मांड में है वहीं मनुष्य पिंड में है।

इन सारी बातों के आधार पर यह धारणा बनी कि मनुष्य चाहे तो मणिधारी सर्प के रूप में अपनी जिह्वा से मधुर शब्दों का प्रयोग कर अकूत लाभ प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की जिह्वा किसी सर्प से कम नहीं है। प्रायः अलग-अलग समय पर अलग-अलग विरोधास्पद बात करने वाले को दोमुंहा सांप की ही संज्ञा दी जाती है। मनुष्य के लिए ही 'आस्तीन का सांप' मुहावरा प्रचलित है। इसके अलावा सद्गुणों से रहित इंसान को पशु समान ही कहा गया है। यह पूरी तरह सच है कि जीवन में वाणी का बहुत ही महत्व है। वाणी के मधुर शब्द वीणा के तारों से झंकृत होकर निकले संगीत की तरह लगते हैं। जबकि कठोर,छिद्रान्वेषण, चुगली आदि के शब्दों से व्यक्ति का महत्व कम होता है।

प्राचीन समय के राजाओं-महाराजाओं के दरबारों में बातचीत के लहजे से ईनाम आदि मिलने की बात तो कही ही जाती है, पर आधुनिक जीवन में देखा जाए तो बातचीत का लहजा ही बताता है परवरिश हुई है या सिर्फ पाले गए हैं। घर-परिवार, समाज, कार्यालय, न्यायालय तक में जिस भी व्यक्ति के बात का तरीका जितना उत्तम होता है, उसकी सुनवाई उतनी ही अधिक ही होती है। इसलिए शब्दों को खूब तौल कर बोलना चाहिए ताकि वह मणि बन जाए न कि जहर।

देवभावना का स्रोत है मानव मन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है।

अज्ञात और अनंत ब्रह्मांड में अपने को समायोजित करने के लिए मनुष्य ने अपनी भावनाओं, संवेदनाओं, मान्यताओं, कल्पनाओं और विचारों के ताने-बाने से बुनकर विश्वास प्रणाली के रूप में अपने लिए एक मानसिक-कवच तैयार किया है और उस मानसिक -कवच से सुरक्षा की भावना और जीवन की शक्ति प्राप्त की है।

इस जिंदगी में जहां कदम-कदम पर सामाजिक और प्राकृतिक विपदाएं, कठिनाइयां, प्रतिकूलताएं और कष्ट हैं तथा कदम-कदम पर रक्षा की समस्या है, यह विश्वास प्रणाली मनुष्य की एक जीवनी शक्ति "डूबते को तिनका का सहारा" बन जाती है। विपदा में धैर्य का हेतु बन जाती है। जहां कहीं और जब कभी मनुष्य अपने को परास्त अनुभव करता है,वहीं मन के अज्ञात स्तरों से कोई रहस्यमयी शक्ति उसे आश्वस्त करती है, वह उसका विश्वास या अंतर्निहित भाव ही है। उस विश्वास या अंतर्निहित भाव से मनुष्य ब्रह्मांड में सर्वत्र एक दिव्य शक्ति का आभास पाता है। यह अंतर्निहित भाव ही देवता का मूल कारण है। संस्कृत में कहावत है- देवाः भावस्तु कारणम्!

अवश्य ही यह देवभावना हार की मनः स्थिति से जन्म लेती है, परंतु उसका कार्य विजय प्राप्त करना होता है। जब मन देवता को आत्मसमर्पण करता है तब वह अवश्य ही निरीह ही प्रतीत होता है, परंतु उसकी जीवनयात्रा इस विश्वास शक्ति के संबल से ही पूर्ण होती है आशा और विश्वास इस देव-भावना का सार तत्व है। यह देवता की ही शक्ति है, जो गहन संकटों में उसे सहारा देती है तथा अत्याचारी एवं बर्बर शक्ति के सामने भी तनकर खड़ी हो जाती है। विराट परिवेश में दुखों और कष्टों के बीच मन को सहारा देने वाले इस सुरक्षा कवच अर्थात् विश्वास प्रणाली को लोकमन धर्म के रूप में स्वीकार कर लेता है। मनुष्य का मन जहां अपनी भौतिक-शारीरिक शक्ति की सीमा देखता है, वहीं से उसके मन में यह देव भावना प्रारंभ हो जाती है। अपनी भौतिक शारीरिक शक्ति की क्षतिपूर्ति मनुष्य अपने मन की अज्ञात स्तरों से रहस्यमयी मनोवैज्ञानिक या आंतरिक शक्ति के रूप में "दिव्य शक्ति की परिकल्पना" के द्वारा प्राप्त करता है। इस परिकल्पना को मन की क्षति-पूरक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। सामाजिक समायोजन के लिए देव भावना में एक नैतिकता का आधार है कि वह ईश्वर या देवता मूल्य विरुद्ध आचरण करने वाले पापी को दंड देता है तथा सामाजिक पुण्य का आचरण करने वाले को पुरस्कार दे देता है। यह देवता कंस, रावण, शिशुपाल, जरासंध जैसे असुरों राक्षसों और दैत्यों का वध करता है तथा संतों-भक्तों या निर्बल के ऊपर अनुग्रह करता है। हिरण्यकशिपु के सामने ईश्वर प्रह्लाद के साथ रहता है और सुरुचि के सामने ईश्वर ध्रुव के साथ रहता है। कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है। अहंकार, ममता और स्वार्थ के सामने वह सदा समाज हित, प्राणि मात्र के हित और परमार्थ के साथ खड़ा है। दुर्योधन और दुःशासन के सामने वह द्रौपदी के साथ खड़ा है। देवभाव,अहंकार, काम, क्रोध, लोभ, हिंसा, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध है। क्षमा, सत्य, विनय, अहिंसा, करुणा, मैत्री और शांति की सामाजिक शक्तियों का आश्रय देवभाव में है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि देव भाव में मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों के प्रवाह का सहज मार्ग है। लोकमन देवता से सौभाग्य सुख की कामना करता है-पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगता है, भय से निवारण की अभिलाषा करता है, विजय की इच्छा करता है, धन संपत्ति वैभव विलास के वरदान की कामना करता है। देवभाव मंगल का केंद्र है। देव भावना में रति सिसृक्षा, तृष्णा, प्रभुता, गौरव आदि मूल प्रवृत्तियां सक्रिय हैं। शास्त्रों में जितने भी स्तोत्र मंत्र आदि हैं,सबके साथ फल श्रुति के रूप में इन मूल प्रवृत्तियों को हम देख सकते हैं। अमुक कथा सुनने से सौभाग्य मिलता है, अमुक व्रत करने से पुत्र प्राप्त होता है, अमुक यज्ञ करने से राज्य लाभ होता है, अमुक देवता को पूजने से प्रभुता प्राप्त होती है। अमुक स्तोत्र पढ़ने से लक्ष्मी प्राप्त होती है, धन मिलता है। यह मूल प्रवृत्तियां ही तो हैं।

देवभाव की संरचना में मानवमन का प्रतिबिंब सर्वत्र देखा जा सकता है। वह देवता निर्गुण निराकार है या सगुण साकार है, साकार में भी वह किसी अन्य प्राणी के रूप में है या मानव शरीर में, वह प्रत्येक रूप में मानव मन है, जो प्रसन्न होता है तो कृपा करता है, प्रसन्न होने पर वरदान देता है और अप्रसन्न होने पर अनिष्ट कर देता है।

यह बिल्कुल मानवीय स्वभाव है, क्योंकि देवभावना का स्रोत ही मानव मन है। देवभाव में मानव मन का होना नितांत स्वाभाविक ही है। इतना ही नहीं, देव भावना पारिवारिक परिवेश के अनुकरण पर आधारित भी है। देवता माता और पिता है- तुम्हीं हो माता, पिता तुम्हीं हो। माता-पिता का यह भाव हमें अपने पारिवारिक परिवेश से ही प्राप्त होता है। जगदंबा हो या परमपिता परमेश्वर यह दोनों अवधारणाएं परिवार से प्राप्त होती हैं।

जागना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया

हम नींद में हैं या उस्नींदे हैं या जाग रहे हैं, लेकिन आंखें बंद करके पड़े हुए हैं। इसका अर्थ यह है कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को यूं ही जाने दे रहे हैं। घड़ी की हर एक टिकटिक के साथ आपका जीवन कम होता जा रहा है। अपनी जागरूकता से इन अमूल्य पलों की महत्ता को समझा जा सकता है, लेकिन प्रश्न यह है कि खुद को जागरूक कैसे करें?

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

सोना और जागना हमारे जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। पूरे दिन का एक तिहाई समय सोने और दो तिहाई जागकर रहने के लिए होता है। जागकर रहने का मतलब केवल आंखें खोलकर रहना नहीं होता, मन को जागृत करके रखना होता है, हरेक गतिविधि पर सतर्कता कायम रखना होता है, जो भी हो रहा है, यदि हम बेहोशी में कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं, वह अपने आप ही हो रहा है। टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय हमारी मानसिक स्थिति गौर किया जाए तो हम लगभग बेहोशी में चलाते हैं। व्हील, एक्सीलरेटर और ब्रेक स्वाभाविक रूप से संचालित होते रहते हैं। हमारा ध्यान कहीं और रहता है। इस ध्यान की अनुपस्थिति का अर्थ है, मन का जागृत न होना।

मन को जागृत करने का अर्थ है, प्रत्येक क्रिया के प्रति मानसिक रूप से सतर्क रहना। जो भी हम कर रहे हैं या जो कुछ हमारे आसपास हो रहा है उसके प्रति सजग रहना। हमारे जीवन में एक क्रिया निरंतर होती है, श्वांस लेने की। वह आती-जाती रहती है, लेकिन एक मिनट के लिए यदि श्वांस को अवरुद्ध कर दिया जाए तो उसकी उपयोगिता समझ में आ जाएगी। हमारे शरीर के लिए इतनी अधिक आवश्यक क्रिया के प्रति हम सचेत नहीं रहते, उसे ध्यान से नहीं देखते। ऐसी अनेक लापरवाहियां हमारे साथ निरंतर घटती रहती हैं और हम उसके प्रति जरा भी गंभीर नहीं रहते।

पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू

सन् 1925 में सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्ष चुनी गईं। तब तक वह गांधीजी के साथ दस वर्ष तक काम कर चुकी थीं और गहरा राजनीतिक अनुभव पा चुकी थीं। आजादी के पूर्व भारत में कांग्रेस का अध्यक्ष होना बहुत बड़ा राष्ट्रीय सम्मान था और वह जब एक महिला को दिया गया तो उसका महत्व और भी बढ़ गया।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

गांधीजी ने सरोजिनी नायडू का कांग्रेस प्रमुख के रूप में बड़े ही उत्साह भरे शब्दों में स्वागत किया, 'पहली बार एक भारतीय महिला को देश की यह सबसे बड़ी सौगात पाने का सम्मान मिलेगा। अपने अधिकार के कारण ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त होगा।' सरोजिनी ने स्वयं अपने बारे में कहा-'अपने विशिष्ट सेवकों में मुझे मुख्य स्थान के लिए चुनकर आप लोगों ने कोई नई मिसाल नहीं रखी है। आप तो केवल पुरानी परंपरा की ओर ही लौटे हैं और भारतीय नारी को फिर से उसके उस पुरातन स्थान में ला खड़ा किया है, जहां वह कभी थी।' अपने अध्यक्षीय भाषण में सरोजिनी नायडू ने भारत के सामाजिक, आर्थिक औद्योगिक और बौद्धिक विकास की आवश्यकता की बात की। प्रभावशाली शब्दों में उन्होंने भारत की जनता को अपने देश की स्वाधीनता के लिए हिम्मत और एकता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

गोलमेज कांफ्रेंस में महात्मा गांधी के प्रतिनिधि मंडल में सरोजिनी नायडू भी सम्मिलित थीं। रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए सरोजिनी नायडू ने महिलाओं को संगठित किया। जब 1932 में महात्मा गांधी जेल गए थे, उस समय आंदोलन को रफ्तार देने और बढ़ाने का दायित्व सरोजिनी नायडू को सौंप कर गए थे। गांधीजी ने कहा था- 'तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम सौंपता हूं।' भारत का पक्ष रखने के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें अमेरिका भेजा था। सरोजिनी नायडू ने महिलाओं का नेतृत्व करते समय नारी समाज की उन्नति के अथक प्रयास किए। देश के स्वतंत्र होने पर उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जो भारत की पहली महिला राज्यपाल भी थीं।

उच्च शिक्षा में अस्तित्व की तलाश में हिंदी बाल साहित्य

साहित्य वह माध्यम है जिससे लेखक अपने विचार, भावनाएं और विचारों को पढ़ने व समझने वाले लोगों के साथ साझा करता है। साहित्य विशेष रूप से रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिससे पाठकों को उनके विचारों और भावनाओं का सामंजस्य बनाने में मदद मिलती है। इसके कई रूप होते हैं जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, गजल और अन्य। हर एक रूप में भाषा का अद्वितीय उपयोग किया जाता है।

बाल साहित्य एक ऐसा साहित्य है, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाता है और उन्हें उनके विकास के सभी पहलुओं में सहायक साबित होता है। बच्चों की नींव से उन्हें समाज, विज्ञान, भौतिकी, संस्कृति, इतिहास और मनोविज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में रूचि उत्पन्न होती है। बाल साहित्य सरल भाषा में लिखा गया होता है ताकि बच्चे आसानी से उसे समझ सकें और उससे प्रेरित हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्र आधारित शिक्षा नीति है। वार्षिक शिक्षा प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया गया है। स्नातक स्तर पर परंपरागत व्यवस्था के स्थान पर तीन मेजर विषय और एक माइनर विषय का प्रावधान है। इसमें मुख्य विषय के साथ-साथ को करिकुलर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम/(वोकेशनल)/ स्किल डेवलपमेंट आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। को-करिकुलर के रूप में प्रत्येक सेमेस्टर में एक विषय को अनिवार्य बनाया गया है। को-करिकुलर विषय-खाद्य पोषण एवं स्वच्छता,

प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

> हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है।

प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग, मानव मूल्य एवं पर्यावरण, विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्थानीय आवश्यकताओं की अनुसार विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्धारण की छूट दी गई है।

इसमें तीन मेजर विषय और एक माइनर के साथ प्रत्येक सेमेस्टर में एक को-करिकुलर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम को अनिवार्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिगत सभी विषयों को पांच संकायों/ स्ट्रीम/ भागों में बांटा गया है जैसे- संकाय 1-कला एवं मानविकी, संकाय 2-लैंग्वेज/ लिटरेचर, संकाय 3- विज्ञान, संकाय 4- कॉमर्स, संकाय 5- मैनेजमेंट। अर्हता के अनुसार छात्र एक संकाय से दो मेजर विषयों का चयन करेगा। यह छात्र का अपना संकाय कहलाएगा। तीसरा मेजर वह किसी भी संकाय से ले सकता है इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। छात्र का अध्ययन एक या दो अधिक संकायों तक ही सीमित न रहे इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माइनर की संकल्पना की गई कि वह तीसरे संकाय के किसी विषय को भी अपने अध्ययन में शामिल कर सकता है। किसी भी विषय के माइनर का पाठ्यक्रम बनाते समय यह ध्यान रखना होगा कि उस विषय के मुख्य मुख्य उपयोगी भाग/सिद्धांत पाठ्यक्रम का हिस्सा हो और संपूर्ण विषयवस्तु पाठ्यक्रम में समाहित हो ताकि विषय की सामान्य जानकारी छात्र को हो सके।

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है। सेमेस्टर ही नहीं अपितु पाठ्यक्रम का कोई अंश भी बाल साहित्य के रूप में नहीं है। माइनर विषय के रूप में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर बाल साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर किसी एक सेमेस्टर में बाल साहित्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है। स्नातकोत्तर स्तर पर एक पेपर के रूप में विभिन्न बाल साहित्यकारों का अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से छात्र प्रेरणा लेंगे। जब तक बाल साहित्य पाठ्यक्रम में शामिल नहीं होगा, शोधार्थी बाल साहित्य के विभिन्न अवयवों को अपनी शोध की विषय वस्तु नहीं बना सकते, जो हिंदी बाल साहित्य के क्षेत्र में शोध की अपूर्णीय क्षति होगी।

मर्यादा और पाखंड

लोग दो तरह से जीते हैं। एक, अपने अनुसार। दो, दूसरों के अनुसार। अपने अनुसार जीना सुख है, दूसरों के अनुसार जीना दिखावा या पाखंड। दिखावा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। मर्यादा दो प्रकार की होती है-उच्च कोटि की और निम्न कोटि की। जिस मर्यादा का संबंध समझदारी से होता है, वह उच्च कोटि की होती है और जिसका संबंध समझ से रहित लोक प्रचलित धारणा से होता है, वह निम्न कोटि की होती है। दूसरी कोटि की मर्यादा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। प्रथम कोटि की मर्यादा उनकी समझ में नहीं आती।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक उदाहरण से अपनी बात समझाने का प्रयत्न कर रहा हूं। मुझे दाल पकानी है। एक समय आएगा जब दाल पक जाएगी। जिस बिंदु पर दाल पक जाएगी, वहीं बिंदु उसकी मर्यादा हुई। उससे कम आंच में वह कच्ची रह जाएगी और अधिक आंच में जल जाएगी। कम या अधिक आंच मर्यादा का उल्लंघन है। मर्यादा के उल्लंघन का माने हुआ आपका नुकसान। अगर आपके कार्य से आपका और किसी अन्य का नुकसान न हो तो आपने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।

कुछ दालें दो सीटियों में सीझ जाती हैं, कुछ चार में, कुछ छह में। उनकी मर्यादा एक नहीं हुई। अनुभवी लोग इसे जानते हैं और तद्नुसार अपने हित में मर्यादा का निर्धारण करते हैं, लेकिन जिनके पास अनुभव नहीं है, जिन्होंने सुन रखा है कि दाल चार सीटियों में सीझती है तो वह आदमी चक्कर में पड़ सकता है। दाल दो सीटियों वाली हुई, तो जल जाएगी और छह सीटियों वाली हुई तो कच्ची रह जाएगी। समाज में जो मर्यादा का अर्थ प्रचलित है, वह इसी तरह सुनी-सुनाई बातों पर आधारित है, बोध पर आधारित नहीं है। बोध पर आधारित मर्यादा देशकाल और व्यक्ति के अनुसार अलग-अलग होती है, जबकि जड़ लोगों की मर्यादा देशकाल और व्यक्ति का ख्याल न रखकर सदा एक समान होती है। इस जड़ता का श्रेय हमारी शिक्षा प्रणाली को जाता है,जो बोध पर केंद्रित नहीं है। पुरानी मर्यादा है कि जो पुरुष स्त्रियों की उनके काम में मदद करते हैं, वे मौगा कहलाते हैं और स्त्री-पुरुषों के बीच हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसलिए पुरुष सार्वजनिक रूप से उनकी सेवा करने से कतराते हैं। कोई नहीं देख रहा है, तब उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती।

एक समय की बात है। मेरी प्रेमिका नहाकर निकली। उसे जल्दी से कहीं जाना था। देर हो रही थी। इसी बीच उसे छत पर धूप में कपड़े भी सुखाने टंगनी पर डालने थे। मैंने कहा, तुम निकल जाओ। मैं इसे छत पर धूप में डाल दूंगा।

"लोग क्या कहेंगे?" वह बोली।/ "तुम भी लोगों के अनुसार चलोगी?" मैंने कहा। उसने एक नजर मुझ पर डाली और मुस्कुराकर चली गई। मैं छत पर गया और बाल्टी से एक-एक वस्त्र निकाल कर टंगनी पर लटकाने लगा-साड़ी,ब्लाउज आदि। सटी दूसरी छत पर खड़ी एक-एक स्त्री लगातार मुझे घूरती रही। आजतक उन्होंने मुझे उस नजर से नहीं देखा था, जिस नजर से आज देख रही थी। इसी नजर से बचने के लिए तो पुरुष यह कर्म नहीं करते हैं।

मैं सोचने लगा कि वह स्त्री मेरे बारे में किस तरह की धारणा बना रही होगी। एक मन से तो वह भर्त्सना कर रही होगी-कैसा मौगा मर्दाना है। शायद दूसरे मन से अपने पति को कोस भी रही होगी और मेरी प्रिया के भाग्य की सराहना भी कर रही होगी। काश, मेरे पति भी ऐसा कर देते। जाते-जाते मेरी प्रिया हिदायत भी देती गई थी कि घर में पोंछा नहीं लगाइएगा। मैं आऊंगी, तो लगाऊंगी, लेकिन इस तरह की हिदायत मानता कौन है? बोध वाले लोग पुरानी मर्यादा अथवा पुराने संस्कारों से एक झटके में बाहर हो जाते हैं, जबकि अबोध लोग उसे प्रतिष्ठा की बात समझकर ढोते रहते हैं। निष्कर्ष यह कि बोध केंद्रित मर्यादा मर्यादा है और लोग केंद्रित मर्यादा दिखावा या पाखंड।

जन समस्याओं का शीघ्रता से करें निराकरण

मुख्यमंत्री धामी ने गढ़ी कैंट क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से की मुलाकात, अधिकारियों को दिए निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को डाकरा बाजार गढ़ी कैंट क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से मुलाकात की। साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का भी जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, निःशुल्क खाद्यान, आयुष्मान योजना आदि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से बातचीत की तथा उनकी कुशलक्षेम भी जानी। लोगों को किस योजना के तहत क्या-क्या लाभ मिला है, लाभार्थियों से मुख्यमंत्री ने इसकी भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का हमारा प्रयास है।

उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। कहा कि अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका शीघ्र निराकरण करें। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आम जनता एवं लाभार्थियों को देशवासियों के के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र भी सौंपा।

देहरादून के डाकरा बाजार गढ़ी कैंट क्षेत्र में लोगों से मुलाकात करते सीएम पुष्कर धामी।

प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र के माध्यम से बताईं सरकार की उपलब्धियां

देहरादून अमृत विचार : पीएम नरेन्द्र मोदी ने पत्र में उल्लेख किया है कि 10 साल पहले हमने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ देश के सबसे निचले पायदान के लोगों को भी मुख्यधारा में शामिल करने के लक्ष्य के साथ शुरुआत की थी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा से हमने इन 10 सालों में निरंतर ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिससे गरीब की मुश्किलें कम हों और उनका जीवन आसान बने। प्रधानमंत्री ने पत्र में कहा है कि आज देश में गरीब कल्याण, महिला कल्याण, युवा उत्थान एवं किसान सम्मान का नया अध्याय लिखा जा रहा है। वर्ष 2014 से अब तक 25 करोड़ लोग स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के मामले में गरीबी से बाहर आए हैं। गांव-गांव में बिजली पहुंचाई। अब हर घर नल से जल पहुंच रहा है। करोड़ों लोगों के लिए आयुष्मान योजना और जन औषधि केंद्र वरदान साबित हो रहे हैं। अपने पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा है कि अयोध्या में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होना देशवासियों के 500 साल से भी ज्यादा के धैर्य, बलिदान व आस्था के सम्मान का प्रतीक है। देश ने आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे कदम बढ़ाए हैं। देश का तिरंगा चंद्रयान 3 ने चांद पर लहराया। जी-20 की सफलतापूर्वक अध्यक्षता कर विश्व का मार्गदर्शन किया। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित कर महिलाओं को उनका अधिकार दिलाया। प्रधानमंत्री ने पत्र में विश्वास जताया है कि आगे भी मुझे आपका आशीर्वाद और प्यार मिलता रहेगा ताकि मैं विकसित व सशक्त नए भारत के सपने को पूरा कर सकूं।

सीएम ने 312 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्त पत्र

देहरादून, अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अंतर्गत लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को नियुक्ति -पत्र वितरित किए। उन्होंने कुल 312 अभ्यर्थियों को नियुक्ति -पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं तथा बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए काफी ख़ुशी का दिन है, क्योंकि कड़ी मेहनत व परिश्रम के बाद आप इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी से करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। उसी के अनुरूप हम सबको पूरे मनोयोग से काम करना होगा। इस अवसर पर सचिव गृह शैलेश बगोली, अपर सचिव गृह अतर सिंह, महानिदेशक कारागार विमला गुंजयाल, उप महानिरीक्षक कारागार दधि राम, सहायक महानिरीक्षक कारागार यशवंत सिंह आदि रहे।

मतदान जागरूकता अभियान चलाया शपथ दिलाई

देहरादून, अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सोनिका के दिशा-निर्देशन पर संबंधित अधिकारियों द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारी एवं स्वीप के तहत जजिले के विभिन्न स्थानों पर मतदान जागरूता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने परिजनों एवं घरों के आस-पास लागों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ ली, वहीं खेल स्पर्धा से जुड़े युवाओं ने शपथ लेकर अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान कराने का संकल्प लिया।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (युवक) देहरादून में प्रधानाचार्य मनमोहन कुड़ियाल द्वारा मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया गया जिसमें स्वीप प्रभारी श्रीमती पूनम नौटियाल जी, रविंद्र सोलंकी जी ,समिति सदस्य,अनुदेशक तथा प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। ऋषिकेश क्षेत्रान्तर्गत बूथ स्तरीय जागरूकता टीम द्वारा घर-घर जाकर मतदान हेतु अपील की गई।

रामगंगा में पिंडर का पानी छोड़ने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : रामगंगा नदी में पिंडर का पानी छोड़ने की मांग मुखर होने लगी है। इस संबंध में गेवाड़ विकास समिति के एक शिष्टमंडल ने देहरादून में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात की और शीघ्र मांग पर कार्रवाई की मांग उठाई है।

समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में शिष्टमंडल कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से उनके सरकारी आवास में मिला। उन्होंने बताया कि कुमाऊं के पर्वतीय जिलों को पेयजल और सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने वाली रामगंगा नदी का जल स्तर लगातार गिर रहा है। इस नदी के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए लंबे समय से प्रस्तावित योजना का अमल में आना जरूरी है। कहा कि अगर रामगंगा नदी में सुरंग बनाकर पिंडर का पानी छोड़ दिया जाए तो समस्या दूर हो सकती है। शिष्टमंडल ने चौखुटिया क्षेत्र के विकास के लिए पुण्यबगड़ से रामपुर व रामगंगा नदी से चौना तक एचडीपीई लाइन बिछाकर एक-एक सिंचाई योजना बनाने, सिंचाई निर्माण खंड को रानीखेत से चौखुटिया स्थानांतरित करने की मांग उठाई। मंत्री महाराज ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में संरक्षक सदानंद पांडे, उपाध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट व सचिव दिनेश मनराल मौजूद रहे।

चिकित्सा व शिक्षा मंत्री को भी गिनाईं समस्याएं

गेवाड़ विकास समिति के शिष्टमंडल ने चिकित्सा व शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत से भी मुलाकात की। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया में विशेषज्ञ चिकित्सकों व रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त होने, राजकीय महाविद्यालय चौखुटिया में बीएससी, बीकॉम विषयों की स्वीकृति व उसे पीजी का दर्जा दिए जाने, क्षेत्र के विद्यालयों में रिक्त पड़े शिक्षकों व प्रवक्ताओं के पदों पर तैनाती किए जाने, डिग्री कॉलेज मासी के भवन के लिए धनराशि अवमुक्त करने तथा मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत उच्चीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मासी के शीघ्र संचालन की मांग की।

टनकपुर तहसील में एसडीएम को ज्ञापन देते गुरिल्ले। ● अमृत विचार

मांगों को लेकर गरजे गुरिल्ले, रैली निकाली

टनकपुर, अमृत विचार : नौकरी, पेंशन व आश्रित हित का लाभ देने की मांग को लेकर एसएसबी गुरिल्लों ने शनिवार को नगर में रैली निकाली। तहसील परिसर में प्रदर्शन के बाद गुरिल्लों ने सीएम कैंप कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर शीघ्र अमल नहीं हुआ तो वह आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। संगठन के टनकपुर प्रभारी बलवंत कुल्याल ने कहा प्रदेश सरकार मांगों के समाधान को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने सभी गुरिल्लों से एकजुट रहने की अपील की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी, जिलाध्यक्ष ललित बगोली, मोहन खर्कवाल, शकुंतला देवी, पार्वती देवी, विमला पाटनी, कविता देवी, धना देवी, कुंदन सिंह, धन सिंह, सूरज सिंह महर, माया अधिकारी, योगेंद्र चन्द, हेम चंद्र भट्ट मौजूद रहे।

भुम्वाड़ी में चोरों ने खंगाली तीन दुकानें

लोहाघाट, अमृत विचार : पाटी ब्लॉक के भुम्वाड़ी गांव में चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर नगदी और सामान पर हाथ साफ कर लिया। पीड़ित दुकान स्वामियों ने अज्ञात चारों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप दी है।

ग्राम प्रधान दीपक भट्ट ने बताया कि गुरुवार रात चोरों ने ओमकार उपाध्याय की दुकान का ताला तोड़ दिया। जबकि मुकेश भट्ट और भाष्कर जोशी की दुकान के ताले और दीवार तोड़ दी। तीनों दुकानों से चोर सामान और नगदी ले गए हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष देवेन्द्र बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लोगों से पूछताछ की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी है। शीघ्र चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा। इधर ग्रामीणों ने चोरी की घटना पर चिंता जताते हुए पुलिस से शीघ्र खुलासे की मांग की है।

पैनेशिया एक्सपो में छाए उत्तराखंडी उत्पाद

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड ने 29 फरवरी से 2 मार्च तक विश्व व्यापार केंद्र, मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित पैनेशिया के तहत 11वें प्राकृतिक उत्पाद एक्सपो इंडिया में भाग लिया। उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड ने एक्सपो में राज्य की समृद्ध जैव विविधता पर जोर देते हुए औषधीय पौधों की विविध श्रृंखला का प्रदर्शन किया।

इसके अलावा, उत्तराखंड बांस और रेशा विकास बोर्ड; उत्तराखंड ऑर्गेनिक कमोडिटी बोर्ड, हैवप्योर ब्रांड नाम के तहत उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन परियोजना, बुदेरा हिमालयन क्राफ्ट्स एंड ग्राम्याश्री के किसान उत्पादन संगठन के उत्पाद, हिमाद्री ब्रांड नाम के तहत उत्तराखंड हथकरघा और हस्तशिल्प विकास परिषद और उत्तराखंड के प्रसिद्ध देहरादूनी बासमती चावल और बेरीनाग चाय को बिक्री के लिए प्रदर्शित किया गया। उत्तराखंड के स्टॉल ने औषधीय पौधों को कानूनी रूप से प्राप्त करने में सहयोग की मांग करने वाले व्यापारियों, निर्यातकों और ग्राहकों का ध्यान आकर्षित किया। राज्य के किसानों से प्राप्त उत्तराखंड के उत्पादों की प्रामाणिकता और गुणवत्ता को उजागर किया ताकि भविष्य में विभिन्न एफपीओ और विकास केंद्रों से संभावित थोक ऑर्डर प्राप्त हों। पैनेशिया 2024 में भागीदारी ने उत्तराखंड को अपने प्राकृतिक संसाधनों और अद्वितीय उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के लिए मूल्यवान मंच प्रदान किया है। उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड ने मंच प्रदान करने के लिए पैनेशिया 2024 के आयोजकों का आभार जताया।

मुंबई में आयोजित एक्सपो में उत्तराखंडी उत्पादों की जानकारी लेते लोग। ● अमृत विचार

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मिलेगी पहचान

देहरादून : पैनेशिया प्राकृतिक उत्पाद एक्सपो इंडिया उत्तराखंड के लिए अपनी समृद्ध जैव विविधता और अद्वितीय उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के लिए एक अमूल्य मंच प्रदान करता है। इस तरह के आयोजनों में भागीदारी न केवल नेटवर्किंग और सहयोग के अवसरों को सुविधाजनक बनाती है, बल्कि उत्तराखंड की पेशकशों की दृश्यता और विपणन क्षमता को भी बढ़ाती है। एक अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उत्तराखंड के प्राकृतिक संसाधनों और उत्पादों को प्रस्तुत करके, राज्य वैश्विक व्यापारियों, निर्यातकों और ग्राहकों का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहा। इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला। एक्सपो ने उत्तराखंड के उत्पादों को वैश्विक दर्शकों के लिए विज्ञापन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सीएम ने देखा मिशन सिलक्यारा नाटक

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार सायं दूरदर्शन केंद्र के समीप स्थित संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में मिशन सिलक्यारा नाटक का अवलोकन किया। मदन मोहन सती की मूल कृति 'नायक से जननायक'पर आधारित 'मिशन सिलक्यारा'नाटक के माध्यम से सिलक्यारा के श्रमिकों के संघर्ष को संजीदगी के साथ प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री ने डॉ. सुवर्ण रावत को इस नाटक के आलेख, परिकल्पना एवं निर्देशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह नाटक निश्चित रूप से मानवीय अनुभवों को समझने में भी मददगार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न संस्थानों, सेना के जवानों, रेट माइनर्स और राज्य सरकार के समेकित प्रयासों से हम सुरंग में फंसे मजदूरों का जीवन बचाने में हम सफल हो पाए।

उत्तर प्रदेश

शाकिब ने कराई थी व्यापारी से लूट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई व्यापारी से ढाई लाख की लूट का पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शनिवार की अपराह्न खुलासा कर दिया। इस मामले में तीन आरोपी पकड़े गए हैं। लूटी गई रकम से 174370 रुपये, दो बाइकें और तमंचे भी मिले हैं।

गंज थाना क्षेत्र के शुतरखाना निवासी जावेद शम्सी उर्फ गुड्डू बुधवार को सिविल लाइन और अजीतपुर के दुकानदारों से वसूली कर घर जा रहे थे। शाहबाद गेट से कुछ पहले वह अमरूद खरीदने के लिए वहां रुक गए थे। इस दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास आकर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए थे। बैग में वसूली किए हुए ढाई लाख रुपये थे। इस मामले में तहरीर के आधार पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर दो युवकों को पकड़ लिया। पुलिस उन्हें थाने ले आई। सख्ती से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने अजीतपुर निवासी मोहम्मद शाकिब को भी उठा लिया। पुलिस ने तीनों से पूछताछ की।

शनिवार को एसपी ने सिविल लाइन थाने में घटना की खुलासा किया। बताया कि जावेद शम्सी की जान पहचान के दुकानदार शाकिब ने लूट करवाई थी। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसका चालान कर दिया गया। पुलिस को उनके पास से 174370 रुपये व घटना में प्रयुक्त दो बाइकें आरोपी मोहम्मद शाकिब के पास से एक तमंचा, एक कारतूस मिला है। उसे आश्रम पद्धति कट के पास से गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए आरोपियों में नोमान पुत्र हशरत अली निवासी पक्का बाग दाल मील के पास थाना गंज, अहद मियां पुत्र रिजवान मियां निवासी मोहल्ला घेर मुबारक शाह खां निकट दाल मील थाना गंज, मोहम्मद शाकिब पुत्र नवाब जान निवासी नई बस्ती मदीना मस्जिद अजीतपुर शामिल हैं।

कर्जदार हो गया था दुकानदार मोहम्मद शाकिब

सूत्रों की माने तो दुकानदार मोहम्मद शाकिब का कारोबार सही नहीं चल रहा था। वह काफी लोगों का कर्जदार हो गया था। व्यापारी के उसके ऊपर 90 हजार रुपये थे। इसमें उसने 45 हजार रुपये देकर ही सामान भिजवाने की बात कही थी। इसके बाद जावेद शम्सी की रेकी शुरू की थी। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर बुधवार देर शाम शाहबाद के निकट घटना को अंजाम दिया। लूट के बाद रुपये बांटने भी तय हो गए थे।

कार पर गिरा ओवरलोड ट्रक, बैंक मैनेजर की मौत

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

अमृत विचार : रामपुर की ओर से आ रहा ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर गिर गया। जिससे कार सवार पंजाब एंड सिंध बैंक के शाखा प्रबंधक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस के मुताबिक हेमंत सिंह राणा रामपुर के बोहत कस्बे में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में शाखा प्रबंधक हैं। बैंक का कार्य समाप्त करके घर डिफेंस कॉलोनी थाना इज्जतनगर कार से आ रहे थे। बिलवा पुल के पास उन्होंने जौ लेकर जा रहे ट्रक को ओवर टेक करते कार को आगे निकालने की कोशिश की। इतने में ओवर लोड ट्रक लहराते हुए कार के ऊपर गिर गया। राहगीरों ने भोजीपुरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कार के ऊपर से आनन फानन में बोरियों को हटवाया और किसी तरह क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया। इसके बाद घायल हेमंत सिंह राणा को कार की खिड़की काटकर निकाला और तुरंत राममूर्ति मेडिकल कॉलेज भोजीपुरा भेज दिया। जहां उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

हादसा

- ट्रेन - रामपुर से ड्यूटी करके आ रहे थे हेमंत राणा
- इज्जतनगर के डिफेंस कॉलोनी में रहते थे प्रबंधक

ओवरलोडिंग में किया खड़ी कार का चालान

बरेली, अमृत विचार : रामपुर में ट्रैफिक पुलिस ने बरेली में खड़ी कार का ओवरलोडिंग में चालान कर दिया। कार मालिक के मोबाइल पर जब चालान का मेसेज पहुंचा तो वह हैरान रह गए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है।

बांसमंडी निवासी शौमी सिराज ने बताया कि एक मार्च को उनकी कार घर में खड़ी थी। शाम को करीब सात बजे उनके मोबाइल पर मेसेज पहुंचा तो पता चला कि कार का चालान रामपुर यातायात पुलिस ने किया है। यही नहीं पुलिस ने कार का चालान ओवरलोडिंग में किया है, जैसे कार नहीं ट्रक हो। ढाई हजार के चालान की जानकारी मिलने पर उन्होंने बरेली और रामपुर पुलिस को एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की है। शिकायत के बाद अब वेबसाइट पर चालान नहीं दिख रहा है।

सार-संक्षेप

इंस्टाग्राम पर दोस्ती करके किया दुष्कर्म

बरेली : प्रेमनगर थाना क्षेत्र निवासी युवती ने बदायूं के युवक पर इन्स्टाग्राम पर दोस्ती करके उत्तराखंड घुमाने ले जाने के बहाने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर जेवर भी हड़प लिए और मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के मुताबिक छह महीने पहले इन्स्टाग्राम से उसकी दोस्ती बदायूं के लालपुल निवासी जुबैर सैफी से हो गई। दोस्ती के बाद आरोपी एक दिन उसे उत्तराखंड घुमाने ले गया। वहां जबरन दुष्कर्म किया और कहा कि वह पीड़ित से शादी करेगा। जरूरत बताकर आरोपी ने सोने के कड़े, एक जोड़ी सोने की झुमकी और दो सोने की अंगूठी लें ली। पीड़िता ने फोन करके आरोपी के पिता सलीम मियां, भाई खुर्रम सैफी और बहनों से कहा तो उन्होंने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर प्रेमनगर पुलिस ने जुबैर सैफी, सलीम मियां, खुर्रम और बहनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मंडल के सभी जिलों में हुई वर्षा, मकान की छत गिरी

मुरादाबाद : शुक्रवार देर शाम से शनिवार तक दिन भर तेज हवा के साथ सभी जिलों में वर्षा हुई। इससे गेहूं, मटर और सरसों की फसलों की नुकसान हुआ है। उधर, रामपुर के बिलासपुर क्षेत्र के गांव बवनपुरा में शम्मू खां पुत्र मुन्ने खां के कच्चे मकान की छत गिर गई। शनिवार सुबह वह अपने परिवार के साथ अपने मकान में थे। जिससे परिजन बाल-बाल बच गए।

80 लाख की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रामपुर : बाईपास स्थित होटल जमीदारान में शनिवार शाम बरेली एसटीएफ और सिविल लाइन पुलिस ने बिहार निवासी गुड्डू और भोट के रहने वाले आरोपी साहब सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस दोनों को सिविल लाइन ले आई, यहां पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा किया, दोनों के पास से करीब चार किलो अफीम मिली है।

टैंकर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, मौत

अमरोहा : नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव पीलाकुंड के पास शुक्रवार देर रात खेड़ा गांव निवासी हारिस (26) और उसके दोस्त मोहम्मद नदीम (30) को टैंकर चालक ने कुचल दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। भागने के प्रयास में टैंकर चालक बाइक और हारिस को साढ़े तीन किलोमीटर दूर तक घसीटता हुआ ले गया। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर किया हमला

अमरोहा : झगड़ा निपटाने पहुंची पुलिस टीम पर आरोपियों ने लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। चारों तरफ से घिरने के बाद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह गांव से भाग कर अपनी जान बचाई। बाद में थाने से अतिरिक्त फोर्स बुलाकर हालात पर काबू पाया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने छह नामजद समेत 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव उमरपुर की है। यहां रहने वाले बब्बू की शादी नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा निवासी युवती के साथ हुई थी। दंपती में विवाद चल रहा है। शुक्रवार को किसी ने महिला की आत्महत्या करने की झूठी सूचना मायके में दे दी। इसके बाद मायके पक्ष के लोग उसकी ससुराल पहुंच गए। बातचीत के दौरान दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। सूचना पर थाने से दरोगा व पुलिसकर्मी भी आ गए। इस दौरान पुलिस के सामने ही बाइकों में तोड़फोड़ कर दी गई। दोनों पक्षों ने लाठी-डंडे वह लोहे की रॉड से पुलिस कर्मियों पर ही हमला कर दिया। जानकारी मिलते ही अतिरिक्त फोर्स भेजी गई। इसके बाद पुलिस ने हालात पर काबू पाया। पुलिस तीन हमलावरों गांव उमरपुर निवासी बबलू, नाजिम, शहाबुद्दीन और इमामुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य मौके से भाग गए।

मायावती के भतीजे आकाश को मिली 'वाई प्लस' सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के पहले बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे केंद्र सरकार का तोहफा बताया जा रहा है।

केंद्र सरकार ने धमकियों और खतरे को लेकर आकाश आनंद को यह सुरक्षा दी है। बताया गया है कि मायावती के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद से ही उन पर खतरा बढ़ गया था। हाल ही में राज्यसभा चुनाव में बसपा के एक मात्र विधायक उमा शंकर सिंह भाजपा के साथ खड़े नजर आये थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। इस पर कांग्रेस ने बसपा को भाजपा की बी टीम बताया था। सपा और इंडिया गठबंधन के नेता मायावती को पहले ही भाजपा व केंद्र सरकार की सहयोगी बताते रहे हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी बसपा इंडिया गठबंधन में शामिल न होकर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। ऐसे में आकाश आनंद को वाई प्लस सुरक्षा देने पर विपक्ष के आरोपों को बल मिला है। आकाश को वाई प्लस सुरक्षा एक महीना पहले ही मिल गई थी। शुक्रवार को जब वह फरीदाबाद गए, तब ये बात सामने आई।

बिजली अभियंता और कर्मियों को धुना, मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की जांच करने पहुंचे अवर अभियंता बिजली और उनके साथियों की ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। इस मामले में बिजली विभाग के अधिकारियों ने थाने पहुंचकर पुलिस कर्मियों को जानकारी दी। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

खाना बनाते समय फटा गैंस सिलेंडर, सात झुलसे

अमरोहा, अमृत विचार : बुरावली में शुक्रवार देर शाम शादी के मढ़े का खाना बनाते समय गैंस सिलेंडर फट गया। जिससे शीशराम, परवीन और ओमपाल समेत सात लोग झुलस गए। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फ्रांस की राजनयिक का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : फ्रांस की राजनयिक ओलिविया बेलेमेरे दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को नूर महल पहुंचीं। उनके साथ भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी माथौ की सोशल सेक्रेट्री नारायणी हरि गोविंदन भी आई हैं। दोनों का नूर महल में पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने स्वागत किया।

श्रीलंका स्थित फ्रांस के दूतावास की सांस्कृतिक एवं सहयोग सलाहकारओलिविया बेलेमेरे ने शनिवार को पूर्व मंत्री नवेद मियां के साथ रजा लाइब्रेरी का अवलोकन किया। लोहारू कलेक्शन समेत लाइब्रेरी में पांडुलिपियां भी देखीं। राजनयिक ने खासबाग पैलेस, गांधी समाधि और इमामबाड़ा किला भी देखा। उन्होंने नवेद मियां और बेगम नूरबानो से रामपुर के इतिहास और कला, संस्कृति पर बातचीत की। ऐतिहासिक धरोहरों की प्रशंसा की। राजनयिक से चर्चा के दौरान नवेद मियां ने केरल के कोडियार शाही स्नान परिवार की पूयम थिरुनल गौरी पार्वती बाई को फ्रांसीसी सरकार द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खान, आरिफ खां, राजा खां, आसिम एजाज, अल्तमश खां, दय्यान खां, जैद रजा, औसाफ मोहम्मद खां आदि मौजूद रहे।

पूर्व सांसद नूरबानो के साथ फ्रांस की राजनयिक ओलिविया बेलेमेरे व अन्य।

टीएमसी का अर्थ तू, मैं और करप्शन है: मोदी

प्रधानमंत्री ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, टीएमसी ने किया पलटवार

कृष्णानगर/कोलकाता, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का अर्थ अब हो गया है-''तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार)।'' उन्होंने ''केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने'' और ''भ्रष्टाचार एवं पक्षपात'' की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने कहा, ''टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है।

बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा- आज हम विकसित पश्चिम बंगाल की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं। कल, मैंने 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। इनमें रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम समेत अन्य विकास परियोजनाएं शामिल थीं। मोदी ने कहा मैं आज फिर 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहा हूं।

बिहार : मोदी ने 21,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रतनवा गांव में एक आधिकारिक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र वी अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-ज्ञान की भूमि बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं औरंगाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं। औरंगाबाद ने कई स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है।

बारामती में नमो रोजगार मेले में शामिल हुए शरद पवार

बारामती। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार शनिवार को बारामती में 'नमो रोजगार मेला 2024' के उद्घाटन के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ मौजूद थे। बारामती पवार का गढ़ माना जाता है। शरद पवार का नाम इस रोजगार मेले के लिए आमंत्रित व्यक्तियों की सूची में शुरू में शामिल नहीं था लेकिन इसमें राकांपा संस्थापक की मौजूदगी ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। शरद पवार ने इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस तथा अजित पवार को अपने आवास पर भोजन के लिए बुलाया। वहीं शिंदे और फडणवीस ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देकर भोजन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

यूपी से भाजपा के इन उम्मीदवारों के नामों का एलान

लोकसभा चुनाव: 2024

-वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी
-कैराना से प्रदीप कुमार
-मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान
-नगीना से ओम कुमार
-रामपुर से घनश्याम लोधी
-संभल से परमेश्वर लाल सैनी
-अमरोहा से कंवर सिंह तंवर
-गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा
-बुलंदशहर से भोला सिंह
-मथुरा से हेमा मालिनी
-आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल
-फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर
-एटा से राजवीर सिंह (राजू भैया)
-आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप
-शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर
-खीरी से अजय मिश्रा टेनी
-धौरहरा से रेखा वर्मा
-सीतापुर से राजेश वर्मा
-हरदोई से जय प्रकाश रावत
-मिश्रिख से अशोक कुमार रावत
-उन्नाव से साक्षी महाराज
-मोहनलालगंज से कौशल किशोर
-लखनऊ से राजनाथ सिंह
-अमेठी से स्मृति ईरानी
-प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता
-फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत
-इटावा से राम शंकर कठेरिया
-कन्नौज से सुब्रत पाठक
-अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह "भोले"
-जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा
-झांसी से अनुराग शर्मा
-हमीरपुर से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
-बांदा से आरके सिंह पटेल
-फतेहपुर से निरंजन ज्योति
-बाराबंकी से उपेंद्र रावत
-फैजाबाद से लल्लू सिंह
-अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय
-श्रावस्ती से साकेत मिश्रा
-गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह
-डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल
-बस्ती से हरीश द्विवेदी
-संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद
-महराजगंज से पंकज चौधरी
-गोरखपुर से रवि किशन
-कुशीनगर से विजय कुमार दुबे
-बांसगांव से कमलेश पासवान
-लालगंज से नीलम सोनकर
-आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ
-सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा
-जौनपुर से कृपा शंकर सिंह
-चंदौली से महेंद्र पांडेय।

एक नजर

केयी पानयोर बना अरुणाचल प्रदेश का 26वां जिला

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी से अलग करके केयी पानयोर को राज्य का 26वां जिला बनाया गया है। न्यीशी समुदाय के लोग नए जिले की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इस जिले का मुख्यालय टेर गापिन-सैम सार्थ में होगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य की जनता को नया जिला बनने की बधाई दी और कहा कि केयी पानयोन जिले के गठन से विकास और प्रगति के नए युग की शुरुआत होगी।

महाराष्ट्र में खड़ी ट्रेन के कोच में आग लगी

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे यार्ड में खड़ी एक ट्रेन के खाली डिब्बे में आग लग गयी। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई से करीब 70 से 80 किलोमीटर दूर बदलापुर के रेलवे यार्ड में खड़ी ट्रेन के डिब्बे में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर आग लगी। उन्होंने बताया कि रेल करजात जाने वाली पटरी पर खड़ी हुई थी। प्रवक्ता ने बताया, ''रेल का डिब्बा आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।

त्रिपुरा की समस्याओं के समाधान के लिए हुआ त्रिपक्षीय समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री शाह की उपस्थिति में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर

त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को टिपरा मोथा और त्रिपुरा तथा केंद्र सरकारों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

शाह ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है, पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत, त्रिपुरा के मूल लोगों के इतिहास, भूमि और राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई। शाह ने कहा, ''मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की रक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी।'' गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा और सभी आदिवासी दलों ने रचनात्मक भूमिका निभाई है और त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने भी इस समझौते के प्रति ईमानदारी से काम किया है। त्रिपुरा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन को टिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है। टिपरा मोथा, राज्य और केंद्र सरकारों के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर यहां नॉर्थ ब्लॉक में हस्ताक्षर किए गए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर में सद्भाव को आगे बढ़ाने वाले एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''त्रिपुरा के आर्थिक विकास, भूमि अधिकार और स्वदेशी लोगों की पहचान से संबंधित मुद्दों को हल करने वाले त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में शांति और सीमा से संबंधित 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे और टिपरा मोथा के साथ लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वोत्तर के लिए यह आखिरी समझौता है।

अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा।

उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था।

तमिलनाडु में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

चेन्नई। चेन्नई के निकट चेंगलपट्टू के एक मकान में संभवतः रसोई गैस गैस लीक होने की वजह से आग लगने के कारण एक परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बच्चों की मां भी इस घटना में गंभीर रूप से झुलस गई है और उसका यहां किलपौक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग संभवतः गैस लीक होने के कारण लगी। उन्होंने बताया कि बिहार से आए इस परिवार के पास एक गैस चूल्हा था जो जमीन पर रखा था और मकान में कोई खिड़की नहीं थी।

ठाणे में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं समेत सात लोग गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में अमीर बनने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अनुष्ठान करने की आड़ में कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी स्वयंभू बाबा समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ठाणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रैकेट की जांच राबोडी से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने और अपहरण का मामला दर्ज किए जाने के बाद शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जांच में 25 फरवरी को असलम खान और सलीम शेख नाम के दो लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिन्होंने पुलिस को मुख्य आरोपी साहेबलाल वजीर शेख उर्फ यूसुफ बाबा के बारे में बताया, जिसे कुछ समय बाद पकड़ लिया गया।

हमारे पास फुटेज हैं, जिनकी मदद से होगी गिरफ्तारी

मैसुरु/बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उनकी गिरफ्तारी में आसानी से होगी। सिद्धारमैया ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। बाद में मुख्यमंत्री ने रामेश्वरम कैफे जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

सिद्धारमैया ने मैसुरु में संवाददाताओं से कहा-विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से 'रवा इडली' खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्धरमैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा-हम अपराधी को ढूंढ़ लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढ़ लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलुरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है।

वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण यह घटना हुई। विपक्ष की इस आलोचना को लेकर सवाल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा-उनके समय में बम विस्फोट हुए थे, मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ था, क्या वह भी तुष्टीकरण था?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कोई आतंकवादी कृत्य है, मुख्यमंत्री ने कहा-जांच जारी है। जांच में जो सामने आएगा हम उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि पुलिस रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

बेंगलुरु के रेस्तरां में हुए विस्फोट का मामला

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले-सारी गतिविधियां कैमरों में दर्ज

कारोबार/कृषि

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11000, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**- डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

गूगल ने स्टार्टअप को प्ले स्टोर से हटाया, तलब

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-भारतीय एप को हटाने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ एप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय एप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है।

आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय 'मैट्रिमोनी' एप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, ''भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है... हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए एप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा कि मैंने पहले ही गूगल से बात की है... मैंने उन एप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

मैंने गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है: चंद्रशेखर

इस संबंध में आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को दबाने वाले गूगल के प्रभुत्व के बारे में चिंताओं को जाहिर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि क्या मौजूदा मुद्दा प्रभुत्व की स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने कहा-मैंने अतीत में गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है। यह भारत में 90 प्रतिशत से अधिक एप पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करता है। हमें चिंता है कि उनका प्रभुत्व प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को रोकता है। स्टार्टअप के खिलाफ इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और सरकार की कुछ वैध चिंताएं हैं। वहीं गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों।

अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी की शुरुआत की

नई दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) की शुरुआत की। उन्होंने साथ ही इस निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को एटीएम सुविधा देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड जारी करने, समाशोधन प्रणाली और एसएलआर (वैधानिक तरलता अनुपात) सीमा बनाए रखने के लिए खुद को उन्नत बनाना चाहिए। आरबीआई ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। इस मौके पर शाह ने कहा कि 20 साल बाद एनयूसीएफडीसी की स्थापना हुई है। यह वक्त की मांग है।

रोबोटिक सर्जरी में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआरएसए के अध्यक्ष बोले-यह रोगियों के लिए फायदेमंद

रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी (आरएएस) भारत में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है, जिसने नरम टिश्यू सर्जरी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। रोबोटिक प्रणालियों की सटीकता और निपुणता के साथ, सर्जन बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और रोगियों के लिए कम रिकवरी समय प्राप्त कर सकते हैं।

हालांकि हाल के दिनों में सर्जनों द्वारा ऐसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हुई है, लेकिन बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीकी प्रगति के लिए और अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। क्लिनिकल रोबोटिक सर्जरी एसोसिएशन (सीआरएसए) के प्रमुख रोबोटिक सर्जनों ने ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि इसे देश भर के सभी योग्य रोगियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

सीआरएसए के अध्यक्ष डॉ. विवेक बिंदल, ने कहा, "आरएएस एक उन्नत तकनीक है, जो रोगियों के लिए फायदेमंद है। यह बेहतर परिणाम, न्यूनतम पहुंच लाभ और चिकित्सक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आरएएस में अपने वर्षों के अनुभव से, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि आरएएस के रोगियों के लिए कई फायदे हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	73,150
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	65,150
गिन्नी (प्रति नग)	48,500-48,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	720 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,700
चांदी आभूषण	72,900।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

विशेष लाइव कारोबार में सेंसेक्स निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। जीडीपी का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने किसी बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 249.35 अंक या 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 73,994.70 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन में यह 80.8 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,419.55 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

भारत ने अत्यधिक गरीबी को कर दिया खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- अर्थशास्त्री ने अपने शोध के अनुसार किया खुलासा

एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक 'द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन' के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला और करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया।

दोनों प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने लेख में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2011-12 के बाद से वास्तविक प्रति व्यक्ति खपत 2.9 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण वृद्धि 3.1 प्रतिशत और शहरी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया कि इस दौरान शहरी और ग्रामीण असमानता में भी अभूतपूर्व गिरावट आई है। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, जबकि ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 रह गई। गिनी सूचकांक आय वितरण की असमानता को दर्शाता है। अगर यह शून्य है तो इसका अर्थ है कि समाज में पूरी तरह समानता है। लेख में कहा गया है कि असमानता विश्लेषण के इतिहास में यह गिरावट अभूतपूर्व है। लेख में कहा गया है कि उच्च वृद्धि दर और असमानता में बड़ी गिरावट ने मिलकर भारत में गरीबी को खत्म कर दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर एक प्रतिशत रह गई।

चेन्नई सुपर किंग्स का अभ्यास शुरू

इंडियन प्रीमियर लीग

चेन्नई, एजेंसी



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे।

तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के अधिकारी ने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंचा है। कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर ने शुक्रवार को खिलाड़ियों के पहले बैच के आने की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) थे। चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के बीच से हट गए थे और फिर द. अफ्रीका के दौरे से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था। उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास के दौरान खुद को फिट घोषित किया था। बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें शुक्रवार को जामनगर में पत्नी साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी के शादी पूर्व कार्यक्रम में देखा गया था। चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करेगी।

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतना सपने के सच होने सा था: मनप्रीत

भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर ने कहा- 41 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद 2020 में पदक जीतना सुखद और यादगार

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा कि 41 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद 2020 में टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतना सबसे सुखद और यादगार था। पंजाब के मीठापुर के मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने परिवार के भरण-पोषण के साधन के रूप में हॉकी खेलना शुरू किया और उन्होंने नहीं सोचा था कि वह भारतीय टीम का हिस्सा बन जाएंगे।

मनप्रीत ने 10 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में 350 मैच खेला था। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के पहले मैच में भारत ने स्पेन से मुकाबला किया था। मनप्रीत ने कहा कि टोक्यो में 2020 ओलंपिक खेलों में कांस्य जीतना सपने के सच होने जैसा था, हमने जर्मनी को 5-4 से हराया था। मनप्रीत ने 2014 में कोरिया में 17वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना था। भारत ने शूटआउट में पाकिस्तान को 4-2 से हराया था। मिडफील्डर का सबसे यादगार पल ग्लासगो, स्कॉटलैंड में राष्ट्रमंडल खेल 2014 में रजत जीतना था। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 0-4 से हार से भारत स्वर्ण से चूक गया। बांग्लादेश में 2017 में पुरुष एशिया कप में भारत ने फाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराकर स्वर्ण जीता था। मनप्रीत ने अब तक 44 गोल किए हैं, लेकिन वह एशियन गेम्स हांगझू 2022 के फाइनल में जापान के खिलाफ अपने गोल को सूची में सबसे ऊपर मानते हैं। मनप्रीत के गोल के बाद, जापान पर 5-1 से जीत पाई और पेरिस ओलंपिक के लिए योग्यता अर्जित की।

अनुभव के साथ नकारात्मक चीजों से दूर रहना सीखा: श्रीजेश

नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कहा कि उन्होंने अनुभव के साथ नकारात्मक विचारों से दूर रहना सीख लिया है, जिससे उन्हें बड़े मैचों में गोल पोस्ट पर मुस्तैद रहने में मदद मिलती है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी कर रहे श्रीजेश का इशारा गोलकीपर के काम के लिए कम सराहना मिलने की ओर था। प्राइम वॉलीबॉल लीग फ्रेंचाइजी बेंगलुरु टॉरपीडोज के मुख्य कोच डेविड ली से बातचीत के दौरान श्रीजेश ने कहा कि कभी-कभी यह ऐसी जिम्मेदारी होती है, जिसकी सराहना नहीं की जाती है। मैंने अगर 10 गोल बचाए और एक गोल खाया, तो हर किसी को वह गलती याद रहेगी। मैंने इन चीजों को स्वीकार कर लिया है और मैं इसके साथ आगे बढ़ गया हूं। इस पेशे ने मुझे दबाव और आलोचना से निपटने में मदद की है। श्रीजेश ने कहा कि गोलकीपर का काम मानसिक होता है। एक खिलाड़ी होने के नाते, हम समझते हैं कि हम किसी मैच में कैसे शामिल होना चाहते हैं। एक गोलकीपर होने के नाते, मैं सिर्फ पीछे खड़ा हूं और मेरा खेल मेरे दिमाग में है।

खेल डायरी

प्राग मास्टर्स: भारत के तीनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रॉ खेली

प्राग, एजेंसी। भारत के तीनों खिलाड़ियों आर प्रज्ञानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञाननंदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुयेन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे। गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे जबकि गुजराती पोलैंड के माट्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। चौथे दौर में किसी भी बाजी का परिणाम नहीं निकला और इस तरह से खिलाड़ियों की स्थिति में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ। ईरान के परहम माघसूदलू ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा जबकि रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ बाजी ड्रॉ खेली। चौथे दौर के बाद अब्दुसत्तारोव और माघसूदलू अब संभावित चार में से तीन अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश और रापोर्ट ढाई-ढाई अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह प्रज्ञानंदा, नवारा, दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं। बार्टेल एक अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

एलेक्स और कैस्पर में होगा खिताबी मुकाबला

मैक्सिको ओपन

अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने से मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

जेसिका पेगुला सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में

सैन डिएगो, एजेंसी। जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा, जिन्होंने 2022 की उपविजेता डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया। यह एक साल से भी कम समय में नवारो का टूर स्तर पर पांचवां सेमीफाइनल होगा।

मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका

पेरिस, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही। इस मैच में अंक बांटने के बाद पीएसजी ने दूसरे नंबर पर काबिज ब्रेस्ट पर कुल बढ़त 12 अंक की कर दी है। वह मोनाको से 13 अंक आगे है।

देशपांडे और शार्दुल की गेंदबाजी के आगे तमिलनाडु 146 रन पर सिमटी

रणजी सेमीफाइनल

दिन खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी



तुषार देशपांडे (24 रन पर 3) और शार्दुल ठाकुर (48 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 146 रन पर आउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बना लिए। मुंबई पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके 8 विकेट बचे है। स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी 1 रन बनाकर क्रीज पर थे। कुलदीन सेन ने पृथ्वी साव (5) को जबकि किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया। तमिलनाडु के कप्तान बीसाई किशोर का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उलटा पड़ गया क्योंकि बीकेसी मैदान में तेज गेंदबाजों को स्विंग जबकि स्पिनरों को टर्न मिल रहा था। तमिलनाडु ने 17 रन तक 4 और 42 रन तक 5 विकेट गंवा दिए थे। विजय शंकर (44) और वाशिंगटन सुंदर (43) ने छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर ने पारी की चौथी गेंद पर बीसाई सुदर्शन को पगबाधा किया।

अवस्थी ने तमिलनाडु के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एन जगदीशन (4) को शॉट लेग पर मुशीर के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी के लिए आए देशपांडे ने प्रदोष रंजन पॉल, आर साई किशोर को आउट कर तमिलनाडु को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम का स्कोर अभी 42 रन ही था कि बाबा इंद्रजीत ने देशपांडे की गेंद को तनुष कोटियान के हाथों में खेल दिया। लंच के सत्र से पहले और बाद में शंकर और वाशिंगटन ने मुंबई के गेंदबाजों का सामना किया। शंकर ने देशपांडे की गेंद पर कुछ चौके लगाए। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाने ने गेंद फिर शार्दुल को थमाई और इस गेंदबाज ने शंकर की 109 गेंद में 8 चौके की मदद से 44 रन की पारी को खत्म किया। दूसरी स्लिप में शम्स मुलानी ने उनका कैच लपका। शंकर के आउट होने के बाद वाशिंगटन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। मोहम्मद (17) ने शार्दुल के ओवर में 3 चौके लगाए। मुशीर ने मोहम्मद को पगबाधा किया जबकि कोटियान ने अजित राम (15) को चलता किया। वाशिंगटन कोटियान का दूसरा शिकार बने।

मप्र ने विदर्भ को पहले दिन 170 रन पर रोका

नागपुर, एजेंसी

आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने शनिवार को रणजी सेमीफाइनल के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर समेट दिया। मप्र के लिए आवेश ने 49 रन देकर 4 विकेट लिए, कुलवंत खेजरोलिया ने 38 और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर 2-2 विकेट लिए। मप्र ने स्टंप तक पहली पारी में 1 विकेट गंवाकर 47 रन बना लिए थे वह अब 123 रन पीछे है।

वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिए हुए थी कि मप्र ने दिन में कुल 56.4 में स्पिनरों से 2.4 ओवर डलवाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट लिया। वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे। विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिक सके, जिन्होंने 105 गेंद में 9 चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। तेज गेंदबाज आवेश ने ध्रुव शोरे (13 रन) के स्टंप उखाड़ दिया। विदर्भ ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम के लिए बड़ी भागीदारी अर्थव तायडे (39 रन, 8 चौके) और अमन मोखाडे (13 रन, 75 गेंद) के बीच 36 रन की रही। कर्नाटक के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शतक जड़ने वाले तायडे (63 गेंद) अय्यर की गेंद पर विकेटकीपर हिमांशु मंत्री को कैच दे बैठे। विदर्भ के लिए सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले करूण उतरे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला और आवेश ने मोखाडे को आउट कर दिया। मेजबान टीम ने 5 रन के अंदर यश राठौड़ और कप्तान अक्षय वाडकर के विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोर 5 विकेट पर 106 रन हो गया। विदर्भ की 200 रन तक पहुंचने की उम्मीद भी तब खत्म हो गयी जब करूण खेजरोलिया की गेंद पर बोल्ड हो गए।

यूएस ओपन में नहीं खेलेंगे मेसी

शिकागो, एजेंसी

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल 8 टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं। इसमें कुल 96 टीम भाग्य आजमाएंगी। ह्यूस्टन इसका मौजूदा चैंपियन है। उसने पिछले साल फाइनल में इंटर मियामी को 2-1 से हराया था। मेसी चोटिल होने से इस मैच में नहीं खेल पाए थे।

फिलिप्स ने लिए 5 विकेट, न्यूजीलैंड को 369 रन का लक्ष्य

न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 204 रन की बढ़त लेने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 3 विकेट पर 111 रन बनाए हैं और लक्ष्य से 258 रन पीछे है।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दूसरी पारी 2 विकेट पर 13 रन से शुरू की और 4 घंटे के अंदर सभी विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने पहली बार पारी में 5 विकेट लिया है। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (0) और एलेक्स कैरी (3) का विकेट लिया। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (56*) और डेरिल मिशेल (12*) पर है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सत्र में केन विलियमसन (9) का विकेट लेकर न्यूजीलैंड को झटका दिया। विलियमसन को नाथन लियोन ने पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने हेड की गेंद पर विल यंग (15) का कैच लिया। टॉम (8) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें लियोन ने विकेट के पीछे कैच कराया।

बॉलीवुड हलचल

समुद्री लुटेरों पर आधारित 'लुटेरे' की कहानी

मुंबई, एजेंसी। रजत कपूर, अमृता खानविलकर और आमिर अली-स्टारर वेब सीरीज 'लुटेरे' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। वेबसीरीज लुटेरे की कहानी सोमालिया के समुद्री लुटेरों पर आधारित है, जो भारतीय विमान पोत को निशाना बनाकर लूटपाट करते हैं। इंडियन नेवी उनके खिलाफ क्या एक्शन लेती है, यह सब कुछ वेब सीरीज में देखने को मिलेगा। टीजर की शुरुआत नाव पर सवार कुछ भारी हथियारों से लैस लोगों से होती है, जिन्हे 'हम करीब हैं' कहते हुए सुना जा सकता है। रजत कपूर नौसेना की वर्दी पहने हुए सीन में दिखाई देते हैं और दूरबीन से लोगों को देखते हैं। वीडियो जहाज पर गोलीबारी करने वाले लोगों के साथ समाप्त होता है। जय मेहता द्वारा निर्देशित वेब सीरीज लुटेरे का निर्माण शैलेश आर सिंह ने हंसल मेहता के साथ किया है। लुटेरे 22 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

खेसारी लाल की रंग दे बसंती का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म रंग दे बसंती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह और निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ रति पांडेय और डायना खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव फुल एक्शन में हैं। फिल्म में एक ओर वह जांबाज सैनिक के रूप में नजर आए हैं, जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है और वही दूसरी ओर यूनिवर्सिटी में युवा नेता के रूप में प्रभु श्रीराम का घोष बुलंद करते नजर आ हैं। निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि हमारी सोच थी कि इस फिल्म को जेनरिक थोड़ा अलग करें और आगे बढ़ें। अपर क्लास के हिसाब से इस फिल्म को हमने बनाया और साथ ही भोजपुरी के हर वर्ग के दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी, ऐसी उम्मीद है। फिल्म के गाने एक से बढ़कर एक होंगे। फिल्म में बॉलीवुड के बड़े कलाकारों की आवाज गानों में सुनने को मिलेगी।

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर: आकांशा रंजन

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर का कहना है कि दिल्ली उनके लिए दूसरा घर है और वह यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है। आकांशा रंजन कपूर ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया, जहां ढेर सारे प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एमिटी विश्वविद्यालय में उनकी यात्रा एक यादगार घटना में बदल गई क्योंकि छात्रों ने उनके आगमन पर खुशी मनाई, जिससे एक शानदार माहौल बन गया। उत्साही छात्रों द्वारा गर्मजोशी से किए गए स्वागत पर, आकांशा ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली मेरे लिए हमेशा विशेष रही है क्योंकि मेरी दादी और मेरे चचेरे भाई यहां रहते हैं। यह मेरे लिए दूसरा घर है और मैं यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हूं। मैं वास्तव में एमिटी यूनिवर्सिटी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और यहां दिल्ली में आकर यहां की सर्द सर्दियों का अनुभव लिया। मैं छात्रों के बीच आकर और उनकी जीवंत ऊर्जा में डूबने से बहुत रोमांचित था। भारी भीड़ को हूटिंग करते हुए देखकर, यह बस अद्भुत लगा। छात्रों के बीच रहना और उनके साथ बातचीत करना हमेशा बहुत अच्छा लगता है।

तमन्ना ने किए श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों बनारस में मौजूद हैं। उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। तमन्ना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया है। इन फोटो में वह वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान ज्योतिर्लिंग को स्पर्श करती हुईं दिखाई दे रही हैं।

फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में मुख्य भूमिका में होंगी सारा अली खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान मुख्य भूमिका है। ऐ वतन मेरे वतन की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐ वतन मेरे वतन पर एक अपडेट पोस्ट किया। वीडियो में करण जौहर ने भारत के कुछ भूले-बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है। करण जौहर कहते हैं, शेरशाह के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और राजी से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना के परिवार में शादी की। 21 मार्च को ऐ वतन मेरे वतन ऑन प्राइम में इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।

मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल करेंगे निर्देशन में डेब्यू

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का टीजर रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। कुणाल खेमू ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मडगांव एक्सप्रेस के लिए तैयार हो जाइए, पागलपन की विविधता के माध्यम से एक जंगली यात्रा। मडगांव एक्सप्रेस ट्रेलर 5 मार्च को आएगा। देखते रहिए। मडगांव एक्सप्रेस में नोरा फतेही, उपेन्द्र लिमये और छाया कदम भी हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में बचपन के तीन दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

जगमग हुआ जामनगर... प्री-वेडिंग में जुटीं हस्तियां

अनंत-राधिका

मुकेश अंबानी-नीता अंबानी बेटे आकाश और बहू के साथ

जामनगर। उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए जामनगर में शनिवार को मेहमानों का तांता लगा रहा। शहर मेहमानों में देश-दुनिया की राजनीति, कारोबारी, अभिनय, क्रिकेट से लेकर समाजसेवा में सक्रिय हस्तियों से जगमग रहा। समारोह में हॉलीवुड सिंगर रिहाना ने प्रस्तुति दी। नीता ने बताया कि परिवार का जामनगर से गहरा नाता रहा है। इसी कारण रीति-रिवाजों के साथ यहां प्री-वेडिंग का प्लान बनाया।

पत्नी के साथ मार्क जुकरबर्ग

क्रिकेटर डॉयने ब्रावो

पत्नी के साथ महेंद्र सिंह धोनी

डब्ल्यूटीओ: किसान-मछुआरों के हित की रक्षा में सफल रहा भारत

अबू धाबी, एजेंसी

- बैठक संपन्न होने के बाद पीयूष गोयल बोले-भारत पूरी तरह संतुष्ट

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक समाप्ति के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट है। इससे हमारे किसान व मछुआरों का हित कहीं से प्रभावित नहीं होगा और हम पहले की तरह उन्हें हर प्रकार का लाभ देते रहेंगे और नीतिगत रूप से भी हमें इसमें कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पहले की तरह किसानों से अनाज खरीदती रहेगी और उन्हें सब्सिडी भी देती रहेगी। मछुआरों को भी पहले की तरह सरकार की तरफ से मिलने वाली तमाम सुविधाएं व सब्सिडी जारी रहेंगी। पीयूष गोयल ने

कहा कि भारत गैर व्यापारिक मुद्दों को डब्ल्यूटीओ के मंच पर चर्चा के लिए आने से रोकने में सफल रहा।

चीन विकास के लिए निवेश सहमति पत्र पर तो यूरोप औद्योगिक नीति पर एमसी13 में चर्चा करना चाहता था। 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक अबूधाबी में एमसी13 का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कमोबेश हम जिस उद्देश्य के साथ अबूधाबी आए थे, उसे हमने प्राप्त कर लिया है और हम पूरी संतुष्टि के साथ वापस जा रहे है। हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य अपने किसान व मछुआरों की रक्षा करना था।

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के एमसी13 में पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएसएच) को लेकर स्थायी समाधान या विकसित देशों द्वारा मछुआरों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती जैसे किसी भी बड़े मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बनी सकी, लेकिन 2013 में डब्ल्यूटीओ के एमसी में सभी देशों ने पीस क्लाज पर हस्ताक्षर किए थे जिससे किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी को कोई चुनौती नहीं दी सकती है।

आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि में इजाफा

एमसी13 में ई-कामर्स के जरिए डिजिटल रूप में आने वाली वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि को फिर से दो साल के लिए बढ़ा दिया गया, जबकि भारत इस छूट को समाप्त करने के पक्ष में था। हालांकि, इस फैसले से डिजिटल रूप में विदेश से आने वाली किताब या फिल्म जैसे आइटम के महंगे होने की आशंका समाप्त हो गई।

दो देश नए सदस्य बने

भारत सीमा शुल्क छूट को हटाने के पक्ष में यह दलील दे रहा था कि एक संप्रभु देश के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने उद्योग के हित में जरूरत पड़ने पर सीमा शुल्क लगा सके। ई-कामर्स के जरिए डिजिटल उत्पादों के निर्यात में अधिकतर हिस्सेदारी विकसित देशों की है। एमसी13 में दो नए देश कोमोरोस और तिमोर-लेस्टे को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता दी गई। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों की संख्या 166 हो गई। 22 और देशों ने डब्ल्यूटीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

खाद्य आयात की विश्वसनीयता पर जापान-सिंगापुर का जोर

ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे देशों के केर्न्स समूह ने दावा किया है कि सार्वजनिक भंडार व्यवस्था बाजार को नुकसान पहुंचा रही है और कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। जापान और सिंगापुर जैसे खाद्य आयातक देश कृषि नीतियों में विश्वसनीयत पर जोर दे रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने निवेश सुविधा पर चीन के नेतृत्व वाले एक प्रस्ताव को भी खारिज किया। दोनों देशों ने कहा कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर है।

एक नजर

भारतवंशी हेली ने प्रचार अभियान में 1.2 करोड़ डॉलर चंदा जुटाया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार भारतवंशी निक्की हेली के प्रचार अभियान दल ने फरवरी में 1.2 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाए जाने की घोषणा की है। रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में हेली को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी टक्कर मिल रही है और वह अभी तक एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाई हैं लेकिन हेली का कहना है कि वह तीसरी पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलीय के तौर पर चुनाव में उतरने के बारे में नहीं सोच रहीं और वह पूरी तरह से रिपब्लिकन नेता हैं।

बलूचिस्तान को मिला नया सीएम सरफराज का हुआ निर्विरोध चयन

कराची। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का निर्विरोध नया मुख्यमंत्री चुना गया है। दरअसल, बुगती ने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीपीपी टिकट पर प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक संघीय आंतरिक मंत्री से इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ राजनेता को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का भी समर्थन मिला था, जब वह शुक्रवार को विधानसभा सचिव ताहिर शाह के साथ अपना नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे थे।

गाजा में अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की गई जान

गाजा। हमास ने शनिवार को कहा कि गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 30 हजार के पार हो गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली सेना ने 92 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि 156 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 15 की मौत दीर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में हुई हैं। इजराइल ने हवाई हमले से दो घरों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि गाजा शहर में अल-जायतून, ताल अल-हवा, अल-सबरा और अल-दराज के पड़ोस पर हवाई हमलों में दस लोग मारे गए।

ईरान के संसदीय चुनाव में कट्टरपंथियों ने बनाई बढ़त

दुबई। ईरान में संसदीय चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद राजधानी तेहरान में जारी शुरुआती मतगणना में कट्टरपंथियों ने बढ़त बना ली है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि तेहरान में 5,000 मतपत्रों में से 1,960 की अब तक गिनती हुई है। इसने प्रति घंटे अद्यतन की जा रही गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक कुल मतदान प्रतिशत जारी नहीं किया है। हालांकि, इरना ने अनाधिकारिक रिपोर्ट के आधार पर इसे 41 प्रतिशत बताया है। कट्टरपंथियों का पिछले दो दशकों से संसद में वर्चस्व रहा है।

चुनाव धांधली: दूसरा देश पाकिस्तान को जांच के लिए हुक्म नहीं दे सकता

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा ने अमेरिका के निर्देश को मानने से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच करने के अमेरिका के निर्देश को खारिज कर दिया है। कहा कि, पाकिस्ताान बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा। दरअसल अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई कथित धांधली की पूरी निष्पक्षता और पार्दर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए।

अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के निर्देश को मानने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि 'कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है।' मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि 'पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में फैसले करने का अधिकार हमारा है।' दरअसल पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी चुनाव में कथित धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। बता दें, अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। अमेरिका के इस बयान पर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिक्रिया दी। इमरान खान की पार्टी पीटीआई चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। हालांकि पाकिस्तान के चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार ने पीटीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि जिस भी पार्टी को चुनाव नतीजों पर शंका है, उनके लिए कानूनी कार्यवाही का विकल्प खुला है।

इमरान को कोर्ट ने हिंसा से जुड़े 4 मामलों में दी अंतरिम जमानत

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में अंतरिम जमानत दी है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। इमरान खान अभी कई मामलों में पंजाब प्रांत के रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पिछले साल नौ मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने एक दर्जन से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। इनमें रावलपिंडी में सेना मुख्यालय, फैसलाबाद में इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की इमारत, मियांवाली एयरबेस, जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस) शामिल हैं। पीटीआई संस्थापक की जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार को आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश अरशद जावेद ने सुनवाई की। द इंटरनेशनल के मुताबिक उन्होंने नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत दे दी।

अमेरिका में भारतीय डांसर की गोली मारकर हत्या, जांच की मांग

न्यूयॉर्क/सूरी। कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचुपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने इसकी जानकारी एक्स पर दी और विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की जांच की मांग की है।

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमरनाथ घोष की हत्या पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा 'मिसौरी के सेंट लुइस में मृतक अमरनाथ घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भट्टाचार्जी के कहा, 27 फरवर की शाम को घोष टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात हमलावरों ने उनकी गोलीमार कर हत्या कर दी। बता दें कि घोष वाशिंगटन विवि से नृत्य में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) की पढ़ाई कर रहे थे।

शनिवार को गुवाहाटी में फेरी टर्मिनल का शिलान्यास करते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

सीएए का विरोध करने वाले शीर्ष कोर्ट जाएं: सीएम हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

- बोले- असम में शांति भंग करना ठीक नहीं

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इस कानून का विरोध करने वालों को शीर्ष अदालत में जाना चाहिए। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, एक वर्ग सीएए का समर्थन कर रहा है। उनमें एक मैं भी हूं। लेकिन उसी समय असम में कई लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं।

हमें दोनों के नजरिए को देखना होगा। हमें सीएए का समर्थन या विरोध करने पर किसी की आलोचना नहीं करनी चाहिए। जो सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें असम में शांति भंग करने के बजाए सर्वोच्च न्यायालय में जाना चाहिए। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता पाने में आसानी होगी। बशर्ते ऐसे अल्पसंख्यक 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। इससे पहले भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति का कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के तहत इस नियम को आसान बनाया गया है।

मणिपुर: हिंसा में विस्थापित लोग भी कर सकेंगे मतदान

इंफाल, एजेंसी

- राहत शिविरों में बनेगा विशेष केंद्र, चुनाव आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है।

चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए। वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। विस्थापित मतदाता अभी भी उन स्थानों पर नामांकित है, जहां वे हिंसा से पहले रह रहे थे। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों को राज्य में संबंधित विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया जाना जारी रहेगा। बयान में बताया गया कि इन विशेष मतदान केंद्रों पर मतदान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग ईवीएम का उपयोग करके आयोजित किया जाएगा। विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से जारी हिंसा के कारण करीबन 50 हजार लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए थे।

लाहौल स्पीति फिर बंद...

शिमला : हिमाचल प्रदेश में शनिवार को चेतावनी के बीच ऊंचे क्षेत्रों में भारी बारिश व बर्फबारी बर्फबारी हुई। अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्या, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में दो इंच तक ताजा हिमपात हो चुका है। इससे अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा सड़कें बंद है। मौसम विभाग ने शनिवार को चंबा, लाहौल स्पीति, कुल्लू शिमला और किन्नौर में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। ● एजेंसी

अमेरिका से जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ, अंतिम मुहर आज

वाशिंगटन, एजेंसी

- दो मार्च को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति नहीं कराई गई दर्ज

अमेरिका से भारत को जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस में 31 एमक्यू-9 बी सी-गार्डियन ड्रोन भारत को देने पर डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है।

मीडिया के अनुसार, दो मार्च तक सांसदों को आपत्ति देनी थी, लेकिन सांसदों से संबंध मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। अब कांग्रेस से तीन मार्च को अंतिम मुहर लगने के बाद कोई संवैधानिक बाधा नहीं आएगी। गौरतलब है कि, ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, वायु-समुद्री युद्ध में काम आएंगे। ड्रोन पैकेज की लागत 33,069 लाख करोड़ रुपये है।

एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगा ड्रोन

ये ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे। इसके अलावा 35 एलउ रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट, 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें, 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगी।

अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों की मिसाइल की तबाह

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों के हमले को नाकाम किया है और सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल को तबाह कर दिया। अमेरिकी सेना के यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर बताया कि 1 मार्च को खुद के बचाव में की गई कार्रवाई में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की मिसाइल को निशाना बनाया गया।

अमेरिकी सेना ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन में अपने प्रभाव वाले इलाके लाल सागर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट को निशाना बनाने के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैनात की हुई थी। इस खतरे को भांपते हुए अमेरिकी सेना की यूएस सेंट्रल कमांड ने इस मिसाइल को निशाना बनाकर तबाह किया।

इस्लामी अतिवादी फैला रहे चरमपंथी जहर: ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुनक की भावुक अपील, बोले-विभाजनकारी ताकतों से मिलकर सामना करेंगे

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील की है। उन्होंने बताया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने के लिए तैयार है। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए पीएम सुनक ने कहा कि ब्रिटेन का स्थाई मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों का स्वागत करता है।

सुनक ने कहा, जो आप्रवासी यहां आए हैं उन्होंने संपूर्ण रूप से अपना योगदान दिया है। उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है। उन्होंने ऐसा अपनी पहचान छोड़े बिना किया है। ब्रिटिश पीएम ने आगे कहा, आप मेरी तरह एक हिंदू और ब्रिटिश नागरिक हो सकते हैं, या एक धर्मनिष्ठ मुसलमान और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं। या एक

समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है। ब्रिटिश पीएम ने कहा, मुझे डर है कि दुनिया में सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारे प्रयास को कमजोर किया जा रहा है। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो हमें तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। ब्रिटेन के सांसदों के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर ब्रिटेन में निकाले गए मार्च के दौरान हिंसा के बाद प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी की है।

विज्ञान कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड ने की खोज, तीनों हमारे बाहरी सौर मंडल के दो ग्रहों की करे रहे हैं परिक्रमा

यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खगोलविदों ने यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज की है। इस खोज के बाद यूरेनस के 28 और नेपच्यून के चंद्रमा की संख्या 16 हो गई है। यह खोज जमीन आधारित दूरबीनों से हुई है। पिट्सबर्ग, पेंसिल्वेनिया स्थित कार्नेगी साइंस ने खोजे गए नए चंद्रमाओं की जानकारी दी है।

इन चंद्रमाओं में यूरेनस का एक और नेप्च्यून के दो उपग्रह शामिल हैं। ये तीनों चंद्रमा हमारे बाहरी सौर मंडल के दो विशाल ग्रहों की परिक्रमा कर रहे हैं। खोजकर्ता कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड के अनुसार खगोलविदों ने यूरेनस और नेप्च्यून के आसपास के क्षेत्र के 5 मिनट के दर्जनों एक्सपोजर लिए। जिसमें उन्हें कुछ अंधेरी रातों में करीब चार घंटे का समय लगा। यूरेनस के नए चंद्रमा का अस्थायी नाम एस/2023 यू1 रखा गया है।


यूरेनस व नेप्च्यून के नए चंद्रमाओं की तस्वीर।

इसका वास्तविक आकार लगभग 8 किमी है, जो खोज की इस उपलब्धि की महत्ता का संकेत देता है। क्योंकि यूरेनस पृथ्वी से लगभग 2 अरब मील की दूरी पर स्थित है। इस चंद्रमा को यूरेनस की एक परिक्रमा करने में लगभग 680 दिन लगते हैं।

चिली में कार्नेगी साइंस के लास कैम्पानास वेधशाला में मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग करके इस नए यूरेनस के चंद्रमा का पता लगाया। खोजकर्ता वैज्ञानिक शेपर्ड ने नेप्च्यून के चंद्रमाओं का पता लगाने के लिए मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग किया। जिसमें एक का नाम एस/2002 एन 5 रखा है।

यह लगभग 14 मील चौड़ा है और नौ वर्ष में नेपच्यून की परिक्रमा करता है। नेप्च्यून के दूसरे नए चंद्रमा का नाम एस /2021 एन1 रखा गया है। यह नौ मील चौड़ा है और हर 27 साल में नेपच्यून की परिक्रमा करता है।

चंद्रमाओं को गुरुत्वाकर्षण शक्ति खींच लाई

वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी कक्षाएँ इस बात का संकेत हैं कि ये छोटे चंद्रमा यूरेनस और नेपच्यून के साथ पैदा नहीं हुए थे। बल्कि युरेनस व नेप्च्यून की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इन्हें अपनी ओर खींच लाई। तीनों चंद्रमाओं की झुकी हुई कक्षा इसका ठोस सबूत है।

अमेरिका: दो साल में हिन्दी भाषा पढ़ाने वाले स्कूल दस गुना बढ़े

वाशिंगटन, एजेंसी

- हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच ने कहा- 12 विवि में हिन्दी के अलग विभाग बने

अमेरिका में हिन्दी का दबदबा बढ़ रहा है। पिछले दो साल के दौरान अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर हिन्दी विषय पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या दस गुना बढ़ गई है। अब 90 स्कूलों में हिन्दी के कोर्स चल रहे हैं। वहीं हिन्दी के छात्रों की संख्या भी बढ़कर 14 हजार हो गई है।

बता दें, मशहूर सिलिकॉन वैली के सरकारी स्कूलों में अगस्त से हिन्दी वैश्विक भाषा कोर्स शुरू होगा। पहली बार हिन्दी को वैश्विक भाषा का दर्जा दिया गया है। अमेरिका में हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच के अनुसार डलास और ह्यूस्टन समेत डेढ़ दर्जन शहरों के स्कूलों में अगले सत्र से हिन्दी के विषय शुरू होंगे। हार्वर्ड, येल, प्रिंस्टन जैसे 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अलग विभाग संचालित किया जा रहा है। दो साल पहले तक अमेरिका के 6 विश्वविद्यालयों में ही हिन्दी का विभाग संचालित होता था। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने बताया है कि अमेरिका में भारतीयों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी में हिन्दी के प्रति लगाव का बड़ा कारण हिन्दी को भाषा के रूप में पढ़ने के बाद मिलने वाले भविष्य में बहुत सारे विकल्प खुलेंगे।

कुछ भारतीय कंपनियां हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी के शिक्षकों की मांग बढ़ रही है। अमेरिका की पहली हिन्दी पाठ्य पुस्तक 'नमस्ते जी' के लेखक अरुण प्रकाश का कहना है कि स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों को प्रति सप्ताह 40 हजार रुपए मिलते हैं। ऐसे में शिक्षकों का रुझान बढ़ रहा है।